

पाक सरकार से बातचीत को राजी हुए इमरान
p15

WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स



सोनाक्षी और जहीर की संगीत सेरेमनी 19 जून को
p6

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesgroup.com पर जाएं।

नई दिल्ली › गुरुवार, 13 जून 2024 › ज्येष्ठ 23, शक संवत 1946, ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी, विक्रम संवत 2081 | वर्ष 78, संख्या 141 › पेज 16 › मूल्य 5.00 या 10.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित | www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT Lens समझिए खबरों के अंदर की बात

खबरों का पर्सपेक्टिव यानी NBT लेंस देखें पेज 4, 5, 12, 14 और 15

**t20 वर्ल्ड कप**

आज के मैच

वेस्टइंडीज Vs न्यूजीलैंड
सुबह 6 बजे से

बांग्लादेश Vs नीदरलैंड
रात 8 बजे से

इंग्लैंड Vs ओमान
रात 12:30 बजे से

प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स, डिज्नी हॉटस्टार पर

# टैंकर माफिया पर क्या कार्रवाई की गई: SC

## जलसंकट पर दिल्ली सरकार से सुप्रीम कोर्ट के तीखे सवाल | कोर्ट ने कहा, सरकार ऐक्शन नहीं लेगी तो पुलिस से कहेंगे

Rajesh.Choudhary@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** पानी की किल्लत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से सवाल किया कि आपने टैंकर माफिया के खिलाफ क्या एक्शन लिया? पानी की बर्बादी रोकने और टैंकर माफिया के खिलाफ क्या कदम उठाए? आपने टैंकर माफिया पर एक्शन नहीं लिया तो हम दिल्ली पुलिस से कहेंगे कि वह उनके खिलाफ एक्शन ले।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि पानी की सप्लाई टैंकर से हो सकती है तो फिर पाइपलाइन से क्यों नहीं हो सकती। अगर बिजली चोरी को रोकने के लिए सख्त कानून है तो फिर पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कानून क्यों नहीं होना चाहिए? शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि अगर पानी हिमाचल प्रदेश से आ रहा है तो दिल्ली में ये पानी जा कहां रहा है। पानी टैंकर में जा रहा है लेकिन वही पानी पाइपलाइन में नहीं है। हर चैनल में ऐसे दृश्य हैं कि टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। पानी की चोरी हो रही है और लोग परेशान हो रहे हैं। इस पर अगर दिल्ली सरकार एक्शन नहीं लेगी तो हम मामले को दिल्ली पुलिस के हवाले कर देंगे ताकि वह टैंकर माफिया से निबट सके। हम इस मामले में पुलिस से एफआईआर दर्ज करने के लिए भी कह सकते हैं।

**कोर्ट बोला, पुलिस से FIR करने को कह सकते हैं**

सुप्रीम कोर्ट ने 6 जून को दिल्ली में पानी की किल्लत से निजात दिलाने के लिए आदेश पारित किया था। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया था कि वह हिमाचल द्वारा दिल्ली के लिए रिलीज किए जाने वाले जल को बिना बाधा के दिल्ली के लिए छोड़े। पानी पर कोई राजनीति न हो। पेज 5

“अगर पानी हिमाचल से आ रहा है तो दिल्ली में जा कहां रहा है। लोग परेशान हैं। टैंकर माफिया पर एक्शन न लिया तो हम दिल्ली पुलिस से कहेंगे। – सुप्रीम कोर्ट





**पानी रे पानी... :** जल संकट के बीच बुधवार को दिल्ली के अशोक नगर इलाके में लोग टैंकर से पीने का पानी लेते हुए नजर आए।

### हिमाचल सरकार से भी किया सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार की भी खिंचाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने पहले 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन बाद में कहा कि बैराज में पहले से पानी प्रवाहित किया जा चुका है। पहले के बयान के आधार पर हमने आदेश पारित किया था। अगर आप पहले से ही पानी छोड़ रहे थे तो गलत बयान क्यों दिया जा रहा है।

### चोरी रोकने को पुलिस टीम बनाएं LG: आतिशी

दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने LG विनय सक्सेना को पत्र लिखकर मांग की कि मुनक नहर से पानी चोरी करने वाले टैंकर माफिया पर नजर रखने के लिए एसीपी स्तर के पुलिस अफसर को नियुक्त किया जाए। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम बने, जो मुनक नहर की रोजाना पट्रोलिंग करे। आतिशी ने जल बोर्ड अफसरों और माफिया के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया।

# कुवैत में भीषण आग

## 42 भारतीयों समेत 49 की मौत



■ **पीटीआई, दुबई :** कुवैत के मंजफ शहर की एक इमारत में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 42 भारतीय हैं। मरने वाले बाकी लोग पाकिस्तान, फिलीपींस समेत बाकी दूसरे देशों के हैं। अधिकतर लोगों की मौत सोते समय धुएं के कारण दम घुटने से हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इमारत में आग की लपटें देखकर वे डर गए थे। एक शख्स ने पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। बालकनी के किनारे से टकराकर उसकी मौत हो गई। जिस इमारत में आग लगी, उसमें एक कंपनी के कर्मचारियों का आवास था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह को कुवैत रवाना कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर एक उच्चस्तरीय मीटिंग की और मृत भारतीय नागरिकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की। पेज 15

**मृत भारतीयों के परिजनों को पीएम ने 2-2 लाख देने की घोषणा की**

“मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**50** से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती हैं

**21%** भारतीय हैं कुवैत की कुल जनसंख्या में

**30%** भारतीय वर्कफोर्स मौजूद है कुवैत में

### घर में आग लगी, 2 बच्चों समेत 5 मौतें

लोनी के बेहटा हाजीपुर में बुधवार देर रात को एक मकान में आग लग गई। हादसे में दो बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घर के निचले हिस्से में फोम तैयार करने का काम होता था। पेज 3

## फटाफट खबरें

### लालकिला हमले में दोषी की दया याचिका खारिज

24 साल पुराने लालकिला हमले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मौत की सजा को बरकरार रखा था। इस हमले में घुसपैठियों ने 22 दिसंबर 2000 को लालकिला परिसर में तैनात 7 राजपूताना राइफल्स की यूनिट पर गोलीबारी की थी, जिसमें तीन सैन्यकर्मी मारे गए थे। पेज 3

### इस्लामिक देश बनाने की साज़िश रची PFI ने:HC

बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्रतिबंधित संगठन PFI के तीन सदस्यों को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को 2047 तक इस्लामिक देश में बदलने की साजिश रची थी और सरकार को आतंकित करने का प्रयास किया था। कोर्ट ने रजी अहमद खान, उनैस उमर खैय्याम पटेल और कय्यूम अब्दुल शेख की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं और कहा कि उनके खिलाफ सबूत हैं।

### अखिलेश ने करहल असेंबली सीट छोड़ी

■ **एनबीटी, लखनऊ:** SP अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुने जाने के बाद बुधवार को करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। अखिलेश यादव के साथ-साथ फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद ने भी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे दिया। प्रसाद ने फैजाबाद सीट पर बीजेपी के लल्लू सिंह को हराया था। उधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं दुविधा में हूं कि मुझे वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी सीट छोड़नी चाहिए। राहुल गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।



# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 से

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**18वीं लोकसभा** का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई तक चलेगा। इसका मुख्य अजेंडा नई लोकसभा का गठन, सदस्यों का शपथ ग्रहण और स्पीकर का चुनाव है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने बताया कि सत्र के पहले तीन दिन सदन के चुने गए नए सदस्य शपथ लेंगे। उसके बाद स्पीकर का चुनाव किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 27 जून को लोकसभा, राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और पांच साल के लिए नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा देंगी। उसी दिन PM संसद के दोनों सदनों में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का परिचय कराएंगे। लोकसभा 24 जून से बैठेगी। राज्यसभा 27 जून से मिलेगी। पेज 8

## आंध्र प्रदेश और ओडिशा में शपथ ग्रहण



**चंद्रबाबू नायडू आंध्र के CM**
तेलुगु देशम पार्टी (TDP) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ वह इस अंदाज में नजर आए।



**माझी ने संभाला ओडिशा**
आदिवासी नेता और चार बार के MLA मोहन चरण माझी ने ओडिशा के पहले BJP मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। समारोह में PM नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए।

**हैपी मॉर्निंग**

**गोलू ने** लालकिला जाते वक्त पता पूछने के लिए बाइक रोकी। **गोलू (एक राहगीर से):** Excuse me! मुझे लालकिला जाना है। **गोलू:** हां तो जा न भाई! ऐसे हर किसी को बताते-बताते जाएगा तो पहुंचेगा कब?

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | 72,200 (+250) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | 91,500 (+800) |

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,606.57 (+149.98) |
| निफ्टी | 23,322.95 (+58.10) |
| रु/यूएस डॉलर | 83.54 (-0.04) |
| रु/यूरो | 89.83 (-0.01) |

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 44.7 (+5) |
| न्यूनतम | 28.5 (+1) |
| सूर्यास्त गुरुवार | 7:20 बजे |
| सूर्योदय शुक्रवार | 5:23 बजे |

# T20 में US को शिकस्त, सुपर-8 में पहुंचा भारत



अर्शदीप सिंह



सूर्यकुमार यादव

■ T20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में भारत ने बुधवार को अमेरिका को 7 विकेट से हराकर जीत की हैटट्रिक पूरी कर ली है।

■ इसके साथ ही भारतीय टीम सुपर-8 में पहुंच गई। अमेरिका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन का स्कोर खड़ा किया था।

■ जवाब में टीम इंडिया ने सूर्यकुमार यादव की नाबाद फिफ्टी से 10 गेंद रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया। शिवम दुबे ने नाबाद 31 रन बनाए।

■ अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 9 रन पर 4 विकेट झटक अश्विन का रेकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर 4 विकेट लिए थे।

### NEET में नकल के केस, पेपर लीक नहीं

■ **विस, नई दिल्ली:** NEET-UG परीक्षा को लेकर आरोपों से घिरे NTA के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि पेपर लीक नहीं हुआ है और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पवित्रता से कोई समझौता नहीं किया गया है। अधिकारियों ने ये दावा भी किया कि एग्जाम में अनुचित साधनों के इस्तेमाल से नकल के 63 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 23 को परीक्षा से वंचित कर दिया गया है। ग्रेस मार्क्स पर रिपोर्ट गुरुवार को आ सकती है। पेज 2




### रिटेल महंगाई 12 महीनों में सबसे कम

■ **विस, नई दिल्ली:** मई महीने में कंस्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित रिटेल महंगाई 12 महीने के निचले स्तर पर आ गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मई में खुदरा महंगाई दर सालभर पहले के मुकाबले 4.75 फीसदी रही। अप्रैल में 4.83 फीसदी और मार्च में 4.85 फीसदी थी। सालभर पहले मई में 4.31% थी। खाने-पीने की चीजों की महंगाई खास नहीं घटी। मई में फूड इंफ्लेशन 8.69% रही। अप्रैल में 8.7% थी। पेज 10



**मुठभेड़** ऑपरेशन के दौरान दो आतंकी ढेर, CRPF का जवान शहीद, एक नागरिक भी घायल

# J&K: चार दिनों में चार हमले, रियासी के बाद कठुआ और डोडा में भी आतंकियों का अटैक

■ आईएएनएस, जम्मू

रियासी में रविवार को हुए आतंकी हमले के बाद मंगलवार और बुधवार को आतंकियों ने एक बार फिर धावा बोला। इस बार उनका निशाना कठुआ और डोडा इलाके बने, हालांकि अलर्ट सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। इस दौरान CRPF का एक जवान शहीद हो गया। शहीद जवान की पहचान 121 बटालियन के कांस्टेबल कबीर दास के रूप में हुई है। कठुआ और डोडा जिलों में मंगलवार से बुधवार रात तक चली मुठभेड़ के बाद सेना आतंकियों की तलाश में खोजी अभियान चला रही है। ADGP आनंद जैन ने बताया कि सबसे पहले मंगलवार को कठुआ के हीरानगर में आतंकियों ने हमला किया। बुधवार तक मुठभेड़ चली, जिसमें दो आतंकी मारे गए, एक जवान शहीद हो गया। पेज 10



कठुआ के हीरानगर में बुधवार को जवान पोजिशन लिए हुए नज़र आए।

### डोडा में दो बार धावा बोला

■ **डोडा** में आतंकियों ने मंगलवार देर रात राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर फायरिंग कर दी। इसमें चार जवान घायल हुए। बुधवार देर शाम डोडा में ही आतंकियों ने सर्च पार्टी पर फिर फायरिंग की जिसमें एक जवान घायल हुआ।

### आतंकियों ने घरों में लोगों से पानी मांगा था

कठुआ के हीरानगर में दो आतंकी कई घरों के दरवाजे पर पहुंचे और पानी मांगा। शक होने पर ग्रामीणों ने शोर मचाया तो उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक नागरिक घायल हो गया, जो खतरे से बाहर है। वहीं, मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों से ग्रेनेड, IED, M4 कार्बाइन आदि चीजें मिली हैं। उधर, पुलिस ने रियासी हमले में शामिल एक आतंकी का स्केच जारी किया है।



आतंकी का स्केच





हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिन शहरों का तापमान सबसे तेजी से बढ़ रहा है, उसमें दिल्ली-एनसीआर चौथे नंबर पर है। गर्मी बढ़ने की 60 प्रतिशत वजह शहरीकरण है | 4



**900** करोड़ रुपये खर्च करेगी दिल्ली सरकार दिल्ली के सभी गांवों का कायाकल्प करने के लिए

# दिल्ली : महानगर

| नवभारत टाइम्स | नई दिल्ली | गुरुवार, 13 जून 2024



कार्तिक आर्यन का कहना है कि वह अपनी फीस घटाने के लिए तैयार हैं | 6

**211** रहा दिल्ली का AQI बुधवार को। लगातार दूसरे दिन राजधानी का प्रदूषण स्तर खराब रहा

www.delhi.nbt.in

न्यूजीलैंड को अगर टी20 वर्ल्ड कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी | 14



# ‘आए, बैठे, खाए-पिए, खिसके’ ऐसे डेटिंग स्कैम से रहें सतर्क

Vishal.Sharma3@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** ‘आए, बैठे, खाए, पीए, खिसके’, पुरानी कहावत भी है और 1969 की मशहूर फिल्म ‘एक श्रीमान एक श्रीमती’ का गाना भी। कुछ इसी तर्ज पर दिल्ली समेत देश के बड़े महानगरों में तेजी से फैल रहा है एक्सटॉर्शन का नया वर्जन ‘डेटिंग स्कैम’। जहां रेस्तरां बार में पहली मुलाकात 20 से 40 या 80-90 हजार बिल अदायगी के साथ पूरी होती है। उसके बाद ‘टाटा, बाय-बाय’। ठीक ठाक पॉजिशन की जॉब या बिजनेसमैन प्रोफाइल के युवा डेटिंग-चैटिंग ऐप के जरिए फंस रहे हैं। यह स्कैम हाल ही में सुर्खियों में आया जब दिल्ली के एक पत्रकार के अलावा अनेकों युवाओं ने अपनी आपबीती न सिर्फ सोशल मीडिया पर शेयर की बल्कि उन रेस्तरां, होटल्स, बार के रिव्यू सेक्शन में भी स्कैम से ग्राहकों को आगाह किया।

**महानगरों में तेज़ी से बढ़ रहा है डेटिंग स्कैम**

### कैसे फंसते हैं स्कैम में युवा

टिंडर बम्बल जैसे लोकप्रिय डेटिंग ऐप पर दोस्त की तलाश करने वाले लोग, खासकर युवा इसके शिकार हो रहे हैं। पहले युवा ऐप पर चैटिंग करते हैं। इसके बाद AI जनरेटेड फेक प्रोफाइल से लेडी स्कैमर एक अच्छे दोस्त की तलाश की कहानी गढ़कर बात आगे बढ़ाती है। दोनों एक दूसरे से नंबर एक्सचेंज करते हैं और बात के सिलसिले को और आगे बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे यह चैटिंग रोमांस तक पहुंच जाती है। जब लगता है कि अटूट भरोसा बन चुका है तो पास के किसी महंगे क्लब, रेस्त्रां में मिलने का प्लान किया जाता है।

AI Image



**किस एरिया में सबसे ज्यादा फ्रॉड के केस**

जीटीबी नगर, मुखर्जी नगर, राजौरी गार्डन, पंजाबी बाग, राज नगर, साकेत, महरौली, द्वारका और पीतमपुरा।

### कैसे होता है डेटिंग स्कैम

**केस 1** *ऐप के जरिए एक लड़की से संपर्क हुआ। उसने 10 अप्रैल को वट्सएप मैसेज कर विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन, गेट नंबर 3 पर शाम 6 बजे मिलने बुलाया। लड़की उसे मुखर्जी नगर के क्लब में लेकर पहुंची। उसने जबरन पहले तो हुक्का, फिर 60 एमएल के अनेकों शॉट्स, महंगी सिगरेट का पैकेट, खाना मंगाया। वेटर भी लड़की के कहने पर ज्यादा क्वांटिटी में परोस रहा था। आखिर में 21,500 का बिल आया। लड़के ने इतने बिल पर हैरानी जताई तो वहां तैनात बाउंसरों ने बदसलूकी की। लड़के ने एफडी तोड़कर बिल दिया। उसके बाद लड़की जल्दबाजी का बहाना बनाकर वहां से चली गई। लड़के ने कॉल मैसेज किया। मगर कोई रिस्पॉन्स देना बंद कर दिया।*

**केस 2** *पत्रकार की डेटिंग ऐप बंबल पर एक युवती से मुलाकात हुई। पहली बार डेट पर गए। वह उसे राजौरी गार्डन के एक बार में ले गई जहां उसने अपने लिए ड्रिंक्स का ऑर्डर दिया। चूंकि पत्रकार ड्रिंक नहीं लेते थे, उनके लिए रेड बुल मंगवाई। हुक्का, 2-3 ग्लास वाइन, एक वोडका शॉट, चिकन टिक्का और एक पानी की बोतल का बिल 15,886 का थमा दिया। बिल तो भर दिया। मगर उसके बाद युवती भी संपर्क से गायब हो गई।*

**दिल्ली पुलिस की सलाह**

IFSO (इंटेलिजेंस फ्यूजन ऐंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन) यूनिट के DCP हेमंत तिवारी ने NBT के जरिए पब्लिक को सलाह दी है कि ऐप पर अनजान लोगों पर बिना वेरिफाई किए भरोसा न करें। यह एक्सटॉर्शन या चीटिंग की कैटेगरी में आता है। पहले लोग कॉमन प्लेस पर मिलते थे। आजकल वर्चुअल स्पेस में मिलते हैं। इसी की आड़ में डेटिंग स्कैम शुरू हुआ है। चूंकि इसमें 1 लाख या 50 हजार लिमिट की चीटिंग/एक्सटॉर्शन होता है, लोग पुलिस में शिकायत करने से कतराते हैं।

**टिप्स**

- किसी भी ऐप पर अनजान पर तुरंत भरोसा न करें
- अनजान को वेरीफाई करने से पहले निजी जानकारी शेयर न करें
- बुलाने पर अनजान जगह पर जाने से बचें
- कॉमन प्लेस पर ही जाएं, फूड रेस्टोरेंट चेन वाली जगह पर जाएं
- किसी तरह की कोई फाइनेंशियल इन्फर्मेशन, जैसे डेबिट-क्रेडिट कार्ड नंबर वगैरह शेयर न करें

# कंझावला केस: गैरमौजूदगी पर IO के खिलाफ जारी हुआ वॉरंट

Prachi.Yadav@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** कार के नीचे बेरहमी से कुचले जाने से जान गंवाने वाली अंजलि को इंसाफ कब मिलेगा? 2023 के कंझावला हिट एंड रन मामले में मुकदमे की रफ्तार को देखकर यह सवाल उठ रहा है। मामले में गवाहों के तेजी से परीक्षण के लिए अदालत तो हर बार तैयार बैठी दिखी, पर कभी अहम गवाह, कभी स्पेशल पीपी तो कभी जांच अधिकारी कार्यवाही से नदारद मिले। इससे नाराज अदालत ने इस बार अपना गुस्सा जांच अधिकारी के खिलाफ वॉरंट जारी कर जाहिर किया।

एडिशनल सेशन जज राजेंद्र कुमार ने 6 जून को आईओ/इंस्पेक्टर रजनीश कुमार के खिलाफ 5 हजार रुपये का जमानती वॉरंट जारी किया और संबंधित डीसीपी के जरिए इस पर तामील कराने का निर्देश दिया। 18 अप्रैल को मामले की सुनवाई के दौरान आईओ ने अदालत को जानकारी देते हुए कहा था कि उनका सुल्तापनुरी पुलिस थाने से ट्रांसफर हो गया है। हालांकि, 29 मई को जब मामला सुनवाई के लिए आया तो एडिशनल पीपी गीता बंसीवाल ने अदालत से कहा कि गवाहों के परीक्षण के लिए जांच अधिकारी की मौजूदगी जरूरी है, क्योंकि उस दिन आईओ गैरमौजूद थे और इस वजह से गवाहों को बिना परीक्षण वापस भेजना पड़ा था।

इससे पहले अदालत को गवाहों के बयान दर्ज करने में तब दिक्कत महसूस हुई जब उसने पाया कि इस मामले में एडवोकेट अतुल श्रीवास्तव को स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्त किया गया है और वह पिछली कई सुनवाइयों से गैरहाजिर हैं। अदालत ने इस पर संबंधित प्राधिकार के संज्ञान में लाने को कहा। इससे पहले मुख्य चश्मदीद गवाह निधि की गैरमौजूदगी कार्यवाही पर ब्रेक लगा रही थी। अदालत को पिछले डेढ़ साल से इस केस की एफएसएल रिपोर्ट का भी इंतजार है। गवाहियों के लिए अदालत ने 23 अगस्त और 31 अगस्त की तारीखें तय की हैं। चार गवाहों को समन किया गया है।

**इंसाफ कब?**

- कभी अहम गवाह, कभी स्पेशल पीपी तो कभी जांच अधिकारी नदारद रहे
- कोर्ट ने आईओ के खिलाफ 5 हजार रुपये का जमानती वॉरंट जारी किया



## 9 लाख ट्यूलिप से महकेगी दिल्ली

■ **प्रस, नई दिल्ली:** नई दिल्ली एरिया का लुटियंस जोन अगले साल 9 लाख ट्यूलिप फूलों से महकेगा।

एलजी विनय कुमार सक्सेना ने एनडीएमसी अफसरों को अगले साल के लिए 9 लाख ट्यूलिप खरीदने का आदेश दिया है। अगले साल ट्यूलिप एनडीएमसी एरिया के सभी 52 गोल चक्कर, नए बने पार्लियामेंट और प्रमुख सड़कों के किनारे लगाया जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को एलजी ने एनडीएमसी अधिकारियों की मीटिंग बुलाई थी। अफसरों ने एलजी से कहा कि 3.25 लाख ट्यूलिप बल्ब एनडीएमसी खरीदेगा, 4 लाख डीडीए खरीदेगा, 2.5 लाख सीएसआईआर इंस्टीट्यूट उपलब्ध कराएगा।

## जापान से आया ब्लड, तब बची गर्भ में बच्चे की जान

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**एक महिला** 8 बार गर्भवती हुई, लेकिन हर बार भ्रूण की पेट में ही एनीमिया की वजह से मौत हो रही थी। मां और बच्चे का ब्लड ग्रुप मैच नहीं हो रहा था। बच्चे का ब्लड ग्रुप ओडी फेनोटाइप (OD-Phenotype) था, जो बहुत रेयर है। 9वीं बार एम्स में इलाज हुआ और दुनियाभर में तलाश के बाद जापान वाले तैयार हुए। ब्लड को देश में लाने का खर्च मरीज का परिवार उठा पाने में सक्षम नहीं था। एनजीओ की मदद से एम्स ने इस समस्या का हल निकाला। इस पर लगभग छह लाख रुपये खर्च हुए और दो यूनिट ब्लड लाने में सफल हुए और बच्चे की जान बच पाई।

**8 बार नहीं बचाया जा सका था भ्रूण**

एम्स की गायनी विभाग की प्रो डॉक्टर नीना मल्होत्रा ने बताया कि यह ब्लड ग्रुप बहुत रेयर है। यह 1.10 लाख में किसी एक में पाया जाता है और कई बार उन्हें पता भी नहीं होता है। इस महिला का इलाज लेडी हार्डिंग में चल रहा था। तीन बार भ्रूण एनीमिया से मर गया। जांच में पाया गया कि मां और भ्रूण का ब्लड ग्रुप मैच नहीं हो रहा है। वह नौवीं बार भी गर्भवती हुई और फिर वही स्थिति बनी, जिसके बाद उन्हें यहां रेफर किया गया। डॉक्टर नीना ने बताया कि एक प्रोसीजर के जरिए गर्भ में पल रहे भ्रूण में ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया। अब बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

## महानगर में आज



**मिस्टर जोंस**

इंडिया हैबिटेट सेंटर में फिल्म स्क्रीनिंग ‘मिस्टर जोंस’, स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। एंड्रिया चालुपा की यह फिल्म एक वेल्स जर्नलिस्ट की कहानी है कि जिसमें वेस्टर्न मीडिया में 1930 के दौर में यूक्रेन में फैले अकाल को ब्रेक किया था।

**आर्ट स्पेक्ट्रा**

इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन ‘आर्ट स्पेक्ट्रा’, विजुअल आर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। शो की क्यूरेटर अमृता प्रकाश हैं।

**ग्रीष्मकालीन नाट्य उत्सव**



नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ग्रीष्मकालीन नाट्य समारोह, सम्मुख सभागार/ अभिमंच सभागार, भगवान दास रोड, मंडी हाउस, 3:30 बजे से और शाम 7 बजे से। आज राजेश सिंह के निर्देशन में ‘बाबूजी’ दर्शकों के सामने होगा।

**कैनवास में दुनिया**



इंडिया हैबिटेट सेंटर में ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन, कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। बालू सडलगे और मीनाक्षी सडलगे की इस पेंटिंग एग्जिबिशन का आनंद 15 जून तक लिया जा सकता है।

**मधुरम यादें**

इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन ‘सेट ड्रिफ्ट ऑन मेमोरी ब्लिस’, आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, मैक्स मूलर मार्ग, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। वरिष्ठ कलाकार एस के साहनी के अलावा कई कलाकारों के खूबसूरत आर्टवर्क इस शो में नजर आएंगे।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesgroup.com पर

## खाने को रुपये नहीं देने पर किया हमला

■ **एनबीटी न्यूज, शास्त्री पार्क :** शास्त्री पार्क इलाके में खाने-पीने के लिए रुपये नहीं देने पर आरोपी सलमान ने नसीम पर हथियार से हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गाजियाबाद निवासी नसीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

**शास्त्री पार्क इलाके में हुई वारदात**

## एंट्रेंस एग्ज़ाम ऐन वक्त पर रद्द

■ **विस, नई दिल्ली :** नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नैशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (NCET) को एग्जाम वाले दिन ही रद्द कर दिया गया। एनटीए ने एग्जाम को टालने की वजह तकनीकी बताई।

एनटीए की सीनियर डायरेक्टर डॉ.साधना पराशर ने पब्लिक नोटिस जारी कर कहा कि तकनीकी वजहों से एग्जाम, जो कुछ सेंटर्स में शुरू हो चुका था, सभी सेंटर्स में शुरू नहीं हो पाया। इस वजह से एग्जाम को पोस्टपोन किया जा रहा है। वहीं बुधवार को क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने कहा कि एनटीए की एक और असफलता की वजह से देशभर में 29 हजार स्टूडेंट्स को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इससे पहले सीयूईटी, नीट एंट्रेंस में भी एनटीए की अक्षमता नजर आयी है। संगठन ने मांग की कि एनटीए को भंग किया जाए।


**नौएडा**

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तों नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | धनराशि (रु.) | प्रकाशित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/एसपीई/पीई (पीएच–I )/ई.टी. /2024-25 | जन स्वास्थ्य खण्ड–प्रथम के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न मुख्य मार्गों (71.59 किमी) की इन्टीग्रेटेड मैकेलिकल एवं मैन्यूअल स्वीपिंग का कार्य (पैकेज–1) | 58,66,28,188.20 | प्रथमबार |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **13.06.2024 से 08.07.2024 को 5.00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। **उक्त निविदा की प्री-बिड मीटिंग दिनांक 21.06.2024 को मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, में दोपहर 12.00 बजे आयोजित की जायेगी।** प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन **दिनांक 09.07.2024 को 11.00 बजे** खोली जायेंगी।

**कार्यालय सैक्टर-94**

**उप महाप्रबंधक/वरि० परि० अभियन्ता (जन स्वास्थ्य) नौएडा**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPSपोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|
| Parking-11-2024 | दिनांक 28.06.2024 को 11:00 बजे |
| रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉटः प्रगति मैदान रेलवे स्टेशन के नजदीक (10,000 Sq. Mtrs), मेरठकैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, गाजियाबाद (2nd Entry) भूरसाइड (2430.46 Sq. Mtrs एक साल के लिए), पानीपत 1st Entry, गाजियाबाद (सिटीसाइड) (2534.90 वर्गमीटर), दिल्ली सराय रोहिल्ला (कार) साहबाद मारकंडा, दिल्ली (PF-16) (B-T-T), गाजियाबाद (सिटीसाइड) (1132 वर्गमीटर ), नई दिल्ली (AGS Side) (TW Parking) = कुल 11 साइटें | |
| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
| Parking-12-2024 | दिनांक 01.07.2024 को 11:00 बजे |
| रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉटः दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), दिल्ली शाहदरा, साहिबाबाद, बुढलाडा, बरेटा कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, कुरुक्षेत्र Site 2, फरीदाबाद (Car), मेरठ कैंट (1350.44 वर्गमीटर) = कुल 10 साइटें | |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |

ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ: आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य हैः 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता। 4. आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। 5. फण्ड का लियन मार्किंग। 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)। 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारीः वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055
**Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084**

संख्या–No: 23AC/393/E Auction/2022 दिनांकः 12–06–2024 **1781/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# NEET : रिपोर्ट के बाद रिज़ल्ट को लेकर फैसला

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

■ **मेडिकल एग्जाम** NEET-UG 2024 में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के भाग्य का फैसला जांच कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद होगा। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के सूत्रों का कहना है कि चार सदस्यीय जांच कमिटी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट एजेंसी को सौंप सकती है। उसके बाद इन छात्रों के रिजल्ट को लेकर फैसला होगा। एनटीए ने मेडिकल एग्जाम में इन 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स (compensatory marks) दिए थे। एजेंसी का मानना था कि इन छात्रों को परीक्षा में पूरा समय नहीं मिला। इसके बाद कमिटी बनाई गई और छात्रों को ग्रेस मार्क्स मिले। वहीं एनटीए सूत्रों ने एक बार फिर से पेपर लीक के आरोपों को नकारा है। नीट-यूजी एग्जाम कैंसल किए जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाई कोर्ट में याचिकाएं दाखिल हुए हैं और सूत्रों का कहना है कि एग्जाम कैंसल करने की मांग का एजेंसी विरोध करेगी।

एनटीए का कहना है कि नीट-यूजी परीक्षा में नकल करने के 63 मामले सामने आए थे, जिनमें से 23 को जांच के बाद अलग-अलग समय के लिए परीक्षा देने से रोक दिया गया है। अभी 40 कैंडिडेट्स का केस पेंडिंग है। 12 कैंडिडेट्स को तीन साल के लिए एग्जाम देने से रोका गया है। 9 कैंडिडेट्स को दो साल के लिए और दो कैंडिडेट्स को एक साल के लिए एग्जाम देने से रोका गया है। बाकी 40 कैंडिडेट्स का रिजल्ट रोका गया है और जांच जारी है। एनटीए का कहना है कि पेपर में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि जांच कमिटी इन 1563 स्टूडेंट्स के री- टेस्ट की सिफारिश कर सकती है या फिर इन स्टूडेंट्स को मिले ओरिजिनल मार्क्स (ग्रेस मार्क्स को हटाकर) ही दिए जाने की सिफारिश की जा सकती है। दरअसल इस बार रिकॉर्ड संख्या में 67 कैंडिडेट्स को पूरे के पूरे 720 नंबर मिले थे, जिनमें से 44 को फिजिक्स के एक आंसर की के रिवीजन के आधार पर ग्रेस मार्क्स मिले, जिसके कारण उनका स्कोर 720 हो गया। विरोध करने वाले छात्रों का तर्क है कि ग्रेस मार्क्स इस तरह से नहीं दिए जाने चाहिए।

**इंतजार में स्टूडेंट्स**

- गुरुवार को आ सकती है चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट
- एनटीए ने एक बार फिर पेपर लीक के आरोपों को नकारा

File Photo



NTA के खिलाफ जगह-जगह हो रहे हैं प्रदर्शन

## स्टूडेंट्स ने जंतर मंतर पर किया प्रदर्शन

■ **विस, नई दिल्ली :** नैशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट (NEET) दोबारा करवाने की मांग के साथ स्टूडेंट्स ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर ‘सत्याग्रह’ प्रदर्शन किया। नेशनल स्टूडेंट्स विंग ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में कई स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस दौरान स्टूडेंट्स ने प्री-मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर में गलतियों, आंसरशीट में गड़बड़ियों, अनुचित रिजल्ट के बारे में बोलते हुए फिर से नीट करवाने की मांग की।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि एनएसयूआई न्याय की खोज में नीट देने वाले स्टूडेंट्स के साथ मजबूती से खड़ा है। एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता के बारे में उठाई गई चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हम नीट की परीक्षा फिर से करवाने की मांग करते हैं। एनएसयूआई स्टूडेंट्स के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं।

## याचिकाओं को एक जगह लाने की कोशिश में NTA

■ **विस, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने नीट (यूजी) परीक्षाओं से जुड़ी चार नई याचिकाओं पर नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की वेकेशन बेंच ने याचिकाओं पर नोटिस जारी कर एनटीए से जवाब मांगा।

स्टूडेंट्स आदर्श राज गुप्ता, केया आजाद, मोहम्मद फ्लोरेंज और अनावद्या वी. की ओर से दायर याचिकाओं पर सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि परीक्षा के संबंध में सुप्रीम कोर्ट समेत तमाम अदालतों में कई रिट याचिकाएं दायर की गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि एनटीए सुनवाई के लिए सभी संबंधित याचिकाओं को इकट्ठा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की प्रक्रिया में है। इस बीच, दिल्ली हाईकोर्ट ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी किए और उन्हें रोस्टर बेंच के सामने 5 जुलाई को सुनवाई के लिए लगा दिया। पिछले हफ्ते 17 साल के एक युवक ने नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में कथित विसंगतियों को लेकर एनटीए को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का रुख किया था।

***नीट में ग्रेस देने के खिलाफ लगाई याचिका***

*एडुकेशन टेक्नॉलोजी फर्म फिजिक्स वाला के सीईओ अलख पांडेय ने नीट पीजी 2024 में ग्रेस नंबर दिए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने पेपर लीक के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी की थी कि इस मामले में शुचिता प्रभावित हुई है और एनटीए से जवाब मांग रखा है। इसी बीच फिजिक्स वाला के सीईओ की ओर से याचिका दायर कर अर्जेंट सुनवाई के लिए मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने उठाया गया। तब कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि मामले में सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री के सामने मामला उठाया जाए।*

## सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा लेटर

■ **विस, नई दिल्ली:** मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2024 की परीक्षा के नतीजों में कथित गड़बड़ी को लेकर राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखा है और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का चार जून को रिजल्ट आने के बाद कई तरह की खामियां सामने आ रही हैं और नैशनल टेस्टिंग एजेंसी पर भी कई सवाल उठ रहे हैं। नीट पेपर जब हुआ तो पेपर लीक होने के आरोप सामने आए और अब छात्रों को मनमाने रूप से ग्रेस मार्क्स दिए जाने के आरोप भी आ रहे हैं।



राज्यसभा सांसद ने अपने पत्र में कहा कि यह लाखों छात्रों से जुड़ा मामला है और जो भी आरोप सामने आ रहे हैं, उनको देखते हुए CBI जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल पेपर लीक मामले में बिहार की EOW भी जांच कर रही है। NTA को भी यह स्पष्ट करना होगा कि ग्रेस मार्क्स देने की क्या प्रक्रिया रही है? सांसद ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है। उधर कई विडियो वायरल हो रहे हैं, जिनको लेकर NTA को सफाई देनी पड़ रही है।


**संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश**

**9वॉं तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।**

**निविदा सूचना**

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु फर्म/एजेंसी का ‘‘इम्पैनलमेन्ट’’**

उक्त कार्य एवं टेण्डर फर्म की धनराशि तथा धरोहर संबंधित जानकारी तथा अन्य शर्तों के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा उत्तर प्रदेश की ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ में प्रकाशित किये जाने की अनुसूची निम्नवत् है:-

| क्र. | सूचना | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | 15 जून, 2024 |
| 3 | ई-निविदा जमा करने करने की अन्तिम तिथि | 01 जुलाई, 2024 समय: सायं 05:00 बजे |
| 4 | ई-निविदा खोलने की तिथि | 03 जुलाई,2024 समय: अपरान्ह 01:00 बजे |
| 5 | कार्यावधि | 365 दिन |
| 6 | ई-निविदा प्रपत्र शुल्क | रु0 5,000/- (रूपये पाँच हजार मात्र) समस्त कर सहित |
| 7 | धरोहर धनराशि | रु0 15.00 लाख (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) |
| 8 | सम्पर्क सूत्र | directorcultureup@gmail.com |

उक्त निविदा निरस्त करने का अधिकार निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 में सुरक्षित होगा एवं निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने का धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**निदेशक**
**संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0**
**जवाहर भवन, लखनऊ।**

UPID 205993 dt 12.06.2024,
www.upgov.nic.in


## दो-दो लाख की कीमत वाले छह बकरे अगवा

■ **विशेष संवाददाता, वजीराबाद :** ईद उल अजहा पर कुर्बानी के लिए लाए गए 2-2 लाख कीमत के 6 बकरों को कार सवार अगवा कर ले गए। यह वारदात वजीराबाद इलाके में सामने आई है। पुलिस ने बकरों के मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में तीन से चार लोगों ने घर का ताला काट कर 6 बकरों को अगवा कर लिया। पुलिस अफसर के मुताबिक, यह घटना सोमवार की है। पीड़ित ने 10:25 पर पीसीआर कॉल की। कॉलर मुरसालीन ने बयान दिया कि 6 बकरों को रात के समय अगवा कर लिया गया। हालांकि जांच में ये भी पता चला है कि चोर एक कार भी लेकर आए थे, जो गली में अंदर नहीं आ पाई थी। इसलिए चोरों को ने उसे गली के बाहर ही खड़ी कर दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि जो बकरे चोरी हुए उनमें से एक-एक की कीमत 2-2 लाख रुपये है।

**वजीराबाद इलाके में सामने आई, पुलिस ने केस दर्ज किया**



सीसीटीवी फुटेज में बकरों को ले जाते दिखे आरोपी

## ACB ने LG को सौंपी अंतरिम रिपोर्ट, 4 नर्सिंग होम अवैध

Vishal.Sharma3@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** 25 मई को विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न हॉस्पिटल अग्निकांड के बाद शुरू हुई एसीबी की जांच में अंतरिम रिपोर्ट एलजी को सौंपी गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस रिपोर्ट में 4 हॉस्पिटल अवैध रूप से चलते पाए गए हैं। 65 नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पतालों में नियमों की खामियां मिली हैं। एसीबी अफसर ने एलजी को अंतरिम रिपोर्ट सौंपी जाने की पुष्टि की।

सूत्रों ने बताया कि सबसे पहले विवेक विहार बेबी केयर 30 सितंबर 2021 से 31 मार्च 2024 तक वैध था। रजिस्ट्रेशन केवल 5 बेड के लिए था, मगर हादसे के समय 12 बेड के साथ चल रहा था। अस्पताल में तय मानकों से अधिक ऑक्सिजन सिलिंडर (32 सिलिंडर) रखे गए थे।

सूत्रों ने बताया कि चार नर्सिंग होम अवैध पाए गए। ये चार कृष्णा नगर, राजौरी गार्डन, पुरानी कोंडली और देवली इलाके में पाए गए। सूत्रों ने बताया कि एसीबी ने लगभग 65 नर्सिंग होम का इंस्पेक्शन किया। इनमें से कई नर्सिंग होम दिल्ली नर्सिंग होम पंजीकरण अधिनियम, 1953 में निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते मले। सूत्रों के मुताबिक, एसीबी को अपनी जांच में यह भी पता चला कि नर्सिंग होम मालिक डीजीएचएस, सीडीएमओ और फायर विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ डीपीसीसी के साथ सांठगांठ रखते हैं। कुछ नर्सिंग होम सुरक्षा की चेकलिस्ट का पालन करते पाए गए। हालांकि, परमिशन से अधिक बेड भी मिले। एसीबी जांच में सबसे महत्वपूर्ण यह पाया गया कि नर्सिंग होम ने रजिस्ट्रेशन के रिन्यू के लिए बहुत पहले आवेदन किया था। लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों ने इंस्पेक्शन नहीं किया और रिन्यूवल भी नहीं किया।

**65 नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पतालों में नियमों की खामियां मिलीं**

File Photo



31 मार्च को खत्म हो चुकी थी वैधता

# 'अफसोस... आतंकी को आज तक फांसी नहीं'

## लाल किले पर हमले के दोषी पाकिस्तानी आतंकी पर 'दया' नहीं, IO ने फैसले पर जताई खुशी

Vishal.Sharma3
@Timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** करीब 24 साल पहले लाल किले पर आतंकी हमले में दोषी पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने खारिज कर दी। इस खबर से सुरेंद्र संड खुश तो हैं, मगर उन्हें अफसोस और गुस्सा भी है। सुरेंद्र संड लाल किला हमले में स्पेशल सेल के चर्चित आईओ रहे हैं। जिनकी तहकीकात के दम पर आरिफ उर्फ अशफाक को फांसी की सजा सुनाई जा सकी। लाल किला हमले में साक्ष्यों के साथ दमदार तहकीकात करने पर दिल्ली पुलिस में असाधारण पुरस्कार मेडल मिला।

बुधवार को इस केस के अनछुए पहलुओं का जिक्र करते हुए सुरेंद्र संड ने NBT से कहा कि केस को इस अंजाम तक पहुंचाने में मैंने क्या क्या नहीं झेला। कश्मीर में हम पर हमले हुए। धमकियां मिलीं। जान की परवाह किए बिना तफ्तीश की। दमदार सबूत जुटाए। आतंकी अशफाक उर्फ आरिफ को फांसी की सजा दिलवाने में कामयाब हुए। मगर अफसोस कि आज तक उसे फांसी के फंदे पर नहीं लटकाया गया। तिहाड़ जेल में उसे जिंदा रखे हुए हैं।

File Photo



### 22 दिसंबर 2000 की रात 9 बजे

सुरेंद्र संड 1999 में बतौर सब इंस्पेक्टर स्पेशल सेल में थे। 22 दिसंबर 2000 को लाल किले पर हुए पाकिस्तानी फिदायीन हमले में इनके साहस को देखते हुए IO (इनवेस्टिगेशन ऑफिसर) बनाया गया। ऐसा इसलिए कि हमले की जांच के लिए कश्मीर जाने को कोई तैयार नहीं था। वो दिन 22 दिसंबर 2000, वक्त रात के करीब 9 बजे। लाल किले के भीतर मौजूद भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स का बेस कैंप। 'लाइट एंड साउंड' प्रोग्राम खत्म होते ही, वहां मौजूद सेना के (राजपूताना राइफल्स) बेस कैंप पर फिदायीन हमला होता है। गोलियों की आवाजें। हर तरफ भगदड़। यह आतंकवादी हमला था। दिल्ली में पहली बार पाकिस्तानी लश्कर ए तैयबा की दस्तक थी। छह पाकिस्तानी आतंकी थे। हमले में देश के 3 फौजी अब्दुल्ला ठाकुर, अशोक कुमार और उमाशंकर शहीद हुए।

### *एक पर्ची की तफ्तीश से मिली आरिफ को फांसी*

*सुरेंद्र बताते हैं, हमले के बाद लालकिले की छानबीन में एक पर्ची मिली थी, उस पर लिखा एक मोबाइल नंबर। इसी नंबर की मदद से स्पेशल सेल आतंकियों के अड्डों पर पहुंची। यह मोबाइल नंबर था लाल किले पर हमले के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तानी आतंकवादी मो अशफाक उर्फ मोहम्मद आरिफ का। ये पर्ची लाल किले की दीवार से कूदते वक्त आतंकवादियों की जेब से मौके पर गिर गई। स्पेशल सेल ने 26 दिसंबर, 2000 की रात को मास्टर माइंड आरोपी मोहम्मद अशफाक उर्फ मोहम्मद आरिफ जो कि पाकिस्तान के एबटाबाद का निवासी है, उसकी पत्नी रहमाना यूसुफ फारुखी, निवासी गाजीपुर डेयरी फार्म दिल्ली, को गिरफ्तार कर लिया था। सुरेंद्र संड के मुताबिक, पकड़े गए जिंदा आतंकी अशफाक को कश्मीर लेकर जाना था। तब डीसीपी अशोक चांद ने मुझसे पूछा। मैंने तुरंत हां कर दी। तीन दिन बाद ही अशफाक को कश्मीर लेकर गए। जहां उसे छुड़ाने के लिए हम पर हमला हुआ।*

### 235 गवाह, 22 आरोपी

लाल किला हमले के आतंकियों में यही एक तिहाड़ में जिंदा है। पाकिस्तान का रहने वाला और लश्कर का श्रीनगर जिला कमांडर अबू सूफियान कश्मीर में मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया था। जबकि उसी रात एसीपी राजवीर सिंह और इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा ने ओखला में छिपे अबू श्यामल को मुठभेड़ में मार डाला। तीसरे फिदायीन अबू बिलाल (पाकिस्तानी) को दिल्ली पुलिस ने 10 मई, 2005 को निजामुद्दीन इलाके में एक एनकाउंटर में मार गिराया। सुरेंद्र संड के मुताबिक, 20 फरवरी, 2001 को दाखिल चार्जशीट में कुल 22 आरोपी बनाए गए। 22 आरोपियों में से 12 गिरफ्तार हुए थे, जबकि 3 आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए। 29 अक्टूबर, 2004 तक अदालत में 235 गवाहों की गवाहियां हुईं। जबकि आतंकवादियों की ओर से उनके बचाव में महज एक गवाह की ही गवाही हुई। 31 अक्टूबर, 2005 को पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद अशफाक को 2 सजा-ए-मौत (फांसी) मिलीं। 10 अगस्त, 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने भी अशफाक की फांसी की दया याचिका खारिज करके सजा बरकरार रखी। इतने साल होने को हैं लेकिन फांसी नहीं दी गई। कोर्ट ने भी सुरेंद्र संड की तहकीकात को अपने फैसले में प्रशंसा की थी।



सुरेंद्र संड IO रहे हैं

## बुजुर्ग की हत्या के आरोपी को पकड़ा

■ **विस, जाफराबाद:** जाफराबाद इलाके में घर के अंदर बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 24 वर्षीय राजन शर्मा के तौर पर हुई है। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर दो चांदी की पायल, चार सोने की चूड़ियां, एक स्मार्ट घड़ी, मोबाइल फोन, बाइक और हत्या के लिए इस्तेमाल घर तोड़ने वाला औजार बरामद किया है। इस आरोपी के पकड़े जाने पर पुलिस ने तीन आपराधिक मामले सुलझाने का दावा भी किया है। ये तीनों केस चोरी और मर्डर के जाफराबाद थाने के ही हैं।

**जाफराबाद इलाके में हुई थी वारदात, 3 और केस सुलझे**

क्राइम ब्रांच DCP अमित गोयल के मुताबिक, 14 मई की सुबह बुजुर्ग महिला अपने घर के ग्राउंड फ्लोर पर फर्श पर पड़ी मिलीं, जिनके सिर से खून निकल रहा था। उनकी सोने की बालियां गायब मिलीं। बुजुर्ग की बेटी ने उन्हें इलाज के लिए GTB अस्पताल पहुंचाया। शुरुआत में पुलिस ने घर में घुसकर लूट का मामला दर्ज किया था। 18 मई को बुजुर्ग महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद इस केस में हत्या की धारा को भी शामिल किया गया।




## मकान में आग, पांच की मौत

■ **विस, गाजियाबाद :** लोनी के बेहटा हाजीपुर में बुधवार देर रात को एक मकान में आग लग गई। जिसमें दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 6 लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार बेहटा हाजीपुर में रहने वाले सारिख के घर के निचले हिस्से में मशीन से फोम आदि तैयार करने का काम होता था, जबकि ऊपरी हिस्से में सारीख समेत पत्नी और तीन पांच रहते थे। बुधवार को ही उनके परिवार में कुछ रिश्तेदार भी आए हुए थे। रात करीब 11 बजे अचानक मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह आज कितनी तेजी से फैली कि वह मकान के ऊपर हिस्से में पहुंच गई। जिससे घर में मौजूद लोग उसमें फंस गए। मरने वालों में एक 7 महीने के बच्चे समेत 6 साल की लड़की, 2 महिला और एक पुरुष बताए गए हैं। आग लगने के दौरान घर में करीब 12 लोग थे। डीसीपी विवेक कुमार ने बताया कि आग पर पूरी तरह नियंत्रण में होने के बाद ही स्थिति और साफ हो सकेगी।

## नैशनल म्यूज़ियम, विमहांस और इहबास को बम से उड़ाने की धमकी

Museum

■ कृष्ण कुणाल सिंह ,नई दिल्ली

**नैशनल म्यूजियम,** रेल म्यूजियम, इहबास और विमहांस सहित आधा दर्जन से अधिक संग्रहालय को बम की धमकी वाले ईमेल मिले है। पुलिस का कहना है कि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, जिसके बाद सभी कॉल को अफवाह करार दिया गया।

पुलिस के मुताबिक कर्तव्य पथ स्थित नैशनल म्यूजियम, चाणक्यपुरी स्थित रेलवे म्यूजियम, दरियागंज स्थित गांधी संग्रहालय और कई अन्य को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले थे। इनमें बताया गया था कि उनके परिसर में बम रखा गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक दो अस्पतालों शाहदरा स्थित इहबास (मानव व्यवहार और संबद्ध संस्थान) और लाजपत नगर स्थित विमहांस (विद्यासागर मानसिक स्वास्थ्य, न्यूरो और संबद्ध संस्थान) को भी बम की धमकी वाले ई मेल मिले हैं। अधिकारी ने बताया कि इन ईमेल के बारे में कॉल और जानकारी मिलने के बाद बम खोजी टीम, बम निरोधक दस्ता, दमकल विभाग की गाड़ियां और पुलिस द्वारा इनकी जांच की गई। लेकिन कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ। पिछले मालूम हो कि पिछले एक महीने में कई स्कूलों, अस्पतालों, एयरपोर्ट सहित दिल्ली के कई इंस्टिट्यूट को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे।

**गांधी संग्रहालय, कई अन्य को भी धमकी वाले ई-मेल मिले**

PTI



पुलिस को तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

### कब-कब मिले धमकी भरे ईमेल

- 30 अप्रैल को चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली
- 1 मई को 150 अधिक स्कूलों को रूस स्थित ई-मेलिंग सर्विस कंपनी से धमकी मिली थी
- 12 मई को दिल्ली के 20 अस्पतालों, आईजीआई हवाई अड्डे और रेलवे के सीपीआर कार्यालय को साइप्रस स्थित एक मेल सेवा कंपनी से ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली
- 14 मई को दिल्ली के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को उसी साइप्रस स्थित मेलिंग सेवा कंपनी से बम की धमकी मिली
- 22 मई को नॉर्थ ब्लॉक, जिसमें गृह मंत्रालय का कार्यालय है को भी जीमेल.कॉम के डोमेन से बम की धमकी वाला ईमेल मिला
- 23 मई को दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस समेत एक दर्जन से ज्यादा कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी

## बदमाश की पार्टी में डांस, 5 साल के लिए 3 पुलिसवालों की काटी सर्विस

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली

**प्रीत विहार** थाने में तैनात तीन पुलिसवालों की पांच साल के लिए सर्विस काट दी गई है। तीनों करीब दो साल पहले एक घोषित बदमाश के परिवार के पार्टी में न केवल शामिल हुए थे, बल्कि डांस भी कर रहे थे। उनकी पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमपाल, कॉन्स्टेबल रोहित और कॉन्स्टेबल सीताराम के तौर पर हुई है। दो साल तक चली विभागीय जांच के बाद आरोप सही पाया गया। उसके बाद तीनों पुलिसवालों की सर्विस पांच साल परमानेंट काट दी गई। आदेश में यह बात साफ-साफ लिखी है कि ऐसा आचरण दिल्ली पुलिस जैसे अनुशासित बल में असहनीय और अस्वीकार्य है। उसका प्राथमिक कर्तव्य अपराध पर अंकुश लगाना और आम जनता को अपराधियों से बचाना और सुरक्षा करना है।

**जांच में आरोप सही पाए जाने पर दिया गया आदेश**

यह ऑर्डर 10 जून को जारी किया गया। आदेश में यह लिखा गया है कि 2022 में प्रीत विहार थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल सोमपाल, कॉन्स्टेबल रोहित और कॉन्स्टेबल सीताराम का एक विडियो वायरल हुआ था। विडियो में यह आरोप लगाया था कि जिस पार्टी में तीनों पुलिसवाले मस्ती कर रहे हैं, वह प्रीत विहार के घोषित बदमाश मो. जाहिद के घर में आयोजित पार्टी की है। इस मामले में डिस्ट्रिक्ट के पीजी सेल के एसीपी से तीनों की विभागीय जांच करवाई गई। जांच में पाया कि 28 मार्च 2022 को जाहिद की बेटी खुशी ने अपने बेटे के पहले जन्मदिन पर पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी में उनके रिश्तेदारों और जानकारों के अलावा यह तीनों पुलिसवाले भी शामिल हुए थे। जाहिद पर 15 मुकदमे दर्ज हैं। जाहिर की बेटी खुशी पर भी एक मामला दर्ज है। हालांकि जांच के दौरान तीनों पुलिसवालों ने दावा किया था कि वह अपने एक मुखबिर के कहने पर पार्टी में शामिल हुए थे। जांच में यह भी सामने आया कि उस मुखबिर पर भी कई केस दर्ज हैं। पुलिसवालों ने यह भी कहा था कि उन्होंने मुखबिर के कहने पर ही डांस किया था। इसके बाद पुलिस ने तमाम लोगों के बयान दर्ज किए। फिर जांच के दौरान यह साबित हुआ कि जहां पर पुलिसवाले डांस कर रहे थे, वह पार्टी प्रीत विहार के घोषित बदमाश के परिवार की पार्टी थी।

AI Image



### लाइन हाजिर किया गया था

ज्ञात हो कि विडियो वायरल होने के बाद तत्कालीन डीसीपी ने तीनों पुलिसवालों को लाइन हाजिर कर दिया गया था। हालांकि उस वक्त के एसएचओ ने तीनों को वापस ड्यूटी पर बुला लिया था। मौजूदा समय में सोमपाल जिले में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में तैनात हैं। सीताराम कल्याण पुरी थाने में तैनात हैं। वहीं रोहित अभी भी प्रीत विहार थाने में तैनात हैं। डीसीपी ईस्ट के अलावा तीनों जगह के इंचार्ज को भी इस ऑर्डर की कॉपी भेजी गई है।

### हीरे लेकर फरार दो ठग समेत तीन पकड़े

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** साकेत के एमजीएफ मॉल में कारोबारी से तीन हीरे बदल कर ठगी करने वाले दो शातिर ठग और उसके एक साथी को साकेत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीनों हीरे भी बरामद कर लिए गए हैं। आरोपियों की पहचान सागर गुप्ता, चंद्रशेखर और मधुसूदन अग्रवाल के तौर पर हुई। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 6 जून की शाम को इसकी शिकायत मिली थी।




FOR DEALERSHIP ENQUIRIES, CONTACT: 8448104235



AMITY INTERNATIONAL SCHOOLS
&
AMITY INSTITUTE FOR COMPETITIVE EXAMINATIONS

CONGRATULATIONS TO BRILLIANT AMITIANS FOR THEIR EXCEPTIONAL PERFORMANCE IN JEE ADVANCED, NEET & XII BOARDS

A REFLECTION OF AMITY'S FOCUS ON NURTURING STUDENTS WITH ALL-ROUND GROWTH, FOR LIFELONG SUCCESS AND HAPPINESS

JEE ADVANCED 2024 TOP ACHIEVERS
62.5% STUDENTS QUALIFIED IN JEE ADVANCED 2024


JEE Advanced AIR 46
Bhavesh Ramakrishnan Karthik
Class 12th: 96.2%
JEE Main AIR: 50


JEE Advanced AIR 82
Ambar Gogia
Class 12th: 96.2%
JEE Main AIR: 1912


Ayush Singhal
JEE Advanced AIR: 121
JEE Main AIR: 59
Class 12th: 99.2%
(Science Stream Topper)


Aarav Bhatt
JEE Advanced AIR: 137
JEE Main AIR: 3
Class 12th: 97.4%


Dhairya Kuchhal*
JEE Advanced AIR: 179
JEE Main AIR: 510
Class 12th: 96%


Garvit Bhutani*
JEE Advanced AIR: 209
JEE Main AIR: 843
Class 12th: 95%


Subham Goenka
JEE Advanced AIR: 220
JEE Main AIR: 1620
Class 12th: 97.2%


Archit Hari*
JEE Advanced AIR: 332
JEE Main AIR: 418
Class 12th: 95%


Ipsit Mittal
JEE Advanced AIR: 382
JEE Main AIR: 48
Class 12th: 96%


Arsh Gupta
JEE Advanced AIR: 413
JEE Main AIR: 54
Class 12th: 98.2%


Aarush Bhatt
JEE Advanced AIR: 631
JEE Main AIR: 5660
Class 12th: 97.8%


Adityavardhan Srivastava
JEE Advanced AIR: 647
JEE Main AIR: 973
Class 12th: 96.6%


Ayushi Jain
JEE Advanced AIR: 857
JEE Main AIR: 4457
Class 12th: 96.6%

... and many many more

*Test Series

NEET 2024 TOP ACHIEVERS
89.73% STUDENTS QUALIFIED IN NEET 2024


Nimay Rastogi
AIR: 254
Total Marks: 715/720
Class 12th: 95.6%
NSEB qualified


Simrah Ali
AIR: 728
Total Marks: 707/720
Class 12th: 94.8%


Arjun Lohumi
AIR: 823
Total Marks: 706/720
Class 12th: 95.8%


Soumya Chopra
AIR: 2241
Total Marks: 700/720
Class 12th: 95.8%


Shreyash Raj
AIR: 2104
Total Marks: 700/720
Class 12th: 96%

1000+ students selected in Govt. Medical Colleges

CARRYING FORWARD LEGACY OF SECURING 700


Parama Dutta
AIR: 80
Total Marks: 700/720
Class 12th: 98.8%


Shivika Dudani
AIR: 180
Total Marks: 700/720
Class 12th: 98.6%

... and many many more

PRESTIGIOUS INTERNATIONAL & NATIONAL RECOGNITIONS

- Amity student, Suhani conferred upon the prestigious Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar in the Innovation category for her project SO-APT from the Hon'ble President of India
- Amity's Team Urja - Sanjana, Samara and Samaya won the prestigious Project Management Award and nomination in 'Women in Sport' award at the Global Finals of F1 in Schools held at Singapore
- Agnij declared winner of the Grand Award at IRIS FAIR 2024
- Global Finalists at the Knowledge@Wharton Investment Competition, USA
- Students have filed 100+ patents & copyrights
- Amity Team ranked in top 3 in India at Samsung 'Solve for Tomorrow 2022'; Awarded cash prize of Rs. 33 Lacs
- Amity Team won the All India Champions League B-Plan Championship
- Winner of Special citation of ATL at the National Intellectual Property Conference by Ministry of Commerce & Industry (DPIIT)
- Three teams of Amity have qualified for participation in the Space Design Competition 2024 at NASA, USA
- Honourable Mention Award in COP 28 Committee of Oxford Global MUN 2023
- Student received the Best Delegate Award at MUNOG (Model United Nation of Goldberg), Germany
- Exemplary Excellence Award, conferred upon Amity International Schools Group by Cambridge at the Annual Coordinators Conference 2023

HIGHLIGHTS

JEE Advanced 2024
- AIR below 50: 1 student
- AIR below 100: 2 students
- AIR below 250: 7 students
- AIR below 500: 10 students
- AIR below 1000: 13 students

NEET 2024
- Nimay Rastogi scored 715 marks
- 700+ marks: 5 students
- 650+ marks: 10 students
- 600+ marks: 22 students

Class XII CBSE Boards 2024
- 5 students scored 99%+
- 234 students secured 100 in one or more subjects
- 261 students secured 95%+
- 597 students secured 90% +

Class XII Toppers
- Science: 99.2%
- Commerce: 99%
- Humanities: 99.2%

Class X CBSE Boards 2024
- 6 students secured 99%+
- 305 secured 100 in one or more subjects
- 433 secured 95%+
- 916 secured 90%+

OLYMPIAD ACHIEVERS

Bhavesh Ramakrishnan Karthik
Represented India in APHO
Qualified for ICHO, IPHO and IAAO camp

Ambar Gogia
Qualified for ICHO

Pranav Raj
Qualified for IMO

ADMISSIONS OPEN FOR CLASS XI 2024-25
synchrostudy PROGRAMME
(ADVANCE PREPARATION FOR XII BOARDS & ENGG./MEDICAL ENTRANCE EXAMS)

TCCP (FOR CLASS XI STUDENTS)
EVENING PREPARATORY CLASSES FOR JEE/NEET
Registration Forms available at www.amity.edu/aice

REPEATERS/ DROPPERS/ TARGET-NEET/ JEE MAIN COURSE
- 5 days classes in a week, 5 hours per day
- Conceptual based classes
- Small batch sizes: 25 students in a class

Contact Details: Head Office-Defence Colony: 9810687824, 9818788293 • Saket: 8168376152, 9711489174 • Pushp Vihar: 7019310242
Mayur Vihar: 9873457699, 9771473195 • Noida, Sector-44: 9650367601, 9650617925 • Noida, Sector-62: 8745878609
Vasundhara, Sector-6: 8799736064, 7042753015 • Gurugram, Sector-46: 9811008888 • Gurugram, Sector-43: 9871311375

AI Image




**1980 से 2022 तक सबसे अधिक गर्म साल**

| 32.73 | 32.14 | 32.30 | 32.35 | 32.09 | 32.38 | 32.17 | 32.20 | 32.01 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1987 | 2002 | 2006 | 2009 | 2010 | 2016 | 2017 | 2018 | 2022 |

1980 से 2022 के दौरान 1987 में सालाना अधिकतम तापमान **32.73 डिग्री सेल्सियस रहा था**

# आखिर दिल्ली क्यों हो रही हर साल इतनी गर्म

NBT बिग पिक्चर

Poonam.Gaur@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिन शहरों का तापमान सबसे तेजी से बढ़ रहा है, उसमें दिल्ली एनसीआर चौथे नंबर पर है। पहले नंबर पर अहमदाबाद, दूसरे पर जयपुर और तीसरे पर राजकोट का नाम है। दिल्ली एनसीआर का तापमान हर दशक में 0.90 डिग्री बढ़ रहा है।

मई में आई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि गर्मी बढ़ने की 60 प्रतिशत वजह शहरीकरण है। क्लाइमेट चेंज का असर भी अधिक है। बीते 40 साल के दौरान राजधानी में गर्मी बढ़ रही है। औसत अधिकतम तापमान में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 1975 के बाद से गर्मी तेजी से बढ़ रही है। 1980 से 2022 तक औसत अधिकतम सालाना तापमान में इजाफा हुआ है। जबकि 1940 से 1980 के दौरान राजधानी में गर्मी नहीं बढ़ रही थी।

मौसम विभाग के आकलन के अनुसार, 1980 से 2022 के दौरान 1987 में सालाना अधिकतम तापमान 32.73 डिग्री सेल्सियस रहा था। यह इस दौरान सबसे अधिक गर्म था। 1997 में यह सबसे कम रहा। इस साल सालाना अधिकतम तापमान 29.66 डिग्री रहा। 2002 के बाद से इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। 2022 में यह 32.01 डिग्री रहा।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि न्यूनतम तापमान में इजाफा नहीं हो रहा है। गर्मी बढ़ने से पानी तेजी से भाप बनता है और इससे हवा में नमी बढ़ती है। ऐसे में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती है। एक्सपर्ट के अनुसार, पहले जुलाई और अगस्त में ही उमस वाली गर्मी होती थी। अब यह मई से सितंबर तक भी बनी रहती है। IITM पुणे के अनुसार, अधिकतम तापमान में वृद्धि की मुख्य वजह ग्लोबल वार्मिंग है। यह ग्रीन हाउस गैसों में हो रहे इजाफे का संकेत है।

File Photos



**5 महीने उमस वाली गर्मी:** एक्सपर्ट के अनुसार, पहले जुलाई और अगस्त में ही उमस वाली गर्मी होती थी। अब यह मई से सितंबर तक भी बनी रहती है।

## कैसे कम होगी बढ़ती गर्मी?



सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की डीजी **सुनीता नारायण** के अनुसार पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना होगा। पैदल चलने, साइकल को भी इसमें जोड़ा जाए। इसके लिए बने ट्रैक पर हरियाली हो। वॉटर बॉडीज को सरंक्षित करना होगा।



द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट की डीजी **डॉ विभा धवन** के अनुसार क्लाइमेट एक्शन और सस्टेनेबल डिवेलपमेंट पर भी फोकस करना होगा। ग्रीन बजट की पहल करनी होगी। बिहार, असम आदि इसे कर चुके हैं। AC जैसे उपकरणों के लिए हायर स्टार रेटिंग दें।

**DDMA का पहला हीट एक्शन प्लान**

- अधिक गर्म इलाकों में घरों की छत को सफेद पेंट किया जाएगा।
- गर्मी और लू के समय स्कूलों के समय में बदलाव किया जाएगा।
- गैर जरूरी कामों के लिए पानी के इस्तेमाल पर रोक रहेगी।
- स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं में हर समय बिजली सप्लाई होगी।
- आम लोगों, हेल्थकेयर प्रफेशनल और वालंटियरों को लू से निपटने की ट्रेनिंग दी जाएगी।
- लू के सीजन में कूलिंग सेंटर बनेंगे। यह धार्मिक स्थलों, मॉल्स में बनाए जाएंगे।

### क्या है अड़चनें

DDMA का पहला हीट एक्शन प्लान लागू करने के लिए फंड के बारे में प्लान में कुछ नहीं कहा गया है। आबादी के हिसाब से दिल्ली में दो करोड़ लोगों के लिए 1300 एमजीडी पानी की जरूरत है। दिल्ली जल बोर्ड 1000 एमजीडी से कम पानी सप्लाई कर रहा है। ऐसे में पानी कहां से आएगा?



## दिल्ली में गर्मी के हॉट स्पॉट

- नजफगढ़, जाफरपुर कलां, मुंगेशपुर, इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट, बदरपुर, जैतपुर, संगम विहार, फतेहपुर बेरी, नरेला, बवाना, शाहदरा।
- सीरी फोर्ट है हीट इंडेक्स के आधार पर राजधानी में सबसे गर्म इलाका।
- नरेला, नजफगढ़, जाफरपुर कलां, मुंगेशपुर और चांदनी चौक में तापमान के आधार पर सबसे अधिक गर्मी।
- 60 से अधिक अर्बन हीट आइलैंड हैं दिल्ली में, ऐसे इलाके आसपास के क्षेत्रों से होते हैं ज्यादा गर्म।

**47.7** डिग्री था नजफगढ़ का तापमान, सबसे गर्म रहा **बुधवार को देश भर में**

*दूसरे नंबर पर नरेला और कानपुर रहा। दोनों जगह का अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री रहा। नजफगढ़ और नरेला में सामान्य से 8 डिग्री अधिक*

## गर्मी बढ़ने का क्या असर?

- स्वास्थ्य पर काफी गहरा असर पड़ रहा है। लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं।
- दिल्ली में पानी की समस्या साल दर साल लगातार बढ़ती ही जा रही है।
- कंस्ट्रक्शन में काम के घंटे कम हो जाने से मजदूरों को नुकसान हो रहा है।
- स्कूलों को बंद करने की नौबत आई और बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ा।
- आग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और यह जानलेवा साबित हो रहे हैं।

# कल झेली 44.7 डिग्री की गर्मी, आज और तपेगी दिल्ली

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली:** राजधानी में लू का प्रकोप एक बार फिर बढ़ रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से पांच डिग्री अधिक था। आने वाले दिनों में दिल्ली और तपेगी। 18 जून से पहले लू से राहत के आसार नहीं हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा।

हवा में नमी का स्तर 18 से 58 प्रतिशत रहा। दिल्ली एनसीआर में 11 जगहों पर तापमान 45 डिग्री से अधिक रहा। पालम में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री, लोदी रोड में 45.1 डिग्री, रिज में 46.4 डिग्री, आया नगर में 45.9 डिग्री, फरीदाबाद में 46.4 डिग्री, जाफरपुर में 46.3 डिग्री, नजफगढ़ में 47.7 डिग्री, नरेला में 47.5 डिग्री, नोएडा में 46 डिग्री, पीतमपुरा में 46.7 डिग्री और पूसा में 46.5 डिग्री रहा।

**20 जून के बाद ही बारिश और आंधी की संभावना**

**जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट, 18 जून से पहले कोई भी राहत नहीं मिलेगी**

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को आंशिक तौर पर बादल छाएंगे। कई जगहों पर लू का प्रकोप रहेगा। जमीनी सतह पर तेज गर्म और शुष्क हवाएं चलेंगी। इनकी स्पीड 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 14 और 15 जून को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक रह सकता है। आंशिक तौर पर बादल छाएंगे। कुछ जगहों पर लू का प्रकोप रह सकता है। तेज हवाएं चलेंगी। इनकी गति 25 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। इसके बाद 16 से 18 जून के बीच अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम तापमान 30 से 31 डिग्री तक रह सकता है। आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे। तेज हवाएं चलेंगी। इनकी गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

स्काईमेट के अनुसार, इस समय कोई भी सक्रिय मौसम प्रणाली नहीं होने से लगातार शुष्क उत्तर पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इनसे गर्मी काफी बढ़ गई है। तापमान 44 से 45 डिग्री के आसपास बना हुआ है। आने वाले दिनों में कुछ बादल राजधानी में छा सकते हैं, लेकिन इनकी वजह से गर्मी कम नहीं होगी। अगले चार से पांच दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी। अगले हफ्ते कुछ राहत मिलने की संभावना है। 20 जून के बाद ही राजधानी में बारिश और आंधी की संभावना दिख रही है।



**चलेगी लू:** मौसम विभाग के अनुसार, आज आंशिक तौर पर बादल छाएंगे। कई जगहों पर लू का प्रकोप रहेगा

## PM हाउस से बचाया गया लू लगने से बीमार बंदर

■ **विस, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री आवास से एक साल के बंदर को वाइल्डलाइफ एसओएस की रैपिड रिस्पॉन्स यूनिट ने बचाया और उसका इलाज किया। गर्मी के कारण लू लगने और शरीर का तापमान बढ़ने से बंदर सुस्त और बीमार था। वह चल नहीं पा रहा था और उसकी सांस भी भारी थी।

एनजीओ की इमरजेंसी हेल्पलाइन पर कॉल मिलने के बाद एक रैपिड रिस्पॉन्स यूनिट को बंदर को बचाने के लिए प्रधानमंत्री आवास भेजा गया। बंदर को तुरंत जरूरी इलाज दिया गया। उसकी हालत में सुधार हो रहा है। पूरी तरह से ठीक होने तक बंदर को निगरानी में रखा गया है। वाइल्डलाइफ एसओएस की ओर से बताया गया लू लगने पर जानवरों के जीवित रहने के लिए तुरंत कार्रवाई करना जरूरी है।



पूरी तरह से ठीक होने तक इस बंदर को निगरानी में रखा गया है

## चांदनी चौक और शादीपुर में हवा रही बेहद खराब

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**लगातार दूसरे** दिन राजधानी दिल्ली का प्रदूषण स्तर खराब बना रहा। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक यह इसी स्तर में रहेगा। प्रदूषण बढ़ने की मुख्य वजह पीएम 2.5 और पीएम 10 हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार बुधवार को राजधानी दिल्ली का AQI 211 रहा।

**लगातार दूसरे दिन दिल्ली में प्रदूषण रहा खराब लेवल पर**

इसके अलावा एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का AQI 212, गाजियाबाद का 181, ग्रेटर नोएडा का 247, गुरुग्राम का 213 और नोएडा का 207 रहा। राजधानी में शादीपुर का AQI 327 और चांदनी चौक का AQI 328 रहा। इन्हीं दो जगहों पर प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा। 19 जगहों पर यह खराब और 15 जगहों पर सामान्य रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 13 से 15 जून तक प्रदूषण का स्तर खराब रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों तक यह खराब से सामान्य स्तर पर रह सकता है।

AI Image



अभी प्रदूषण में सुधार के आसार कम हैं

# गांवों में विकास पर खर्च होंगे ₹900 करोड़

## पहले सड़कों पर काम, 1387 प्रस्तावों के लिए अक्टूबर तक का टारगेट

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**दिल्ली के** सभी गांवों का कायाकल्प करने के लिए दिल्ली सरकार 900 करोड़ रुपये खर्च करेगी। गांवों में विकास से जुड़े काम को तेजी से पूरा करने के लिए बुधवार को विकास मंत्री गोपाल राय ने ग्रामीण विकास बोर्ड, उसकी का एमसीडी और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। मंत्री ने बताया कि आचार संहिता लागू होने से पहले ग्रामीण विकास बोर्ड ने 1387 प्रस्ताव पास किए थे, जिन्हें अब युद्ध स्तर पर अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने सभी एजेंसियां को 15 जून तक अपना एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है।

**मंत्री ने सभी एजेंसियों को 15 जून तक एक्शन प्लान तैयार करने को कहा**

विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि 19 जून को सभी विधायकों के साथ बैठक कर विकास में आ रही समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा की जाएगी। 27-28 जून को कागजी काम पूरे करने के लिए सभी विभाग सचिवालय में कैंप लगाएंगे। मंत्री ने कहा कि हमारे पास इन कामों को पूरा करने के लिए अक्टूबर तक का ही समय है क्योंकि नवंबर में ग्रैप लागू होता है, जो दिसंबर तक जारी रहता है। इसके बाद जनवरी में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो जाएगी।

गोपाल राय ने कहा कि चुनाव आचार संहिता से पहले हमने ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक में कई विधायकों ने अपनी विधानसभा सीटों से संबंधित 1,387 प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखे थे और बोर्ड ने सभी को पास कर दिया था। इन कामों को पूरा करने के लिए तीन स्तर की प्रक्रिया है। पहले बोर्ड इसको स्वीकृति देता है। इसके बाद एमसीडी और सिंचाई-बाढ़ नियंत्रण विभाग टेंडर करते हैं और इसे जमीनी स्तर पर लागू करवाते हैं।

**BJP ने किया पलटवार:** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि यह दिल्ली देहात के विकास की योजना बीजेपी की है, जिसे आम आदमी पार्टी योजना बता कर श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जिन 1387 प्रस्तावों का जिक्र गोपाल राय ने किया है, वह सांसद और जिलाधिकारी ग्रामीण प्रवास के दौरान इकट्ठा किए गए थे।



19 जून को विधायकों के सामने विभागों के अधिकारी प्रस्तावों की स्टेटस रिपोर्ट रखेंगे

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### गांवों में विकास की क्यों है ज़रूरत?

**दिल्ली के** शहरीकृत और देहाती गांवों में विकास कार्यों की इसलिए जरूरत है, क्योंकि इन गांवों के आसपास के इलाके पूरी तरह से विकसित हो चुके हैं, लेकिन इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं भी पूरी तरह से नहीं हैं। इसकी वजह ये है कि इन गांवों की जमीन पर बड़ी कॉलोनियां बना दी गईं, लेकिन गांवों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं दी गईं। कई गांव तो स्लम बनते जा रहे हैं। कई गांव तो ऐसे हैं, जहां पानी और सड़क और सीवर जैसी मूलभूत जरूरतें अभी भी बनी हुई हैं। कायदे एक प्लानिंग के तहत इन गांवों में विकास कार्य किए जाएं। इसके साथ ये भी जरूरी है कि गांवों में नियमित तौर पर ये प्रक्रिया जारी रहे।

## ईद की तैयारियों का लिया जायज़ा

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**दिल्ली के** खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के सफल आयोजन को लेकर कई विभागों के अधिकारियों के साथ शाही ईदगाह का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर सर्विस, DUSIB, MCD, BSES, DJB, PWD सहित दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंत्री इमरान हुसैन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ईदगाह के आसपास सड़कों और गलियों में साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने एमसीडी को पर्याप्त सफाईकर्मी लगाने का निर्देश दिया। एमसीडी और पीडब्ल्यूडी को ईदगाह के आसपास की सड़कों और फुटपाथ की तत्काल मरम्मत करने के लिए आदेश दिया। हुसैन ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को बकरीद के दौरान पानी की सही निकासी और साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ईदगाह के पास पानी के टैंकरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि नमाज के दौरान आने वाले लोगों को पानी से संबंधित दिक्कतों का सामना न करना पड़े। मंत्री ने टॉयलेट ब्लॉक की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।



इमरान हुसैन ने किया ईदगाह का निरीक्षण

## बिभव कुमार की ज़मानत के लिए HC में याचिका

■ **विस, नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (AAP) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में आरोपी बिभव कुमार ने नियमित जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। निचली अदालत में जमानत के लिए दो बार कोशिश के बावजूद वह सलाखों से बाहर आ पाने में असफल रहे। हाई कोर्ट की वेकेशन बेंच 14 जून को मुख्यमंत्री के निजी सहयोगी की याचिका पर विचार कर सकती है।

तीस हजारी अदालत ने 7 जून को कुमार की जमानत याचिका खारिज की। इससे पहले 27 मई को उन्हें इस मामले में निचली अदालत से निराशा हाथ लगी थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया और वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए भी दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था। जिस पर हाई कोर्ट का आदेश सुरक्षित है। स्पेशल जज एकता गाबा मान ने कुमार की ओर से दूसरी बार दाखिल जमानत याचिका को खारिज किया था।

**निचली अदालत से जमानत की याचिका हो चुकी है खारिज**



## DMRC में नया डायरेक्टर

■ **विस, नई दिल्ली:** मनुज सिंघल ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर (इंफ्रास्ट्रक्चर) का पद संभाल लिया। 1994 के इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस अफसर रहे मनुज करीब तीन दशकों से कई जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वह डायरेक्टर (इंफ्रास्ट्रक्चर) रहते हुए सिविल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल, एएफसी, टेलीकॉम, रोलिंग स्टॉक, सोलर पावर सहित बुनियादी ढांचे की मेंटिनेंस के इंचार्ज होंगे। सिंघल ने अपना करियर नैशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (NTPC) से शुरू किया। वह 2006 से दिल्ली मेट्रो के साथ काम कर रहे हैं। इस पद को संभालने से पहले एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर (रोलिंग स्टॉक/प्रोजेक्ट) के रूप में काम कर रहे थे। इस दौरान उनके कई टेक्निकल पेपर्स नैशनल और इंटरनैशनल जर्नल में पब्लिश हुए। साथ ही कोच्ची मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए इलेक्ट्रिक वर्क में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**मनुज सिंघल ने डायरेक्टर (इंफ्रास्ट्रक्चर) का पद संभाल लिया है**

## 'तृष्णा सदा दुख देती है'

धर्म कर्म

**नप्र, नई दिल्ली :** श्री हनुमान मंदिर लिंक रोड, करोल बाग में सत्संग के समय महंत ओमप्रकाश गिरी ने कहा कि तृष्णा धन की हो या पद की, सदा दुख ही देती है, यह तो मानसिक रोग है। बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी सत्संग में पंडित राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह जगत बडा दुखदाई है, यहां सुख की आस नहीं करनी चाहिए। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जवाहर पार्क, लक्ष्मी नगर में राजेंद्र प्रसाद जैन के संयोजन में बच्चों के लिए 16 जून तक चलने वाले जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर में बच्चों को नैतिक संस्कार सिखाए जा रहे हैं।

## बच्चों के लिए योग शिविर

■ **विस, नई दिल्ली :** गर्मियों की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए रोहिणी में योग शिविर का आयोजन किया गया है। रोहिणी सेक्टर 6 के छोटू राम पार्क में हर साल की तरह होने वाले इस 11वें योग शिविर में स्कूली स्टूडेंट्स योग सीख सकते हैं। योग विशेषज्ञ सतीश गुप्ता के निर्देशन में होने वाले इस मुफ्त शिविर में हर साल कई बच्चे शामिल होते हैं। सतीश गुप्ता ने बताया कि इलाके के आसपास रहने वाले पैरेंट्स अपने बच्चों को यहां भेज सकते हैं। शिविर में रोज सुबह 5:45 से 7:15 बजे तक बच्चों को योगासन सिखाए जाते हैं। 30 जून तक यह शिविर चलेगा।



TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesgroup.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



VINAY CHAUDHARY
Miss You
06.05.1981 - 13.06.2016
जो दिल से भुला सके, ऐसी तुम्हारी तस्वीर कहाँ, पाते तुम्हारा प्यार उम्र भर ऐसी हमारी तकदीर कहाँ !
Missed by Uma & BK Chaudhary, Rashmi and Chaudhary Family #9873665650.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours.
Colleagues. With all those whose lives
the departed Soul has touched. Because while life goes on,
when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

SPACE FOR PHOTO 2x3 cms | In loving memory of Sh. ........ (dd/mm/yyyy-dd/mm/yyyy) You left us on this day 3 years ago but will always live on in our hearts. Deeply missed by ........ and ........ Text here ... text here ... Text here ... text here ...

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

To place an Obituary announcement or Remembrance ad
Call- Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727
Scan QR Code

# पानी के संकट पर सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त

## टैंकर माफिया पर क्या एक्शन लिया : कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी की किल्लत से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का सख्त तेवर देखने को मिला। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से सवाल किया कि लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं, ऐसे में आपने टैंकर माफिया के खिलाफ क्या एक्शन लिया है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस पीबी वारले की बेंच ने दिल्ली सरकार से कहा कि अगर आप टैंकर माफिया से डील नहीं कर पाएंगे तो हम दिल्ली पुलिस को कहेंगे कि वह इनके खिलाफ एक्शन लें।

**कोर्ट ने कहा कि पानी की चोरी हो रही है**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पानी की सप्लाई टैंकर से हो सकती है तो फिर पाइपलाइन से क्यों नहीं। कोर्ट ने कहा कि पानी की चोरी हो रही है और ट्रांसपोर्टेशन में हानि और टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि आपने क्या कोई एक्शन लिया? पानी टैंकर में जा रहा है लेकिन वही पानी पाइप लाइन में नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि पिछले 2018, 2019 और 2021 से दाखिल हलफनामे में वह इस मामले को देख रहे हैं और यही समस्या बनी हुई है। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। हमें बताएं कि क्या टैंकर माफिया के खिलाफ कोई FIR दर्ज हुआ है। अगर हुआ है तो दिखाएं। पानी अगर हिमाचल प्रदेश से आ रहा है तो दिल्ली में वह कहां जा रहा है। सभी कह रहे हैं कि दिल्ली में माफिया काम कर रहे हैं लेकिन एक्शन नहीं लिया जा रहा है। अगर दिल्ली सरकार एक्शन नहीं लेगी तो हम मामले को दिल्ली पुलिस के हवाले कर देंगे ताकि वह टैंकर माफिया के खिलाफ एक्शन ले सके। लोग सफर कर रहे हैं। पानी हिमाचल से आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है।

दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील शदन फरासत ने कहा कि पानी की बर्बादी को रोकने के लिए एक्शन लिया जा रहा है।

AI Image


***हिमाचल सरकार से भी किया सवाल:*** *सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार की इस बात को लेकर खिंचाई की कि आपने पहले 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन बाद में कहा कि वैराज में पहले से पानी प्रवाहित किया जा चुका है। पहले के बयान के आधार पर हमने आदेश पारित किया। अगर पहले से पानी छोड़ रहे थे तो फिर गलत बयान क्यों दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। कोर्ट ने 6 जून को दिल्ली में पानी की किल्लत से निजाद दिलाने के लिए अहम आदेश पारित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया था कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा दिल्ली के लिए रिलीज किए जाने वाले पानी को बिना किसी बाधा के दिल्ली के लिए छोड़े।*

वॉटर टैंकर जल बोर्ड मुहैया कराता है। जहां तक पुलिस एक्शन का सवाल है तो हम इस बात से खुश होंगे अगर पानी माफिया के खिलाफ एक्शन ले सके। कोर्ट ने सरकार से कहा है कि वह पानी की बर्बादी रोकने के लिए उठाए गए कदम के बारे में हलफनामा दायर करे। अन्य पक्षकार अगर चाहें तो काउंटर हलफनामा दायर कर सकते हैं और सुनवाई के लिए कोर्ट ने गुरुवार की तारीख तय कर दी है।

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

### कोर्ट के आदेश पर होगी नज़र

राजधानी में भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने टैंकर माफिया और पानी की बर्बादी पर तीखे सवाल किए। टैंकर माफिया पर क्या कार्रवाई हो रही है और नहीं हुई तो पुलिस एक्शन की बात कहते हुए कोर्ट ने साफ संदेश दे दिया है कि वह इस मामले में सख्त कदम उठा सकती है। दिल्ली सरकार अभी तक क्या एक्शन ले चुकी है उसे सुप्रीम कोर्ट पहले देखना चाहती है। यह देखना अहम होगा कि कोर्ट मामले में क्या आदेश पारित करती है लेकिन इतना तय है कि टैंकर माफिया अब सुप्रीम कोर्ट के नजर में हैं और कोर्ट का आने वाला आदेश लोगों को पानी की किल्लत से निजात दिलाने में मददगार होगा।

## टैंकर माफिया पर नज़र रखने के लिए पट्रोलिंग की मांग

■ **प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली**

**जल मंत्री** आतिशी ने एलजी विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि मुनक नहर से पानी चोरी करने वाले टैंकर माफियाओं पर नजर रखने के लिए एसीपी स्तर के किसी पुलिस अफसर को नियुक्त किया जाए। उनके नेतृत्व में एक पुलिस टीम बनाई जाए, जो मुनक नहर की रोजाना पट्रोलिंग करे। आतिशी ने जल बोर्ड के सीनियर अफसरों और टैंकर माफियाओं के बीच मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

आतिशी ने एलजी को लिखे पत्र में कहा है कि पिछले साल जनवरी में जल बोर्ड के पास 1179 टैंकर्स और जून में टैंकरों की संख्या 1323 थी, लेकिन इस साल गर्मी में जल बोर्ड अफसरों ने टैंकरों की संख्या पिछले साल की तुलना में बढ़ाई नहीं। वर्तमान में 888 टैंकर ही हैं और कटौती के लिए जल बोर्ड अफसरों ने उनसे मंजूरी भी नहीं ली है। इस वजह से ही निजी टैंकरों की संख्या बढ़ी है। यह मुख्य सचिव और जल बोर्ड सीईओ की टैंकर माफियाओं से मिलीभगत की संभावना की ओर इशारा करता है। आतिशी ने इसकी जांच के लिए एक कमिटी बनाने की मांग एलजी से की है और जांच होने तक दोनों अधिकारियों को सस्पेंड रखने को कहा है।



**LG को लेटर लिखा**

- पानी की चोरी रोकने के लिए आतिशी ने एलजी को लिखा लेटर
- एसीपी स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी देने का किया अनुरोध

आतिशी ने एलजी से मुनक नहर के दिल्ली एंट्री पॉइंट पर निरीक्षण के लिए एसीपी स्तर के पुलिस अधिकारी को तैनात करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत दूर करने के लिए उन्होंने जल बोर्ड सीईओ को कई बार पत्र लिखा, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। टैंकरों बढ़ोतरी के लिए सीईओ को 14 मार्च, 3 अप्रैल और उसके बाद 12 अप्रैल को पत्र लिखा था। मुख्य सचिव को भी इस संबंध में पत्र लिखा था, लेकिन उन्होंने भी कोई ध्यान नहीं दिया।

### लीकेज की निगरानी के लिए हर ज़ोन में QRT : आतिशी

■ **प्रस, नई दिल्ली : दिल्ली सरकार** की जल मंत्री आतिशी ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए चीफ सेक्रेटरी को प्रत्येक जोन में एक क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) बनाने को कहा है। हर जोन में एक-एक टीम को नियुक्त करने को कहा है, जो पानी की लाइनों में लीकेज को चेक करेगी।

आतिशी ने चीफ सेक्रेटरी को लिखे पत्र में कहा है कि पानी लीकेज को रोकने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम बनाई जाए। उन्होंने टीम का नोडल अफसर एडीएम या एसडीएम लेवल के किसी अधिकारी को बनाने के लिए कहा है, ताकि टीम के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल में कमी न हो। प्रत्येक जोन में एक-एक टीम नियुक्त करने का आदेश उन्होंने दिया है। टीम का काम पानी सप्लाई लाइनों में लीकेज चेक करना होगा। प्रत्येक टीम के सदस्य मेन स्रोत (नहर) से लेकर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली पाइप लाइनों की जांच करेंगे। जोनल टीम के सदस्य वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से जो लाइन यूजीआर तक जाती है, उसकी भी जांच करेंगे। लीकेज होने पर इसकी रिपोर्ट तैयार कर सीनियर अधिकारियों को देना होगा। जल मंत्री ने प्रत्येक कंप्लेंट 12 घंटे में हल करने के लिए कहा है।

AI Image


- जल मंत्री ने चीफ सेक्रेटरी को दिया आदेश
- हर जोन में तैनात की जाएगी एक-एक टीम
- लीकेज मिलने पर 12 घंटे में करना होगा ठीक

**रोजाना लीकेज की रिपोर्ट होगी तैयार :** जल मंत्री आतिशी ने इस संबंध में जल बोर्ड अफसरों को निर्देश दिया है कि लीकेज की डेली रिपोर्ट तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराई जाए। लीकेज अगर 12 घंटे में ठीक नहीं हो पा रहा है, तो उस संबंध में जल बोर्ड अफसरों को कारण भी बतानें के लिए कहा है। प्रत्येक लीकेज पॉइंट की विडियोग्राफी भी की जाएगी।




## आतिशी के बयान पर जताई आपत्ति

■ **प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली**

**दिल्ली में** पानी की स्थिति को लेकर दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी के पिछले कुछ दिनों के बयानों पर LG ऑफिस ने आपत्ति जताई है। LG ऑफिस के अफसरों ने जल मंत्री के बयानों को झूठा बताया और कहा है कि उनके बयानों में सच्चाई नहीं है। अफसरों ने कहा कि मीडिया में टैंकर माफियाओं के सक्रिय होने की खबरें आने के बाद ही वह अपने बयान से पलट भी गई हैं। अब वह टैंकर माफिया के सक्रिय होने की बात स्वीकार कर उन पर नजर रखने के लिए पुलिस पट्रोलिंग टीम गठित करने की बात कह रही हैं।

**LG ऑफिस ने कहा, जल मंत्री के बयानों में सचाई नहीं**

राज निवासी अधिकारियों के अनुसा आतिशी पानी की कमी होने का ठीकरा हमेशा ही हरियाणा पर फोड़ती रही हैं। वह पिछले कई दिनों से इसे लेकर बयानबाजी कर रही हैं। अपने बयानों में वह LG पर निशाना साध रही हैं। उनके सभी बयान झूठे हैं। राज निवास अधिकारियों का कहना है कि वह यह मानने के लिए पहले तैयार नहीं थीं कि मुनक नहर से टैंकर माफिया पानी चोरी कर रहे हैं। लेकिन, एक स्टिंग में पानी चोरी करते हुए टैंकर माफियाओं को दिखाए जाने के बाद वह अपने बयान से भी पलट गईं। उन्हें यह मानने पर मजबूर होना पड़ा कि टैंकर माफिया पानी की चोरी कर रहे हैं। दिल्ली में पानी की स्थिति को लेकर सरकार सुप्रीम कोर्ट में जो हलफनामा दायर कर रही है, वह भी भ्रमित करने वाला है। पानी की स्थिति को लेकर कोर्ट में दिए रिपोर्ट में तथ्य गलत पेश किए जा रहे हैं।



### टैंकर माफियाओं के खिलाफ LG ने कार्रवाई के दिए आदेश

■ **प्रस, नई दिल्ली :** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने टैंकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश पुलिस कमिश्नर को दिया है। उन्होंने कहा है कि पानी की कमी को लेकर जो मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, उसमें भी मुनक नहर के आसपास टैंकर माफिया के सक्रिय होने का जिक्र आया है। मीडिया में भी नहर से पानी चोरी कर टैंकर में भरने की बातें सामने आ रही हैं। इसलिए पानी की चोरी पर पूरी तरह से लगाम लगाया जाए। जो लोग नहर से पानी चोरी करते हुए पकड़े जाएं, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाए। एलजी ने पुलिस कमिश्नर को कहा है कि बवाना के पास मुनक नहर जहां दिल्ली में एंट्री कर रही है, वहां टैंकर माफिया सक्रिय हैं और नहर से पानी चोरी कर शहरी क्षेत्रों में बेच रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## पानी चोरी में BJP ने की FIR की मांग

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**बीजेपी ने** मुनक नहर से पानी चोरी के मामले में पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने इस सिलसिले में पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा से मुलाकात की और उन्हें लिखित शिकायत दी। सचदेवा के साथ दिल्ली बीजेपी के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, बृजेश राय और नीरज भी मौजूद थे।

**मुनक नहर से पानी चोरी का मामला**

पुलिस कमिश्नर को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली के जल संसाधनों की चोरी आपराधिक गतिविधि है और ये दिल्ली सरकार व दिल्ली जल बोर्ड की मिलीभगत से हो रही है। शिकायत में कहा गया है कि पानी की ये चोरी हरियाणा से दिल्ली में एंट्री होते ही मुनक नहर से शुरू हो जाती है और वहां दिन रात निजी टैंकरों की कतार लगी रहती है। पार्टी का कहना है कि इस मामले में जल बोर्ड के अफसरों की भी संदिग्ध भूमिका है इसलिए संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया जाए।

बीजेपी ने पुलिस कमिश्नर से ये भी कहा है कि पानी की बर्बादी और रिसाव की शिकायतें पिछले दस वर्ष से चल रही हैं, लेकिन अब तक कभी ठोस एक्शन नहीं लिया गया। इन सभी मुद्दों की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया जाए। सचदेवा ने शिकायत में ये भी कहा है कि मंत्री आतिशी कई बार कह चुकी हैं कि दिल्ली को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा।



पुलिस कमिश्नर से मिले BJP नेता

### टैंकर माफिया को संरक्षण देने का आरोप

■ **विस, नई दिल्ली:** दिल्ली BJP अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर किए जा रहे पानी की चोरी को उजागर करने का दावा किया है। उन्होंने आप के एक विधायक पर टैंकर माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। सचदेवा ने कहा कि एक विधायक की कार्यालय प्रभारी और उनके पति के नाम पर अनेक टैंकरों के नंबर रजिस्टर्ड हैं। सचदेवा ने दावा किया कि इसके अलावा भी पार्टी से जुड़े लोग टैंकर माफिया से जुड़े हैं। यह तो एक विधायक के संरक्षण के मामले हैं, पुलिस जांच में ऐसे और भी सैकड़ों मामले सामने आ सकते हैं। हम पहले दिन से कहते रहे हैं कि जल समस्या आप के लोगों द्वारा खड़ी की गई है।

## 6 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी का उत्पादन हुआ कम, बढ़ेगी किल्लत

Sudama.Yadav@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** अगले कुछ दिनों में दिल्ली में पानी की और अधिक किल्लत हो सकती है। ऐसा इसलिए कि हरियाणा से मिलने वाले कच्चे पानी का इस्तेमाल कर दिल्ली के जिन 7 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी उत्पादन किया जाता है, उनमें से 6 में उत्पादन कम हो गया है।

**दो दिनों में देखने को मिलेगा इसका असर**

सोनिया विहार, हैदरपुर और वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट सबसे अधिक प्रभावित हैं। जल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, 12 जून को सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में कपैसिटी की तुलना में 6.58 एमजीडी (12.1 क्यूसेक) और वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में 22.36 एमजीडी (41.2 क्यूसेक) पानी उत्पादन कम हुआ। भागीरथी, चंद्रावल और बवाना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी उत्पादन कपैसिटी की तुलना में कम हो रहा है।

जल बोर्ड के अफसरों के अनुसार, दिल्ली के 9 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में से 7 में पानी उत्पादन हरियाणा से मिलने वाले कच्चे पानी से किया जाता है। चंद्रावल और वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी उत्पादन यमुना से पानी लेकर किया जाता है। लेकिन, यमुना का लेवल समान्य से करीब 4.5-5 फीट नीचे होने के कारण हरियाणा से आने वाला कच्चा पानी ही ट्विन पाइपलाइनों से वजीराबाद और यहां से चंद्रावल प्लांट में दिया जा रहा था। लेकिन, हरियाणा से कम पानी मिलने के कारण इन दोनों प्लांटों में पानी कम भेजा जा रहा है, जिससे पानी उत्पादन भी कम हो रहा है।

AI Image


**पिछले एक हफ्ते के दौरान दिल्ली को हरियाणा से मिला पानी**

| तारीख | दोनों नहरों से पानी मिला | कितना कम |
|---|---|---|
| 1 जून | 924 क्यूसेक (499.4 एमजीडी) | 67.6 एमजीडी |
| 2 जून | 848 क्यूसेक (458.3 एमजीडी) | 108.7 एमजीडी |
| 3 जून | 898 क्यूसेक (485.4 एमजीडी) | 81.6 एमजीडी |
| 4 जून | 884 क्यूसेक (477.8 एमजीडी) | 89.2 एमजीडी |
| 5 जून | 850 क्यूसेक (459.4 एमजीडी) | 107.6 एमजीडी |
| 6 जून | 856 क्यूसेक (462.7 एमजीडी) | 104.7 एमजीडी |
| 7 जून | 840 क्यूसेक (454 एमजीडी) | 113 एमजीडी |

***हरेक प्लांट से 10 विधानसभाओं में सप्लाई***

*जल बोर्ड के अफसरों का कहना है कि प्रत्येक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से 10-10 विधानसभाओं में पड़ने वाले इलाकों में पानी सप्लाई की जाती है। 7 में से 6 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी उत्पादन कम होने के कारण करीब 40 -50 विधानसभा में पड़ने वाले इलाकों में पानी की किल्लत हो सकती है। 12 जून को उत्पादन कम हुआ है, जिसका प्रभाव अगले एक या दो दिनों में देखने को मिलेगा।*

## आतिशी और LG ऑफिस ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

■ **विस, नई दिल्ली:** पानी को लेकर शुरू हुई बयानबाजी के बाद देर शाम एक्स (पहले ट्विटर) पर भी आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया। जल मंत्री आतिशी ने एलजी ऑफिस पर गाली देने का आरोप लगाया तो फौरन राजनिवास ने इसका खंडन भी कर दिया।

आतिशी ने एक पोस्ट में लिखा कि एलजी ऑफिस ने पत्रकारों को प्रेस रिलीज भेजकर उन्हें बहुत गालियां दीं और उनके बारे में खराब बातें कहीं हैं। इसलिए वह एलजी से कहती हैं कि उन्हें पता है कि बीजेपी वाले हमसे नफरत करते हैं और दिल्ली वाले भारी बहुमत से केजरीवाल को सीएम बनाते हैं। इसलिए वे दिल्लीवालों से भी नफरत करते हैं। आप लोग कितनी भी नफरत करें, लेकिन दिल्लीवालों के हक का पानी मत रोकें। इस पोस्ट के कुछ ही देर बाद राजनिवास की ओर से भी जवाब दिया गया कि एलजी साहब ने आप (आतिशी) को कोई गाली नहीं दी। एलजी ऑफिस ने आपकी ओर से कल उनको दी गई गालियों और सफेद झूठ का बाकायदा सबूतों समेत खंडन कर आदतन दिल्ली के लोगों को भ्रमित करने का पर्दाफाश किया है। उन्हें अभी भी आशा है कि आप दिल्ली में पानी की चोरी और बर्बादी रोककर पानी देंगी।

**देर शाम एक्स पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला**




## राजनीति छोड़ जल संकट खत्म करने पर ध्यान दें: कांग्रेस

■ **विस, नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दे पर चुनी हुई सरकारों को राजनीति न करके समस्याओं का निपटारा करना चाहिए। भीषण गर्मी में जनता पानी नहीं मिलने से काफी परेशान है। पीने का पानी के लिए लोगों को प्रतिदिन 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। वर्तमान में केन्द्र और दिल्ली की सरकारें जिस तरह का व्यवहार कर रही हैं वह जग जाहिर है। दिल्ली कांग्रेस लगातार बढ़ते जल संकट की समस्या के लिए आवाज उठा रही है।

**हरियाणा और दिल्ली सरकार से समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा**

देवेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्र और दिल्ली की सरकार को जल संकट को दूर करने के लिए प्राथमिकता के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिमाचल सरकार दिल्ली के लिए पानी छोड़ने के लिए तैयार है लेकिन BJP की हरियाणा सरकार आपसी राजनीति के चलते दिल्लीवासियों के लिए पानी पहले से ही नहीं आने दे रही है।

JAYPEE INFRATECH
165 km expressway with 5 integrated townships
INDIAN MILESTONE IN INFRASTRUCTURE

**TENDER NOTICE**

Jaypee Infratech Limited ("JIL"), hereby inviting sealed bids for tenders through its consultant namely M/s Currie & Brown (India) Pvt. Ltd in prescribed tender form under two bid system (a) Part-I, Technical Bid with Commercial Terms without Price-Bid and (b) Part-II, Price Bid from experienced parties as per the following details:

| | |
|---|---|
| **Various Number of Tenders** | Tenders for various works to be uploaded at intervals on JIL website *(http://jaypeeinfratech.com/tender.html).* |
| **Description of Works** | (1) Balance Civil (Structure & Finishing) & MEP works in stalled Projects of Jaypee Infratech limited namely, Orchards, Garden Isles, Kosmos, Kensington Boulevard at Jaypee Wish-Town Noida. (2) Ext. Development works including MEP services at Yamuna Vihar, Mirzapur, Yamuna Expressway (UP). |
| **Earnest Money Deposit** | As per the Tender Documents |
| **Download Starts on** | 1st tender to be uploaded on 14.06.2024 |
| **Mode of Payment** | Demand Draft or Bank Guarantee as per the Tender Documents |
| **Validity of Offer** | 3 months from the date of opening of technical bid |
| **Address for Bid submission** | Contracts Division, Premises of Jaypee Infratech Limited, J-Block, Sector-128, Noida, 201304, UP. (by physical delivery in sealed envelope), Or, at tendering@jilindia.in (email in a password protected file). |

**DISCLAIMER:-** *This advertisement does not constitute and will not be deemed to constitute an offer from or on behalf of; or any commitment on the part of; JIL. JIL reserves the right to withdraw/ suspend/ modify the Bidding Process or any part thereof, to accept or reject any/all offer(s) at any stage of the process or to vary any terms without assigning any reasons and without any liability to itself.*

## सनी लियोनी नजर आएंगी नकारात्मक भूमिका में

*सनी लियोनी तमिल फिल्म कोटेशन गैंग में ग्रे किरदार में दिखेंगी। इस फिल्म में उनके साथ जैकी श्रॉफ और प्रियामणि जैसे कलाकार हैं। इस फ़िल्म के अलावा उन्हें अनुराग कश्यप निर्देशित केनेडी का भी इंतजार है।*



# 19 जून को होगी सोनाक्षी-जहीर की संगीत सेरेमनी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी को लेकर लगातार खबरें आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी शादी मुंबई में 23 जून को होगी। अब खबर आ रही है कि इस शादी का जश्न 19 जून से ही शुरू हो जाएगा। खबरों के अनुसार, सोनाक्षी और जहीर इकबाल की शादी से पहले 19 तारीख को संगीत सेरेमनी होगी। यह भी चर्चा है कि दोनों कोर्ट मैरिज करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल की ओर से खास लोगों को इनविटेशन भेजा जा रहा है लेकिन इसमें वेडिंग सेरेमनी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया गया है। इसमें कहा गया है कि सेलिब्रेशन कपल के 'यूनियन' के मौके पर है।

इससे पहले कहा गया था कि शादी के लिए ड्रेस कोड फॉर्मल और फेस्टिव होगा और सेलिब्रेशन मुंबई के दादर स्थित बैस्टियन-एट द टॉप रेस्टोरेंट में होगा। हालांकि अभी तक इन खबरों की पुष्टि नहीं हो पाई है। जब उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा से इस शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जानकारी होने से मना कर दिया और भाई लव सिन्हा ने भी इस बारे में कुछ कहने से मना कर दिया है। लेकिन अब खुद सोनाक्षी ने इस बारे में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'सबसे पहले तो यह किसी और से जुड़ा नहीं है। दूसरी बात कि यह मेरी पसंद है। तो मुझे समझ नहीं आ रहा कि लोग इस चीज को लेकर इतना परेशान क्यों हैं। लोग मुझसे शादी के बारे में मेरे पैरेंट्स से भी ज्यादा पूछ रहे हैं। तो मुझे यह बहुत फनी लग रहा है। अब तो मुझे इसकी आदत हो गई है, मैं परेशान नहीं होती हूं। लोग जिज्ञासु हैं, तो हम क्या कर सकते हैं।'



# राजकुमार-पत्रलेखा ने किए काशी विश्वनाथ के दर्शन



राजकुमार राव ने हाल ही में अपनी पत्नी ऐक्ट्रेस पत्रलेखा के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए। राजकुमार राव अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए इन दिनों वाराणसी में हैं। बॉलिवुड के इस कपल ने पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। राजकुमार राव ने अपनी पत्नी के साथ सुबह जलाभिषेक कर भगवान का आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने पूरे विधि-विधान से स्टार कपल का पूजन कराया। मंदिर की भव्यता को देखकर दोनों मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने राजकुमार के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान पत्रलेखा जहां सूट में नजर आईं तो वहीं राजकुमार राव ने टीशर्ट और काली पैंट पहनी थी। गौरतलब है कि राजकुमार की फिल्म के सीन को घाटों और मंदिरों में शूट किया जा रहा है। वहीं राजकुमार की अन्य फिल्मों की बात करें तो आने वाले दिनों में वह विकी विद्या का वो वाला विडियो और स्त्री 2 में नजर आएंगे। वहीं पत्रलेखा आने वाले दिनों में फुले और आईसी 814: द कांधार अटैक में दिखाई देंगी।

# पंकज के आरोपों पर अनुराग कश्यप ने दिया जवाब





वेब सीरीज पंचायत के विधायक जी यानी पंकज झा ने हाल ही एक इंटरव्यू में अनुराग कश्यप को इस कारण स्पाइनलेस कह दिया था क्योंकि उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर में सुल्तान का रोल पंकज त्रिपाठी को दे दिया था। पंकज झा ने दावा किया था कि वह रोल अनुराग कश्यप ने पहले उन्हें ऑफर किया था। अब इस पर अनुराग कश्यप ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जवाब दिया है।

अनुराग कश्यप ने कहा कि पंकज झा तब उपलब्ध नहीं थे। अनुराग के मुताबिक, पंकज झा पेंटिंग के लिए ओशो के पास चले गए थे जबकि उन्हें गैंग्स ऑफ वासेपुर की शूटिंग शुरू करनी थी। अनुराग कश्यप ने कहा, 'मुझे याद नहीं कि वास्तव में क्या हुआ था। लेकिन हम द गर्ल इन येलो बूट्स की शूटिंग कर रहे थे और वह पेंटिंग करने के लिए पुणे में ओशो के पास चले गए थे। हमें गैंग्स ऑफ वासेपुर की शूटिंग शुरू करनी थी और वह (पंकज झा) मौजूद नहीं थे। हमारा बजट बहुत टाइट था और हम उनका इंतजार नहीं कर सकते थे। हमने वो फिल्म बहुत ही अलग स्थिति और बजट में बनाई। अब वह सोच रहे होंगे कि 20 साल बाद वह पंकज त्रिपाठी बन सकते थे। वो शायद पंकज त्रिपाठी के बहुत कामयाब होने से अपसेट होंगे।' अनुराग ने आगे कहा, 'मैंने उनके साथ काम किया है और वह मेरे पसंदीदा ऐक्टर रहे हैं। हमने गुलाल और ब्लैक फ्राइडे में काम किया।'

## NBT रंगमंच क्लब के साथ

# फिल्मी सितारों से होगी मुलाकात

NBT रंगमंच Club

**आप लोगों** के प्यार को देखते हुए आपका चहेता रंगमंच क्लब लौट आया है एकदम नए अंदाज में। क्लब की मेंबरशिप ओपन हो चुकी है और जल्द शुरू होने वाला है आपके चहेते सिलेब्रिटीज समेत अलग-अलग क्षेत्र के दिग्गज एक्सपर्ट्स से मुलाकात का सिलसिला। साथ ही आपको मिलेगा फेमस सितारों को टैलंट दिखाने का मौका भी।

इतना ही नहीं, आपके लिए हैं और भी बहुत सारे सरप्राइज। तो देर किस बात की, मेंबरशिप लेकर जल्दी से बन जाइए एनबीटी रंगमंच क्लब का हिस्सा, क्योंकि हमें मिल रहा है पाठकों की ओर से बंपर रिस्पॉन्स।

**फैमिली पिज्जा से भी कम दाम में पाएं पूरे साल की मेंबरशिप!**

रंगमंच क्लब की मेंबरशिप इतनी किफायती है कि जितने में एक फैमिली पिज्जा तक नहीं आता, उतने में आपको मिल रही है पूरे साल की मेंबरशिप।

**एनबीटी रंगमंच क्लब का** मेंबर बनने के लिए आप हमारी वेबसाइट पर जाएं या हमें वॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

**क्लब की सालाना फीस है सिर्फ ₹699**

**ऐसे बनें रंगमंच क्लब के सदस्य**

अपने चहेते एनबीटी रंगमंच क्लब का मेंबर बनने के लिए लॉग इन करें https://nbtrangmanchclub.com या इस QR कोड को स्कैन करके भी वेबसाइट पर जा सकते हैं और बन सकते हैं क्लब के मेंबर।

एनबीटी रंगमंच क्लब का मेंबर बनने के लिए 9123815949 पर वॉट्सऐप करें या यह QR कोड स्कैन करें।

मेंबर बनने के लिए आप हमें rangmanchnbt@gmail.com पर ईमेल भी कर सकते हैं।

## रंगमंच क्लब के मेंबर्स के लिए ऐक्टर नवाजुद्दीन से मिलने का मौका



*Conditions Apply

NBT MEET YOUR STAR

एनबीटी रंगमंच क्लब के सदस्यों का बॉलिवुड सिलेब्रिटीज से मिलने का सिलसिला जारी है। इस बार आपके पास मौका है नवाजुद्दीन सिद्दीकी से मिलने का। जल्द फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आने वाले नवाजुद्दीन दिल्ली में रंगमंच क्लब के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। उनकी यह फिल्म ZEE5 पर रिलीज होगी। ऐक्टर से आपकी मुलाकात 17 जून 2024 यानी सोमवार को होगी। इसके लिए आपको एक आसान से सवाल का जवाब देना होगा। सही जवाब देने वाले चुनिंदा लोगों को वेन्यू और समय के बारे में सूचित किया जाएगा।

**आपका सवाल है**

**आने वाले दिनों में रिलीज होने वाली फिल्म 'रौतू का राज' में लीड रोल में कौन सा ऐक्टर नजर आएगा?**

A) विक्रांत मैसी
B) प्रतीक गांधी
C) नवाजुद्दीन सिद्दीकी
D) सिद्धार्थ मल्होत्रा

आप अपना जवाब 9123815949 पर <अपना नाम> स्पेस <जवाब> लिखकर वॉट्सऐप करें। नियम व शर्तें लागू। जवाब हमें 15 जून, शनिवार तक भेज सकते हैं।



**भारती तनेजा देंगी ब्यूटी टिप्स**

*रविवार 16 जून शाम 6 से 7 बजे*

जानी- मानी ब्यूटीशियन भारती तनेजा से होगी ऑनलाइन मुलाकात। अपने इस खास सेशन में भारती देंगी रंगमंच क्लब के मेंबर्स को स्किनकेयर से जुड़े टिप्स। साथ ही देंगी आपके चुनिंदा सवालों के जवाब।

**हर्ष मायर से होगी मुलाकात**

*शनिवार 15 जून शाम 6 से 7 बजे*

सुपरहिट वेब शो गुल्लक के अमन मिश्रा यानी हर्ष मायर से होगी ऑनलाइन मुलाकात। दिल्ली में पले बढ़े हर्ष दिल्लीवालों के साथ साझा करेंगे अपनी सफलता के राज। साथ ही देंगे आपके चुनिंदा सवालों के जवाब।



**हर्ष मायर और भारती तनेजा से ऑनलाइन मुलाकात के लिए एनबीटी रंगमंच की वेबसाइट पर विजिट करें।**



# फीस घटाने के लिए तैयार हैं कार्तिक

पिछले कुछ दिनों से फिल्म स्टार्स की लगातार बढ़ती फीस पर चर्चा हो रही है। कुछ स्टार्स ने अपनी फीस इस कदर बढ़ा दी है कि फिल्म का बजट भी बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। अनुराग कश्यप और फराह खान समेत कई फिल्ममेकर्स ने इस मुद्दे पर बात की और बताया था कि किस तरह कुछ सिलेब्स अपने साथ-साथ टीम के लिए भी मोटी फीस चार्ज करते हैं। इसी बीच कार्तिक आर्यन ने कहा है कि वह अपनी फीस घटाने के लिए तैयार हैं।

कार्तिक आर्यन ने कहा कि वह चाहते हैं कि सबका फायदा हो। कार्तिक आर्यन फिलहाल एक फिल्म के लिए 35-40 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं। कार्तिक के मुताबिक, 'वह हमेशा इस बात का ध्यान रखते हैं कि उनके प्रड्यूसर्स के साथ-साथ फिल्म से जुड़े हर शख्स की कमाई हो। कार्तिक ने कहा, 'अगर किसी स्टार को डिजिटल राइट्स, सैटेलाइट राइट्स या थिएट्रिकल बिजनेस से उतना पैसा मिल रहा है और अगर यह जुड़ जाता है, तो मुझे लगता है कि कुछ अच्छी फीस मिलने की गुंजाइश है। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर आपको अपनी फीस घटानी होगी।' कार्तिक ने आगे कहा, 'मैं इस मानसिकता के साथ काम नहीं करता कि सारी दुनिया में कुछ हो, मैं तो कमाऊंगा। ऐसा नहीं हो सकता कि मैं अकेला हूं जो कमा रहा हूं। मेरे प्रड्यूसर्स और डायरेक्टर्स इस बारे में जानते हैं और मुझे यकीन है कि बहुत सारे ऐक्टर्स भी ऐसा कर रहे हैं।

यह बड़े इकोसिस्टम के लिए अच्छा है। रिव्यू के अलावा, हमें बॉक्स-ऑफिस नंबर भी चाहिए। मैं हमेशा अपनी फीस कम करने को तैयार रहता हूं क्योंकि फिल्म बनाने में बहुत सारे लोग शामिल होते हैं और सबके घर चलने हैं। सबके घर काम होना चाहिए। दिन-रात, हर कोई बहुत मेहनत कर रहा है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**(ई—नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर विज्ञापन/गैर—किराया राजस्व के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (**https://ireps.gov.in/**) के माध्यम से ई—नीलामी आमंत्रित करता है:

| ई—कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन/स्थान | ई—नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| DLIADVT JUN24-02 | आउट ऑफ़ होम साइट्स— यूनिपोल जोन | मेरठ सेक्शन, तुगलकाबाद सेक्शन = (2 लॉट) | प्रारंभ होने का समय : 26.06.2024 को 10:00 बजे |
| | आउट ऑफ़ होम साइट्स— स्टेशन जोन | दिल्ली (3 लॉट), हज़रत निज़ामुद्दीन (1 लॉट)= (कुल 4 लॉट) | |
| | आउट ऑफ़ होम साइट्स— पानी की टंकियां | दिल्ली क्षेत्र से बाहर = 17 लॉट | |
| | एलईडी वीडियोवॉल्स— आरडीएन | दिल्ली (3 लॉट), हज़रत निज़ामुद्दीन (2 लॉट) = (कुल 5 लॉट) | |
| | गैर डिजिटल आरडीएन— डिस्प्ले बोर्ड/पोल कियोस्क | आनंद विहार टर्मिनल = 1 लॉट | |
| | ग्लोबॉल टावर्स | दिल्ली, दिल्ली सराय रोहिल्ला = 2 लॉट | |
| | बैटरी चालित गाड़ियाँ | हज़रत निज़ामुद्दीन = (1 लॉट) | |
| DLIADVT JUN24-03 | आउट ऑफ़ होम साइट्स— पानी की टंकियां | दिल्ली क्षेत्र से बाहर = 35 लॉट | प्रारंभ होने का समय : 27.06.2024 को 10:00 बजे |

| | |
|---|---|
| **वेबसाइट विवरण जहां ई—नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | **https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)** |

**आईआरईपीएस के ई—नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आयोजित ई—नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:**

— ई—नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण — ई—नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई—निविदा/ई—नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

— ई—ऑक्शन लिजिंग मॉडयूल के लिए अब **वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन)** नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई—नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

| | |
|---|---|
| **किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण** | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743084** |

**संख्या.: 7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/26/2023 दिनांक: 12.06.2024** **1780/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesgroup.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

शिक्षक

**ST.** Matthew's Public Sch, A6 Paschim Vhr, Reqs NTT, PRT, Spl Edu, PGT (Maths,IP,Comm, Hindi, Pol Sci, H.Sci)#011-25266019, smpschool@gmail.com

ऑटो

प्री ओन्ड व्हीकल्स

आयातित कारें

**A** Diplomatic Mission selling Scrap Car, Embassy of Iran, new Delhi. Imported Car-Toyota Land Cruiser-Prado, Model 2008, Petrol, Color - Pearl White. Contact: 7838286351.

वैवाहिक

वर चाहिए

धर्म आधारित

मुस्लिम

**LUCKNOW** Based Ansari Soft Spoken Religious Girl (Divorce) 35/5'2" MBA B.ed Seeks Settled Groom Contact. 7376126786

बिजनेस

बिक्री के लिए

**FOR** Sale Muretec CNC Punch Press Machine Model 2048 LT very Good Running Condition AMC with Fanuc India in Faridabad Cont:- 9811569630

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

**I,** RAJKUMAR CHANDHOK (alias Raj Kumar) S/o Sh Gopal Krishna R/o C5A-309B Janakpuri New Delhi, solemnly affirm and declare, that my name is RAJKUMAR CHANDHOK but I ALSO write my name as RAJKUMAR without mentioning surname, also declare that RajKumar AND Rajkumar Chandhok is the same person having Aadhar Card No 5563 3902 7775, is father of Ms. Sonam Chandhok. Vide affidavit dt 4/05/2024 before Notary Public Delhi

**I,** Rajesh Kumar Shukla S/o Sakal Deo Shukla R/o H NO-003, Ground floor, Tower B-5, Jaypee Greens Klassic, Sector-134, Noida, UP, have changed my name to Rajesh Shukla for all future purpose.

**I,** Rajeev Kumar Shard S/o Late Sh. Krishan Lal Sharma R/o DD-20, 2nd Floor, Kalkaji Extn., New Delhi-110019 have changed my name to Rajeev Sharad for all purposes

**मैं,** Charlotte Puri पत्नी स्वर्गीय कर्नल अशोक पुरी, निवासी ई 12, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली 110024 स्पर्श के लिए अपना नाम में सुधार करते हुए Charolette Puri से Charlotte Puri कर रही हूं।

**I,** Rajesh Kumar Agarwal, S/o Late Shri Roshan Lal, resident of L-2/606 Gulmohar Garden, Raj Nagar Extension, Ghaziabad, have changed my name from Rajesh Kumar Agarwal to Rajesh Agarwal. Henceforth I would be known by the name of Rajesh Agarwal for all purposes.

THE TIMES GROUP

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact

To advertise in Classifieds, please Call

Amit : 98117 90649 for Recruitment Ads

Sunil : 9999499496 for Property ads

Aman : 9312633518 for Business Ads

Scan QR Code

TIMES interact SPECIAL

TRUST CAPITAL
Loan Starts from 1 Crore & Above
INTEREST Starts from 5.5% Negotiable
▶ Loan Available as Secured & Un Secured (All Sectors)
▶ Project Funding ▶ Cheque Basis
▶ NPA Takeover (CIBIL FREE)
9994637890 / 9894935391
trustcapital014@gmail.com / www.trustcapitalfinanceindia.com

PROPERTY FOCUS TIMES interact

Versatile Warehouse for lease at Delhi Border (Faridabad)
Hindusthan Warehouse YOUR GROWTH PARTNER
Ideal for Ecommerce, Office or Industrial use
Location: Delhi Badarpur Border, Mathura Road
Available Area: 2.5 Lakhs Sq. ft.
Grade A warehouse with Fm2 Floor
Equipped with latest Fire Fighting setup
Vastu Compliant
Cross docking facility for fluent operation
Equipped with STP & RWH facilities
Address: 12/1 Mathura Road, Faridabad.
Email: harendra.rai@hindusthan.co.in | Contact: +91 9810396582

TIMES interact

TO ADVERTISE IN CLASSIFIEDS PLEASE CALL:

TENDER / PUBLIC NOTICE: 9312633518
CHANGE OF NAME / LOST & FOUND: 8130604727
PROPERTY: 9999499496
RECRUITMENT & EDUCATION: 9811790649
MATRIMONIAL: 9310298131
SHOPPING: 9312633518
BUSINESS: 9312633518
SERVICES / VEHICLES & TRAVEL: 9999499496

TIMES interact HEALTH & WELLNESS

गुप्त रोगी मिलें घर बैठे दवा मगायें
सैक्स समस्यायें
शुगर/मोटापा या बचपन की गलती के कारण नसों की खराबी शुक्राणु कमी की जगह-जगह दवा खा चुके निराश रोगी शादी से पहले/बाद सलाह लें
प्रोस्टेट का बिना ऑपरेशन आयुर्वेदिक इलाज
आकाश दवाखाना समय 10 – 7 तक
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजाद पुर दिल्ली
Call: 9953396533

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹999 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284,कोड़िया पुल चौक,पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

To place an ad in TIMES interact
For Personal ads Call - Pankaj : 8130604727

ऑर्थोस्क्वेअर OrthoSquare
अब डेंटल इमप्लांट से नये फिक्स दांत लगवाये
केवल 3 दिन में*
इमप्लांट के पहले
इमप्लांट के बाद
दांतो की कोई भी समस्या हो Come to Orthosquare
125+ Dental Clinics
2 Lakh+ Happy Patients
4.8 ★ Google Ratings
India's Most Trusted Dental Chain
Easy EMI Available
9665-316-531
9167-195-818

# एक रात में 4 कारें हुईं चोरी

■ एनबीटी न्यूज, कोटला मुबारकपुर

AI Image

साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1 में वारदात

**साउथ डिस्ट्रिक्ट** के साउथ एक्सटेंशन, पार्ट-1 में चोरों ने एक ही दिन में चार महंगी गाड़ियों पर हाथ साफ किया। चारों घटनाओं में पीड़ितों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली वारदात नहीं है, आए दिन चोरी की वारदात होती रहती हैं। पुलिस से शिकायत करते है, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में कोटला मुबारकपुर थाना पुलिस आसपास लगे CCTV फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

साउथ एक्सटेंशन, पार्ट-1 रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन के वाइस प्रेजिडेंट मंजीत सिंह चुग ने बताया कि साउथ डिस्ट्रिक्ट का साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1 पॉश एरिया है। पुलिस की लापरवाही के कारण यहां आए दिन चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। मंजीत सिंह के अनुसार, मंगलवार को चोरों ने एक साथ चार गाड़ियों को निशाना बनाया। चोरों ने मनीष सिंघल, विनोद कुमार, नीरू गुप्ता और नकुल कपूर की कार चोरी की है। वहीं रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन के सचिव गौरव बत्रा ने बताया कि फरवरी में यहां से चोरों ने सात बैटरी चोरी की थी। कई बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस बार उन्होंने चारों घटनाओं की सूचना जिले के DCP से लेकर जॉइंट सीपी तक दी है। स्थानीय लोगों की मांग है कि यहां पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए।

# बदमाशों ने रेस्टोरेंट में की लूटपाट

■ एनबीटी न्यूज, वेलकम

**₹65 हजार और तीन मोबाइल लूटकर हुए फरार**

**वेलकम** इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने रेस्टोरेंट में घुसकर लूटपाट की। आरोपियों ने 65 हजार रुपये और तीन मोबाइल लूट लिए। वेलकम थाना पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस रेस्टोरेंट में लगे CCTV कैमरे की फुटेज खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित काशिफ (25) ने बताया कि वह बाबरपुर इलाके में रहते हैं। काशिफ नजीर रेस्टोरेंट में कैशियर का काम करते हैं। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह रेस्टोरेंट बंद करने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच वहां दो हथियारबंद आरोपी घुस आए। आरोपियों ने काशिफ और उनके साथी विवेक को बंधक बना लिया। उसके बाद कैश काउंटर से करीब 65 हजार रुपये कैश और वहां रखे तीन मोबाइल फोन निकाल लिए। बाद में वह गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एयरपोर्ट पर CPR देकर CISF कर्मियों ने यात्री की बचाई जान

**इलाज के लिए भेजा मेदांता अस्पताल**

■ **एनबीटी न्यूज, एयरपोर्ट:** आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ कर्मियों ने समय से सीपीआर देकर एक यात्री की जान बचा ली। बाद में उन्हें मेदांता अस्पताल भेज दिया गया। सीआईएसएफ के प्रवक्ता अखिलेश कुमार शुक्ल ने बताया कि 11 जून की सुबह एसआई लक्ष्मण उपाध्याय बोर्डिंग गेट नंबर 6 पर ड्यूटी पर थे। तभी वैंकूवर जाने वाले बलबीर सिंह बेहोश हो गए। एसआई लक्ष्मण ने अन्य कर्मियों की मदद से यात्री को सीपीआर दिया, जिससे उन्हें होश आ गया।


**IDBI BANK** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838

1. बैंक के आपदा रिकवरी (डीआर) केंद्र को चेन्नई से हैदराबाद में सह-स्थान सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए आरएफपी
2. बैंक के आपदा रिकवरी (डीआर) केंद्र को चेन्नई से बेंगलुरु में सह-स्थान सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए आरएफपी

आईडीबीआई बैंक हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए आरएफपी के लिए पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद प्रस्ताव आमंत्रित करता है। कृपया विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://www.idbibank.in** (नोटिस और निविदाएं) पर जाएं।

**नोट:** उपरोक्त आरएफ़पी के संबंध मे कोईऔर परिशिष्ट / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वैबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे । समाचार पत्रों मे इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी । अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध मे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वैबसाइट देखते रहें।



राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार
एनपीटीआई कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003, हरियाणा, भारत




**प्रवेश सूचना**
स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रिड इंटरफेस तकनीक
एनपीटीआई बदरपुर-नई दिल्ली । एनपीटीआई शिवपुरी - मध्य प्रदेश । । एनपीटीआई नेवेली - तमिलनाडु । एनपीटीआई अलप्पुझा - केरल ।
विभिन्न पीजीडीसी पाठ्यक्रमों के पिछले बैचों का 100% प्लेसमेंट रिकॉर्ड
प्रतिष्ठित राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋण सुविधा उपलब्ध
पंजीकरण की अंतिम तिथि : 28 जुलाई, 2024
आवेदन के लिए स्कैन करें
अभी आवेदन करें
महिला आवेदकों के लिए 10% की विशेष छूट
CBC 34107/12/0007/2425
बदरपुर : 9741811574 । शिवपुरी : 9358283163 । नेवेली : 8800124789 । अलप्पुझा : 8610802949 www.npti.gov.in



सफलता का एक ही पैमाना
टॉपर्स ने भी यही माना




ENGLISH EDITION ALSO AVAILABLE
To purchase online log on to : www.pdgroup.in






**सभी सेवाओ सहित पैकेज** — INR 2,07,200 से शुरू (मासिक किश्तें पर भी उपलब्ध)
- मोहक यूरोप (14 रात / 15 दिन)
- मिनि यूरोप (8 रात / 8 दिन)
- वैभवपूर्ण यूरोप) (12 रात / 13 दिन)
- पूर्वी यूरोप के आश्चर्य (6 रात / 7 दिन)
- यूरोप की यादें - (9 रात / 10 दिन)

**केवल स्थलीय पैकेज** — INR 1,34,750 से शुरू (मासिक किश्तें पर भी उपलब्ध)
- मोहक पुर्तगाल एवं स्पेन (10 रात / 11 दिन)
- मोहक स्कैंडिनेविया (8 रात / 9 दिन)
- अद्भुत यूरोप (10 रात / 11 दिन)
- युनाइटेड किंगडम में सर्वोत्तम (5 रात / 6 दिन)

हवाई यात्रा टिकिट (जब तक निर्दिष्ट न हो) वीज़ा, आवास, भोजन और यात्रा कार्यक्रम के अनुसार दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा (60 वर्ष की आयु तक), टुर मैनेजर, टिप्स



**दुर्गा पूजा 2024**
दुर्गा पूजा के लिये पैकेज का शुभारंभ!! INR 48,275.00 से शुरु
हमारे पास आपके लिए अधिकाधिक होलिडे पैकेज सबसे कम कीमत पर उपलब्ध हैं!!
यूरोप, मलेशिया और सिंगापुर, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र (पैकेज की सभी सेवाएँ शामिल)
और यूरोप, दुबई, न्यूजीलैंड, तुर्की, हांगकांग, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका (केवल स्थलीय पैकेज)
अभी कॉल करें और सबसे अच्छे अर्ली बर्ड ऑफ़र का लाभ उठाएँ!! जल्दी करें

उल्लिखित प्रति व्यक्ति मूल्य दो व्यक्तियों के कमरा साझा करने / ट्विन शेयर के आधार पर (मुंबई / दिल्ली से)। अंतिम मूल्य, अंतिम भुगतान की तिथि पर प्रजलित ROE (विनिमय की दर) पर लिया जाएगा। जीएसटी और टीसीएस अतिरिक्त है। शर्ते लागू ।

बेंगलुरु 73569 78093, 96003 77325 | चेन्नई 044 4211 1900 | नई दिल्ली 011 4252 4111 | हैदराबाद 040 4012 6565 | कोलकाता 033 2222 5555 | मुंबई 022 4214 3333 | विशाखापट्टनम 0891 3101 212

**बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक प्रतिष्ठान)
रजिस्टर्ड ऑफ़िस : 21 नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता - 700 001
सीआईएन : L15492WB1924GOI004835
www.vacationsexotica.com • ई-मेल : holidays@balmerlawrie.com
157 वर्षों का भरोसा, विश्वसनीयता तथा पारदर्शिता की विरासत






Benefits made just for you

| | Cash benefits upto* | Exchange | Pride of India / Corporate | Total benefits upto* |
|---|---|---|---|---|
| i20 | ₹35 000 | ₹10 000 | | ₹45 000 |
| AURA | ₹30 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹43 000 |
| Grand i10 NIOS | ₹35 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹48 000 |
| VENUE | ₹35 000 | ₹10 000 | | ₹45 000 |

Hyundai Cl!ck to Buy — Scan here
3 YEAR 1 00 000km** Warranty Coverage
3 YEAR Unlimited** Kilometer Warranty
UPTO 7 YEARS Extended Warranty^
3 YEARS Road Side Assistance (RSA)
UPTO 5 YEARS Shield of Trust — Running Repair Package
UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super — Maintenance Package

HYUNDAI

Showrooms open till 9.00 PM
Get additional ₹5000 Scrappage Bonus on scrapping your existing car.*

**CENTRAL DELHI:** PAHWA (Karol Bagh) 8800053250; BAGGA LINK (East Patel Nagar) 8800021533; SUNRISE (Daryaganj) 8448094650
**WEST DELHI:** DEEP (Mangolpuri) 011-45559555; DEEP (Mundka Indl. Area) 8860606033; TRIUMPH (Janakpuri) 9311865801; FRONTIER (Raja Puri Dwarka) 9711575950; UNIVERSAL (Najafgarh) 9953757023; VD (Peeragarhi) 9899908368; HANS (Motinagar) 9871377445; SAPPHIRE (Mayapuri Ph-1) 9650108001; SAPPHIRE (Sec. 20 Dwarka) 8448189473
**SOUTH DELHI:** SHUBAN SAI (Mathura Road, MCIE) 8882435400; KONCEPT (Safdarjung Enclave) 8750217777; KONCEPT (Green park) 8750217777; KONCEPT (Kailash Colony Branch) 8750217777; KONCEPT (Okhla) 8750217777; RAMAA (Lajpat Nagar) 9711115252; LAMBA (Malviya Nagar) 7290008982
**NORTH DELHI:** UNITY (Shalimar Place) 9643332012; UNITY (Rohini) 9811780666; PAHWA (Shakti Nagar) 8800025123; LAMBA (Wazirpur) 9811553341; MALWA (Narela) 9053070847; MALWA (Pitampura) 9289094801
**EAST DELHI:** SHUBAN SAI (East Gokulpuri) 9289351141; SUNRISE (Opp. Mother Dairy Plant) 9871952249; SUNRISE (Patparganj) 9871952251; HIMGIRI (Dayanand Vihar) 7982085550; HIMGIRI (Jhilmil Indl. Area) 8287110966
**NOIDA:** FORTUNE (Noida Extension) 9355003301; KARMA (Sector-85) 9999122790; KARMA (Sector-49) 9289528800; JRD NIMBUS (Sector-5) 9540200200; CAPITAL (Sector-63) 9999489444; CAPITAL (Dadri) 9899156393; ROYAL DREAM (Noida) 7042493311
**GREATER NOIDA:** FORTUNE (D-74, Site-IV) 9540083004
**FARIDABAD:** MAHADEV (NHPC Chowk) 7042193333; MAHADEV (Mathura Road) 7669046296; MAHADEV (Byepass Road) 8929439504; BOHRA (Neelam Bata Road) 8800011100; CAPITAL (NIT Faridabad) 9355931100; TRIUMPH (Near YMCA Chowk) 9643400505
**GURUGRAM:** DEE EMM (Sector-16) 8588891541; DEE EMM (MG Road) 7289910900; DEE EMM (Sector-49) 8585900822; HIMGIRI (Palam Vihar) 7011321731; HIMGIRI (Golf Course Road, Sector-53) 8287110854; TRIUMPH (Golf Course Extension Road) 9205942100; SAFDARJANG (Sohna Road) 9910389341; SAFDARJANG (Hero Honda Chowk) 9871395437; SAFDARJANG (Udyog Vihar-IV) 8860626993
**GHAZIABAD:** M.R. (Site-IV Indl. Area Branch) 9312821198; M.R. (Loni Road) 9312821180; PAWAN (Lal Kuan) 8800095777; DREAM (Meerut Road) 9560795307; SHINE (Silver City Mall) 7065543000
**SOHNA:** JMV 9999116665 | **MANESAR:** TRIUMPH 7210004500 | **PATAUDI:** TRIUMPH 9289361701 | **MODINAGAR:** FORTUNE 8194000854 | **JEWAR:** FORTUNE 9643316502 | **FARRUKHNAGAR:** TRIUMPH 8588853368 | **HODAL:** SHREE PUSHP 7082203601 | **TAURU:** JMV 9999116660 | **PALWAL:** PARASHAR 9671777736 | **GANNAUR:** MALWA 9468100934 | **GOHANA:** MALWA 9468100733 | **KHARKODA:** MALWA 9671111169 | **KUNDLI:** MALWA (NH-1, 31 K.M. Stone) 9467800924 | **SONIPAT:** MALWA (Jat Joshi, Bahalgarh Rd.) 9467700733 | **BULANDSHAHR:** FORTUNE (Bhoor Crossing, Delhi Rd.) 8272072034

For any Bulk enquiry please contact: munmi.rajguru@hmil.net (Delhi), sumeetkalra@hmil.net (NCR)

my Hyundai app | Hyundai Promise — Certified Pre-Owned Car | Scan to chat with us

*Terms & Conditions apply. Benefits include cash discount, exchange bonus and benefits for government or corporate employees, whichever is applicable. Benefits may vary with variants and are subject to change without prior notice. **3-year warranty or upto 1 00 000 km whichever is earlier for Grand i10 NIOS, AURA, i20 & i20 N line. 3-year unlimited km warranty is applicable for VENUE, VENUE N Line, CRETA, ALCAZAR, TUCSON, VERNA, KONA Electric and IONIQ 5. ^Upto 7 years extended warranty is applicable only for petrol variants. HMIL reserves the right to withdraw/modify the scheme without prior notice. Scrappage bonus is only applicable on select models. Based on Certificate of deposit (issued by government approved operational centre) by the customer. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads.

## फटाफट खबरें

### क्या पीएम मणिपुर जाएंगे : उद्धव ठाकरे

■ भाषा, मुंबई : शिवसेना (UBT) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को सवाल किया कि मणिपुर की स्थिति पर RSS प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के बाद क्या पीएम नरेंद्र मोदी वहां का दौरा करेंगे? ठाकरे ने यह भी पूछा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने के प्रावधान वाले अनुच्छेद- 370 को हटाए जाने के बाद वहां जमीनी स्तर पर क्या बदलाव आया है? ठाकरे ने सवाल किया, 'मोहन भागवत ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। उन्होंने एक साल बाद यह बात कही है। क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री वहां नहीं जाएंगे?

### POCSO मामले में येदियुरप्पा को नोटिस

■ भाषा, बेंगलुरु : कर्नाटक के CID ने पूर्व मुख्यमंत्री और BJP नेता बी. एस. येदियुरप्पा को उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में नोटिस जारी कर जांच के लिए पेश होने को कहा है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा फिलहाल दिल्ली में हैं और लौटने के बाद उनके जांच में शामिल होने की संभावना है। पुलिस के अनुसार, POCSO ऐक्ट और यौन उत्पीड़न की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 26 जून को मिलेगा नया स्पीकर, 3 जुलाई तक चलेगा पहला सत्र

## 24 से शुरू होगा संसद का सत्र, पहले दिन नए सदस्य लेंगे शपथ

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**24 जून** से 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र शुरू होगा। सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजीजू ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। उसी दिन पीएम नरेंद्र संसद के दोनों सदनों में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का परिचय कराएंगे।

सत्र के पहले दिन लोकसभा प्रोटेम स्पीकर चुनती है, जो सभी सदस्यों को शपथ दिलाता है। बताया जाता है कि सत्र के पहले दो दिन में शपथ ग्रहण पूरा हो जाएगा। आमतौर पर सदन के सबसे वरिष्ठ, अनुभवी या सबसे ज्यादा बार जीते सदस्य को प्रोटेम स्पीकर चुना जाता है। सदस्यों का शपथ ग्रहण पूरा होने के बाद स्पीकर चुना जाता है। अगर सत्तारूढ़ दल की ओर से स्पीकर के लिए उम्मीदवार का नाम सामने आता है और पूरा सदन उसके नाम से सहमत होता है तो फिर स्पीकर का चुनाव नहीं होता। उसे स्पीकर स्वीकार कर लिया जाता है। इसके विपरीत अगर विपक्ष ने अपनी ओर से स्पीकर पद के लिए कोई उम्मीदवार सामने किया तो वोटिंग होती है। 26 जून को लोकसभा को उसका नया अध्यक्ष मिल जाएगा। लोकसभा 24 जून से और राज्यसभा 27 जून से बैठेगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण, प्रधानमंत्री मोदी के अपने सहयोगी मंत्रियों के परिचय के बाद दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके अंत में पीएम दोनों सदनों में इस प्रस्ताव पर अपना जवाब देंगे।

माना जा रहा है कि सत्र की शुरुआत ही विपक्ष के तीखे तेवरों के साथ होगी। विपक्ष मणिपुर से लेकर जम्मू-कश्मीर में हिंसा और अशांति को लेकर सरकार को घेर रहा है। NEET मामले और बेरोजगारी पर आवाज उठा रहा है। इससे साफ है कि विपक्ष जरूरी औपचारिकता पूरी होने के बाद सरकार को घेरने की रणनीति बनाएगा।



### TDP और JDU को किया आगाह

■ गहलोत ने BJP के सहयोगियों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गोवा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान में BJP की ओर से सरकार गिराने के षडयंत्रों को नहीं भूलना चाहिए। उनमें से कई राज्यों में तो स्पीकर की भूमिका के चलते ही सरकार गिरी और पार्टियां टूटीं। BJP लोकसभा स्पीकर का पद अपने पास रखती है तो TDP-JDU को अपने सांसदों की हॉर्स ट्रेडिंग होते देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। चंद्रबाबू नायडू को याद दिलाया कि कैसे 2019 में उनकी पार्टी के छह राज्यसभा सदस्यों में से चार BJP में शामिल हो गए थे।

### कांग्रेस ने मंशा पर उठाए सवाल

■ लोकसभा स्पीकर का मुद्दा बड़ा बनता दिख रहा है। हालांकि, अभी तक NDA में यह साफ नहीं है कि स्पीकर का पद BJP अपने पास रखेगी या गठबंधन के दो बड़े घटक दलों TDP और JDU में से किसी एक को देगी। कांग्रेस ने कटाक्ष करते हुए BJP से कहा है कि उसके मन में अगर कोई अलोकतांत्रिक काम करने का इरादा नहीं है तो यह पद सहयोगी को दे देना चाहिए। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने गठबंधन सरकारों के समय स्पीकर चुनाव की परंपरा से जुड़े आंकड़ों को सामने रखते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि लोकसभा स्पीकर पद के चुनाव की ओर केवल TDP या JDU ही नहीं, बल्कि पूरे देश की जनता उत्सुकता से देख रही है। गठबंधन धर्म को निभाते हुए 1998-2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में TDP और शिवसेना के स्पीकर और यूपीए सरकार में 2004 से 2009 तक CPM के स्पीकर रहे और अच्छे से लोकसभा का प्रबंधन हुआ।

## जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने मंत्री पद की शपथ ली

# चौथी बार नायडू बने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, PM ने लगाया गले

■ भाषा, अमरावती

**तेलुगु देशम** पार्टी (TDP) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। जनसेना प्रमुख और ऐक्टर पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत दूसरे नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने शपथ दिलाई। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, BJP के सीनियर नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे।

शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को पीएम मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में प्रधानमंत्री ने ऐक्टर चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे बात की। मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। नायडू और लोकेश के अलावा, TDP विधायक के. अच्चेन्नायडू, पी. नारायण, कोल्लू रवींद्र, निम्मला राम नायडू, अनिता वंगालपुडी, अनम रामनारायण रेड्डी, कोलुसु पार्थसारथी, एनएमडी फारूक, पय्यावुला केशव, ए. सत्य प्रसाद, डोला श्री बाला वीरंजनेय स्वामी, गोट्टीपति रवि कुमार, जी. संध्या रानी, बीसी जनार्दन रेड्डी, टी. जी. भारत, एस. सविता, वासमसेट्टी सुभाष, कोंडापल्ली श्रीनि वा स और मंडीपल्ली राम प्रसाद रेड्डी ने भी शपथ ली। जनसेना से नादें द ला मनोहर और कंदुला दुर्गेश जबकि BJP विधायक सत्य कुमार यादव ने मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश विधानसभा की सदस्य संख्या (175) के अनुसार, मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 26 मंत्री हो सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और जे. पी. नड्डा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, पूर्व चीफ जस्टिस एन. वी. रमण भी समारोह में शामिल हुए।



नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे।

### क्या विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे: कांग्रेस

■ भाषा, नई दिल्ली : कांग्रेस ने नायडू के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बीच कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को साफ करना चाहिए कि क्या वह दक्षिण भारत के इस राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिलाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि जब तक नायडू इस मुद्दे को आक्रमक ढंग से नहीं उठाएंगे, तब तक यह उम्मीद कम ही है कि पीएम कुछ कदम उठाएंगे।

## एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट और हेलिकॉप्टर बेड़े ने चुनाव में 1000 घंटे भरी उड़ान

AI Image



■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**लोकसभा चुनाव** में एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टर के बेड़े ने भी अहम योगदान निभाया। एयरफोर्स के मिडियम लिफ्ट हेलिकॉप्टर्स Mi-17, लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर चेतक और स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर्स एएलएच ध्रुव ने EVM को एक से दूसरी जगह ले जाने और चुनाव आयोग के लोगों की तैनाती में रोल निभाया। दूरदराज के पोलिंग स्टेशनों में पोलिंग ऑफिसर्स को मतदान की तारीख से दो दिन पहले वहां पहुंचाने और पोलिंग के बाद वहां से लाने में एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट और हेलिकॉप्टर बेड़े का इस्तेमाल हुआ। सात फेज के मतदान में से पांच फेज में एयरफोर्स का अहम रोल रहा। एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट और हेलिकॉप्टर बेड़े ने कुल 1000 घंटे उड़ान भरी। कुल उड़ानों की संख्या 1750 रही। लोकसभा चुनाव में आर्मी और BSF के हेलिकॉप्टर का भी इस्तेमाल किया गया।

> आर्मी और BSF के हेलिकॉप्टर का भी इस्तेमाल किया गया

# वायनाड और रायबरेली छोड़ने को लेकर असमंजस में हूं : राहुल

■ भाषा, मलप्पुरम

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन-सी सीट छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि वह जो भी फैसला लेंगे, दोनों क्षेत्रों के लोग उससे खुश होंगे। लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया।

राहुल ने केंद्र में बनी सरकार को पंगु करार दिया और कहा कि विपक्ष ने BJP को करारा जवाब दिया है। कांग्रेस सांसद ने एक जनसभा में कहा, 'मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। मेरे सामने दुविधा है कि मैं वायनाड का सांसद बना रहूं या रायबरेली का। मैं उम्मीद करता हूं वायनाड और रायबरेली दोनों ही मेरे फैसले से खुश होंगे।' राहुल गांधी ने कहा, 'दुर्भाग्यवश, मेरे पास यह सुविधा नहीं है क्योंकि मैं एक इंसान हूं और भगवान मुझे आदेश नहीं देते। मेरे लिए, यह बहुत आसान है। मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं। मेरे भगवान वायनाड के लोग हैं।'

IANS



मलप्पुरम में राहुल गांधी ने रोडशो कर लोगों को धन्यवाद दिया।

# ओडिशा में BJP का पहला CM, दो डिप्टी CM ने भी ली शपथ

■ भाषा, भुवनेश्वर : आदिवासी नेता और चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को ओडिशा के पहले BJP मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सीनियर BJP नेता और पटनागढ़ से विधायक के. वी. सिंह देव और निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। पिछली विधानसभा में BJP के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। समारोह में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी शामिल हुए। यह पहली बार है जब ओडिशा में BJP की सरकार बनी है। सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, गोवा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड सहित BJP शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। BJP को पहली बार ओडिशा में स्पष्ट जनादेश मिला जिससे बीजू जनता दल का 24 साल पुराना शासन खत्म हो गया। राज्य की 147 सदस्यीय विधानसभा में BJP 78 सीटें हासिल करके सत्ता में आई। पटनायक की पार्टी को 51, कांग्रेस को 14, CPM को एक सीट मिली।

> माझी चौथी बार विधायक चुने गए हैं। उन्होंने क्योंझर से जीत दर्ज की है

PTI



समारोह में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी शामिल हुए।

### 'कभी सोचा नहीं था कि पति मुख्यमंत्री बनेंगे'

■ भाषा, भुवनेश्वर: मोहन चरण माझी को जब नया मुख्यमंत्री घोषित किया गया तो उनका परिवार आश्चर्यचकित रह गया। आवाज में अविश्वास और गर्व के मिलेजुले भाव के साथ मोहन की पत्नी प्रियंका ने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह (मोहन) मुख्यमंत्री बनेंगे। मुझे यह उम्मीद थी कि उन्हें BJP मंत्रिमंडल में मंत्री पद मिलेगा। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक चौंका देने वाला था।' उन्होंने भरोसा जताया कि उनके पति राज्य के लोगों और अपने निर्वाचन क्षेत्र क्योंझर के लिए अच्छा काम करेंगे। मोहन माझी की मां बाले माझी ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बन गया। वह कम उम्र में ही लोगों की सेवा करने के लिए आगे आया। माझी के बेटे कृष्ण केंद्रीय विद्यालय में आठवीं में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे बड़ी हैरानी हुई कि मेरे पिता मुख्यमंत्री बन गए।'



मोहन चरण माझी


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका **रंग:** साफ, **कद:** 5 फुट 6 इंच, **उम्र:** 75 वर्ष, **पहचान का निशान:** पेट के दायीं ओर नीचे की तरफ तिल का निशान, जिसने गोल्डन रंग की कमीज और काले रंग की लोअर पहनी थी, जो शनी मंदिर के पास, कैम्प नं. 5, ज्वालापुरी, दिल्ली में सायं 5:18 बजे मिला और जिसे इलाज के लिए भगवान महावीर अस्पताल में वाईड एमएलसी नं. 8673/2024 दिनांक 15.05.2024 के तहत भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 88ए, दिनांक 29.05.2024 को थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली**
**फोन: 7627950438, 7065036130**

DP/7308/OD/2024

## गुमशुदा की तलाश



रिया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नाम: रिया पुत्री** रनजीत मांझी **निवासी:** सुरेश का मकान, अलीपुर गढ़ी, दिल्ली **उम्र:** 08 वर्ष, जो कि अपने घर से 06.06.2024 सायं: 8.30 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **FIR No. 383/2024, U/S 363 IPC, दिनांक 07.06.2024 के तहत पुलिस स्टेशन, अलीपुर, दिल्ली** में पंजीकृत किया गया।

शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

**रंग:** गेंहुआ, **कद:** 4'0'' **चेहरा:** गोल, **पहचान:** दाहिने आईब्रो के उपर चोट का निशान, **पहनावा:** गहरे लाल रंग की टी–शर्ट और काला रंग का पजामा एवं नंगे पैर है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**मो. नं.: 9289156805 & 7065036325**
**वेबसाईट: http://cbi.nic.in**
**थाना प्रभारी, पुलिस स्टेशन अलीपुर, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली**

DP/7263/ON/2024

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

पत्र संख्या: 1403/MP/Zonl-5/24 दिनांक: 07/06/2024

**"सार्वजनिक सूचना"**

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता कि श्री जयनन्द शर्मा खसरा संख्या–948/2 क्षेत्रफल 605.00 वर्ग मीटर ग्राम डूडाहेडा गाजियाबाद पर पैट्रोल पम्प भवन हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित भूमि पर नियोजन अनुभाग की आख्यानुसार "मास्टर प्लान–2021 के अनुसार प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग 45 मी0 चौड़े मार्गाधिकार को छोड़ने के उपरान्त शेष भाग आवासीय मध्यम घनत्व के अर्न्तगत प्रदर्शित है।" गाजियाबाद महायोजना–2021 के जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधानो के अनुसार आवासीय मध्यम घनत्व के अर्न्तगत पैट्रोल पम्प क्रिया अनुमन्य है। ऐसी क्रिया की अनुमति से पूर्व जन–सामान्य से एक माह हेतु आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आंमत्रित किये जाते है यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जा सकेगा।

**मुख्य नगर नियोजक**

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएप: 9990988004 वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रवीण** पुत्र **मनोहर लाल** निवासी **सी–2/61, नन्द नगरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 169/2023 U/s 354/452/325/506/34 IPC, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रवीण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रवीण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 169/2023 U/s 354/452/325/506/34 IPC, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रवीण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.09.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधी बाला**
**एलडी. महानगर दण्डाधिकारी (महिला कोर्ट–3)**
**कमरा नं. 08, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/7292/NE/2024(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ममता, पत्नी:** अमित कुमार, **पता:** मकान संख्या 28/60 कस्तूरबा नगर शाहदरा दिल्ली, ने **FIR No. 433/2023 U/s 21/25/29 NDPS ACT, थाना: नरेला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ममता** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ममता** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 433/2023 U/s 21/25/29 NDPS ACT, थाना: नरेला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ममता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री धीरेन्द्र राणा**
**एलडी एएसजे/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), कमरा नं. 207, रोहिणी न्यायालय, नई दिल्ली**

DP/6989/ON/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसीम, पुत्र: दीन मोहमद, पता: बाबू का मकान, गली नं. 18/1, नेहरू विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 360/2016, U/S 25 A. Act, पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नसीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 360/2016, U/S 25 A. Act, पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अभियुक्त **नसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सुखजीत सिंह**
**मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–03**
**कमरा सं. 22, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/7217/NE/2024


### कांग्रेस ने किया भागवत पर तंज़

■ विस, नई दिल्ली : कांग्रेस ने BJP, खासकर पीएम नरेंद्र मोदी के काम करने के तरीके पर RSS प्रमुख मोहन भागवत के उठाए गए सवालों को लेकर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि अब बोलने का क्या फायदा है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि तमाम अहम मुद्दों पर पिछले 10 वर्षों से चुप्पी लगाए रखने वाले भागवत के अब बोलने का क्या फायदा, जब चिड़िया चुग गई खेत। कांग्रेस का कहना था कि जब RSS अप्रासंगिक हो गया तो भागवत के बोलने का क्या फायदा है।

### हिमाचल प्रदेश में 6 MLA ने शपथ ली

■ भाषा, शिमला : हिमाचल प्रदेश में चुने गए छह विधायकों ने बुधवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। पूर्व मंत्री और धर्मशाला से BJP विधायक सुधीर शर्मा ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद लाहौल और स्पीति से कांग्रेस विधायक अनुराधा राणा ने शपथ ली। शपथ लेने वाले दूसरे नेताओं में कांग्रेस विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, BJP विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, कांग्रेस विधायक राकेश कालिया और विवेक शर्मा शामिल हैं।


## उत्तर मध्य रेलवे

शुद्धि पत्र

**शुद्धि पत्र : निविदा संख्या 2024-मई-05-04**

अपरिहार्य कारणों से निविदा संख्या 2024-मई- 05-04 निरस्त की जाती है।

941/24 (AN)

www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 3520242025 Dated 08/06/2024

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 03.07.2024 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा नं.** : 85 | **अनुमानित मूल्य (रू.)** : 2,33,94,946.83 | **बयाने की रकम (रू.)** : 2,67,000.00 |
| **कार्यों का विवरण : कानपुर-सेन्ट्रल** :- सहायक मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/द्वितीय/ कानपुर के अन्तर्गत अतिक्रमण/अतिक्रमण को रोकने के लिए आर.सी.सी. चारदीवारी के निर्माण का कार्य। | | |
| **निविदा नं.** : 86 | **अनुमानित मूल्य (रू.)** : 2,33,94,946.83 | **बयाने की रकम (रू.)** : 2,67,000.00 |
| **कार्यों का विवरण : कानपुर-सेन्ट्रल** :- सहायक मण्डल अभियन्ता/ मुख्यालय/प्रथम/कानपुर के अन्तर्गत संवेदनशील स्थानों पर अतिक्रमण/अतिक्रमण को रोकने के लिए आर.सी.सी. चारदीवारी के निर्माण का कार्य। | | |

**कार्य समापन की अवधि** : 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि : 03.07.2024, इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य** : कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य, जिसमे अन्य कार्यों के बीच आर.सी.सी. कार्य शामिल हो, **नोट : 1.** आन लाइन निविदा निविदा दिनांक **03.07.2024** को **13:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30** बजे टेण्डर खुलने की तिथि **03.07.2024** तक उपलब्ध है।

1005/24 (AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @ CPRONCR

## भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–I)पी/(आरएसपी–ईयूआर/वॉल्. I दिनांक : 12.06.2024

**शुद्धिपत्र सं. 3 & 4**

विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं–256 डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in

1772/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नॉर्थ-ईस्ट का विकास जारी रहेगा : सिंधिया

IANS



सिंधिया ने डिवेलपमेंट ऑफ नॉर्थ-ईस्ट रीजन मंत्रालय का चार्ज संभाला।

Poonam.Pandey@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली** : डिवेलपमेंट ऑफ नॉर्थ-ईस्ट रीजन (DoNER) मिनिस्ट्री का कार्यभार बुधवार को ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संभाला। मंत्रालय के राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार मंगलवार को ही चार्ज ले चुके हैं। सिंधिया ने कहा कि पिछले 10 साल में जिस तरह नॉर्थ-ईस्ट का तेजी से विकास हुआ है वह उसी तरह जारी रहेगा।

सिंधिया ने कहा कि 10 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी रीजन में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। इस क्षेत्र को जो प्राथमिकता पीएम मोदी ने दी वह पहले कभी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि रोड, रेल और सिविल एविएशन सभी क्षेत्रों में यहां काम हुआ है। सिंधिया ने कहा, 'हम दोनों (राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार भी) संकल्प लेते हैं कि उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए पीएम का जो विजन है उसे पूरी तरह साकार करने के लिए मेहनत करेंगे। सुकांत मजूमदार ने भी 10 वर्षों में हुए विकास कामों का जिक्र किया। मणिपुर क्राइसिस के बारे में पूछने पर कहा कि इस स्थिति को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो भी जरूरी कदम होंगे उठाए जाएंगे।

DoNER मिनिस्ट्री अकेली ऐसी मिनिस्ट्री है जिसका प्रादेशिक (टेरिटोरियल) क्षेत्राधिकार है। नॉर्थ-ईस्ट रीजन में विकास की स्कीम और प्रोजेक्ट की प्लानिंग से लेकर, इसे लागू करना और मॉनिटरिंग का जिम्मा इसी मंत्रालय का है। यह इसलिए ज्यादा अहम हो जाता है क्योंकि नॉर्थ-ईस्ट के राज्य इंटरनैशनल बॉर्डर के लिहाज से भी बेहद अहम हैं। अरुणाचल प्रदेश की सीमा भूटान, चीन, म्यांमार से लगती है। असम की सीमा बांग्लादेश और भूटान से लगती है। मणिपुर की म्यांमार से, मेघालय की बांग्लादेश से, मिजोरम की बांग्लादेश और म्यांमार से, नगालैंड की म्यांमार से, सिक्किम की भूटान, चीन और नेपाल से लगती है।

> '10 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी रीजन में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं'

बॉर्डर के गांवों तक विकास पहुंचाने के लिए पिछली सरकार में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम शुरू किया गया था। अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा पर बसे कई गांवों को वाइब्रेंट विलेज के तौर पर चिन्हित किया गया है। फर्स्ट फेज में प्रायॉरिटी के तौर पर चिन्हित गांवों में कुछ निर्माण काम हुए हैं। मंत्रालय के सामने बड़ी चुनौती इन वाइब्रेंट विलेज तक सही में विकास पहुंचाने की होगी। बॉर्डर के इन गांवों के लोगों को बेहतर जीवन के साथ ही अच्छे इंग्लिश मीडियम स्कूल से लेकर बेहतर फोन और इंटरनेट नेटवर्क की उम्मीद है। बॉर्डर के कई इलाकों में अभी भी इंटरनेट कनेक्टिविटी बेहद खराब है, जिस पर काम करना होगा।

विकसित भारत
विकसित छत्तीसगढ़

# सुशासन और समग्र विकास के



6 माह



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विकास की नई राह

- कृषक उन्नति से समृद्ध किसान, 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिला धान का दाम
- मिला दो वर्षों का 3716 करोड़ रुपए बकाया बोनस
- पीएम आवास से 18 लाख से अधिक परिवारों को अपना मकान
- मुफ्त अनाज से गरीबों का कल्याण, एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्षों तक राशन
- महतारी वंदन से महिलाओं को आर्थिक संबल, प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की मदद से 70 लाख महिलाओं को मिला बल
- तेंदूपत्ता मानदेय अब बढ़कर प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए भुगतान, आदिवासी का सम्मान
- शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिली, युवाओं में चहुँओर खुशी
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित, युवा रहेगा अब निश्चिंत
- 'नियद नेल्लानार' से माओवादी समस्या का पूर्ण निदान, लड़ाई से आगे बढ़ विकास का विधान
- त्वरित निर्णय- सख्त प्रशासन, विगत 6 माह में, 129 माओवादी ढेर, 488 गिरफ्तार, 431 आत्मसमर्पण
- 'रामलला दर्शन योजना' से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का मिल रहा सौभाग्य

S-40366/6

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## फटाफट खबरें

### कोर्ट परिसर में पाक के समर्थन में नारे लगाए

■ **भाषा, बेलगावी :** गैंगस्टर जयेश पुजारी ने कोर्ट परिसर में कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। गैंगस्टर को उसके खिलाफ लंबित एक मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत लाया गया था। नारे लगाने के बाद वहां जुटे लोगों और वकीलों ने कथित तौर पर उसके साथ धक्का-मुक्की की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि हमारे पास अभी इस बात का कोई जवाब नहीं है कि उसने यह नारे क्यों लगाए। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, गैंगस्टर जयेश पुजारी के खिलाफ 2018 में दर्ज एक मामले के संबंध में बुधवार को सुनवाई होनी थी। उसे हिंडलगा स्थित केंद्रीय कारागार से अदालत लाया गया था।

### बाल विवाह पर कंट्रोल के लिए देंगे भत्ता

■ **भाषा, गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी सरकार बाल विवाह पर काबू पाने के लिए अगले पांच वर्षों तक कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाली सभी लड़कियों को मासिक भत्ता देगी। शर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कैबिनेट ने 'निजुत मोइना' योजना को मंजूरी दी है। अनुमान है कि लगभग 10 लाख लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए पांच साल में 1,500 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। विवाहित लड़की को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वे विवाहित लड़कियां अपवाद होंगी जो पीजी पाठ्यक्रमों में पढ़ाई कर रही हैं, उन्हें भी लाभ मिलेगा।

### खाई में गिरी बस, तीन की मौत, 26 घायल

■ **पीटीआई, उत्तरकाशी :** उत्तराखंड में गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास मंगलवार रात एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गंगनानी से 50 किलोमीटर पहले हुए इस हादसे के दौरान बस अचानक अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर तोड़ते हुए खाई में गिर गई। खाई में 15-20 मीटर दूर तक लुढ़कने के बाद बस उल्टी होकर एक पेड़ के सहारे अटक गई। इससे बस भागीरथी नदी में गिरने से बच गई। गंगोत्री धाम से उत्तरकाशी की ओर जा रही इस बस में 29 लोग सवार थे।

# आतंकियों ने मांगा था पानी, शक होने पर ग्रामीणों को किया अलर्ट

■ भाषा, हीरानगर (कठुआ)


PTI
मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया।

**कठुआ के** सैदा सुखल गांव के सतर्क गांववालों ने समय रहते स्थानीय लोगों को हथियारबंद आतंकवादियों को लेकर सचेत कर दिया। इस कारण एक बड़ी घटना टल गई और पुलिस को आतंकियों की मौजूदगी की जानकारी मिल गई। सुरक्षा बलों ने दोनों आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया और साथ ही एक नागरिक भी घायल हो गया। हमले के वक्त मौजूद गांव में रहने वाले सुरिंदर ने कहा, 'मैंने गांव में आतंकवादियों के होने की सूचना फैला दी, जिस कारण एक बड़ी घटना टल गई। कई बच्चे खेल रहे थे और लोग बाहर घूम रहे थे। वे (आतंकवादी) आसानी से 15 से 20 लोगों को मार सकते थे, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे। लोग शाम को सत्संग के लिए जा रहे थे। यह भयानक हो सकता था।'

अपनी मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे सुरिंदर का सामना हथियारबंद आतंकियों से हुआ था। आतंकियों ने सुरिंदर से पानी मांगा, जिसके बाद उसे उनके व्यवहार पर शक हुआ। इसके बाद उसने गांव वालों को सचेत कर दिया। सुरिंदर ने कहा, 'शाम के करीब साढ़े सात या पौने आठ बजे थे। मैं अपनी बाइक पर था कि तभी एक बच्चे ने मुझे गांव में दो हथियारबंद युवकों के बारे में बताया। मैंने उन्हें काले कपड़े पहने और एके राइफलों के साथ देखा। वे मुझे अपने पास बुला रहे थे। मुझे शक हुआ कि वे आतंकवादी हैं और मैंने गांववालों को इसके बारे में बताया, जिसके बाद वे तुरंत अपने-अपने घर भाग गए। दुकानें बंद हो गईं और वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। सचेत करने के कुछ ही पलों बाद आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कई गोलियां चलाईं, जिससे एक स्थानीय व्यक्ति के कंधे में चोट लग गई और उसके बाद एक धमाका हुआ।'

सुरिंदर ने तुरंत जिला विकास समिति के एक सदस्य को सूचित किया, जिसने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस तुरंत पहुंची और एक आतंकवादी को मार गिराया गया जबकि दूसरा भाग निकला। 20 घंटे चले ऑपरेशन के बाद दूसरा आतंकी भी मार गिराया गया। सुरिंदर ने कहा, 'अगर आतंकवादी दिन में आते तो स्थिति और भी खराब हो सकती थी क्योंकि सुबह के वक्त भीड़भाड़ होती है। देर रात तीन बजे फिर से गोलीबारी हुई, जिसमें सीआरपीएफ का एक अधिकारी शहीद हो गया।' गांव के ही त्रिलोक चंद ने कहा, 'अब घुसपैठ का डर है। इस इलाके में लंबे समय से ऐसी घटनाएं नहीं हुई हैं। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।'

### PM की चुप्पी पर राहुल गांधी ने की टिप्पणी

■ **विस, नई दिल्ली :** नई सरकार के गठन के दिन से ही जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमलों के मद्देनजर कांग्रेस ने पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिए गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई देतीं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले तीन दिनों में तीन अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मगन हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश जवाब मांग रहा है, आखिर बीजेपी सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते?

### फारूक ने कहा, हो पाकिस्तान से बातचीत

■ **भाषा, श्रीनगर :** नैशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद उस समय तक खत्म नहीं होगा, जब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं की जाती। फारूक ने कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि जब तक दोनों देशों के बीच समझ नहीं बनती, आतंकवाद खत्म नहीं होगा। आतंकवाद जारी रहेगा और हमें इसका सामना करना होगा। दुखद बात यह है कि निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं... और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जब तक हम नहीं जागेंगे और इसका समाधान नहीं निकालेंगे, निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। विदेश मंत्री ने कल खुद कहा कि चीन के साथ हमें बातचीत करनी होगी और पहली बार उन्होंने पाकिस्तान का भी जिक्र किया। मुझे उम्मीद है कि वह इसे जारी रखेंगे और इसका हल निकालेंगे।'

## दर्शन को उकसाया गया था : पुलिस

■ **भाषा, बेंगलुरु :** अभिनेत्री पवित्रा के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले रेणुकास्वामी (33) की हत्या की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पवित्रा गौड़ा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप नाराज था। पवित्रा ने ही दर्शन को रेणुकास्वामी को सजा देने के लिए उकसाया था और घटना को अंजाम देने की योजना बनाई गई। आरोपी दर्शन ने रेणुकास्वामी को बेल्ट से पीटा था। रेणुकास्वामी के पूरे शरीर की हड्डियों में कई फ्रैक्चर थे। जब वे बेहोश हो गए तो उनके साथियों ने उन्हें लाठियों से पीटा। मरने के बाद उन्हें नाले में फेंक दिया गया था।

## कोश्या कुटोली अब कैंचीधाम, जोशीमठ कहलाएगा ज्योतिर्मठ

■ **विशेष संवाददाता, देहरादून :** नैनीताल जिले की कोश्या कुटोली तहसील का नाम अब परगना श्री कैंचीधाम तहसील होगा। भारत सरकार ने उत्तराखंड सरकार की ओर से भेजे गए इस तहसील नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

पिछले साल 15 जून को कैंचीधाम मंदिर के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कोश्या कुटोली तहसील को कैंचीधाम के नाम पर करने की घोषणा की थी। प्रदेश सरकार ने तहसील के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा था। भारत सरकार ने कोश्या कुटोली तहसील का नाम बदलकर परगना श्री कैंची धाम तहसील करने की मंजूरी दे दी है।

दूसरी तरफ, चमोली जिले की जोशीमठ तहसील को अब ज्योतिर्मठ नाम से जाना जाएगा। पिछले साल चमोली जिले के घाट में आयोजित कार्यक्रम में जोशीमठ का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ करने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की थी। अब केंद्र ने जोशीमठ तहसील का नाम ज्योतिर्मठ तहसील करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मान्यता है कि 8वीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य इस क्षेत्र में आए थे। उन्होंने अमर कल्प वृक्ष के नीचे तपस्या की थी, जिससे उन्हें दिव्य ज्ञान ज्योति की प्राप्ति हुई थी।

## हत्या में MSME निदेशक गिरफ्तार

■ **पीटीआई, नागपुर :** महाराष्ट्र सरकार में माइक्रो स्मॉल मीडियम एंटरप्राइजेज (MSME) के निदेशक प्रशांत पार्लेवार को व्यवसायी पुरोषत्तम पुट्टेवार (82) की कॉन्ट्रेक्ट किलिंग मामले में नागपुर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी के निजी सहायक और पुट्टेवार की बहू अर्चना मनीष पुट्टेवार (53) को भी हिरासत में लिया, जो गढ़चिरौली में टाउन प्लानिंग विभाग में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। निजी सहायक की पहचान पायल नागेश्वर के रूप में हुई है, जो बायरामजी शहर की रहने वाली है। जांच में कुल छह गिरफ्तारियां हुई हैं।

# यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में छात्रों के दाखिले की राह होगी आसान

## एडमिशन, सीट, फीस, रैंकिंग समेत सभी तथ्य बताने होंगे

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में एडमिशन की रेस में शामिल होने वाले छात्रों के सामने एक संस्थान से दूसरे संस्थान में शिफ्ट होने में बड़ी बाधा फीस और डॉक्युमेंट वापसी को लेकर होती है। यूजीसी कमिशन की 580वीं बैठक में 2023-24 में छात्रों के सामने आई समस्या पर भी चर्चा हुई। 2024-25 के लिए फीस रिफंड पॉलिसी मंजूर करते हुए कहा गया है कि हर यूनिवर्सिटी को इसके मुताबिक ही चलना होगा। एडमिशन विड्रा करने की स्थिति में फीस के साथ ओरिजिनल सर्टिफिकेट भी हर हाल में वापस करने ही होंगे।

### 2024-25 के लिए फीस रिफंड पॉलिसी

1. अगर कोई भी छात्र एक यूनिवर्सिटी या कॉलेज से एडमिशन कैंसल करवाता है और दूसरे किसी संस्थान में माइग्रेशन लेता है तो उस स्थिति में 30 सितंबर 2024 तक आवेदन करने वाले हर छात्र की पूरी फीस लौटानी होगी।
2. 31 अक्टूबर 2024 तक नाम वापस लेने पर प्रोसेसिंग फीस के तौर पर अधिकतम एक हजार रुपये ही काटे जा सकते हैं।
3. जिन संस्थानों में एडमिशन प्रक्रिया 31 अक्टूबर के बाद तक भी जारी रहती है तो एडमिशन की लास्ट डेट नोटिफाई होने से 15 दिन पहले आवेदन करने वाले छात्रों की 100 फीसदी फीस वापस होगी।

### यूजीसी की चेक लिस्ट




### इन जानकारियों की घोषणा करनी होगी

यूजीसी ने यूनिवर्सिटीज को निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुताबिक यूनिवर्सिटी- कॉलेजों में एडमिशन से लेकर फीस तक की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। कोर्सेज, एडमिशन शेड्यूल, यूनिवर्सिटी नियम, फीस स्ट्रक्चर, फीस रिफंड पॉलिसी, स्पोर्ट्स फैसिलिटी, हॉस्टल डिटेल, प्लेसमेंट के बारे में हर जानकारी स्टूडेंट को मिलनी चाहिए। यूनिवर्सिटी की क्या रैंकिंग है, यह बताना भी जरूरी है। एडमिशन फॉर्मूला जो तैयार किया जाएगा, उसे बदला नहीं जा सकता। जरूरी टेलिफोन नंबर, वेबसाइट अड्रेस, यूनिवर्सिटी लोकपाल के बारे में भी छात्रों को पता होना चाहिए।

## साल में दो बार एडमिशन ठीक, चुनौती भी: एक्सपर्ट

■ **विस, नई दिल्ली :** यूजीसी ने विदेशी यूनिवर्सिटीज की तर्ज पर वर्ष में दो बार एडमिशन देने का फैसला किया है, जिसकी विशेषज्ञों ने सराहना की है। हालांकि, यह भी कहा कि इस नियम को लागू करने वाले संस्थानों के सामने चुनौतियां भी होंगी।

AI Image


ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी, दरभंगा में केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड प्रफेसर प्रेम मोहन मिश्रा का कहना है कि जिन कॉलेजों में पहले से इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्या है, टीचर्स, कर्मचारी, लैब्स की कमी के कारण क्वॉलिटी एजुकेशन पर असर पड़ रहा है और ऐसे कॉलेजों में अगर दो बार एडमिशन होते हैं तो संस्थान पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ जाएगा। दो बार एडमिशन होने से स्टूडेंट्स बैच की संख्या भी दोगुनी हो जाएगी, दो बार एग्जाम होंगे। काफी संस्थानों में सत्र देरी से चल रहा है, क्योंकि रिजल्ट समय पर नहीं आ पाते, ऐसे में दो बैच की परीक्षा कैसे हो पाएगी? वहीं, दिल्ली की डॉ. भीम राव आंबेडकर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन मलिक का कहना है कि एक वर्ष में दो बार एडमिशन का यूजीसी का नियम एक बड़ा कदम है। जो जुलाई- अगस्त में एडमिशन नहीं ले सकेंगे, उन्हें एडमिशन के लिए अब एक वर्ष का इंतजार नहीं करना होगा। हालांकि, टीचर्स की संख्या, उनका कार्यभार, टीचर- स्टूडेंट रेश्यो और दूसरी जरूरी सुविधाओं को विकसित करना होगा।

# THE ECONOMIC TIMES

### निफ्टी हाई पर, 150 अंक चढ़ा सेंसेक्स

AI Image


■ **विस, मुंबई:** अमेरिका के महंगाई के आंकड़े और पॉलिसी कमिटी की बैठक का नतीजा आने के पहले ग्लोबल बाजार काफी हद तक सकारात्मक रहे। घरेलू बाजार में बिजली, कैपिटल गुड्स और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को Nifty ने अपना उच्चतम स्तर छुआ। Sensex अपने रेकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। घरेलू स्तर पर आगामी बजट को लेकर जुड़ी उम्मीदों से बाजार नई ऊंचाई की तरफ जा रहा है। बुधवार को Sensex 149.98 अंक चढ़कर 76,606.57 पर बंद हुआ। Nifty 177.1 अंक बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए हाई पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 58.10 अंक की बढ़त के साथ 23,322.95 के नए हाई पर बंद हुआ। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि स्मॉलकैप में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही।

### ड्यूल सेल्फी कैमरे के साथ शाओमी 14 Civi लॉन्च

■ **विस, नई दिल्ली:** शाओमी 14 Civi इंडिया में लॉन्च हो गया है। यह शाओमी (Xiaomi) की 14 सीरीज का तीसरा फोन है। 'Civi' का मतलब है 'सिनेमैटिक विजन', नाम से साफ है कि इसमें फोटोग्राफी



पर खास फोकस रहा है। इसमें लाइका (Leica) ब्रैंडेड ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। 50MP का प्राइमरी, 12MP का अल्ट्रा-वाइड एंगल लेंस और 50MP का टेलिफोटो कैमरा मिलता है। फ्रंट में भी दो कैमरे दिए गए हैं, दोनों 32MP के हैं। वहीं फोन स्नैपड्रैगन 8s Gen 3 चिपसेट से लैस है। इसमें 6.55 इंच की कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले मिलती है। इस पर गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 की प्रोटेक्शन दी गई है। फोन में 4,700mAh की बैटरी है जो 67W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन की शुरुआती कीमत 42,999 रुपये है।

### मई में 4.75% के साथ रिटेल इंफ्लेशन 12 महीनों में सबसे कम

# खुदरा महंगाई घटी, दाल-सब्जी के ऊंचे दाम से अभी राहत नहीं

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** मई में कंस्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित रिटेल इंफ्लेशन 12 महीनों के निचले स्तर पर आ गई। स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लिमेंटेशन मिनिस्ट्री की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खुदरा महंगाई दर सालभर पहले के मुकाबले 4.75% रही। अप्रैल में यह 4.83% और मार्च में 4.85% थी। सालभर पहले मई में यह 4.31% थी। हालांकि खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर कुछ खास नहीं घटी। मई में फूड इंफ्लेशन 8.69% रही। अप्रैल में यह 8.7% और मार्च में 8.5% थी। फूड इंफ्लेशन लगातार 7 महीनों से 8% के ऊपर बनी हुई है।

मई में मीट-मछली के दाम 7.28% बढ़े। सब्जियों में महंगाई दर 27.33% और दालों में 17.14% रही। बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा, 'अक्टूबर से पहले दलहन की नई फसल नहीं आने वाली, लिहाजा कीमतें ज्यादा रह सकती हैं। अनुमान है कि जून में भी इंफ्लेशन इसी रेंज में रहेगी, लेकिन सितंबर तक 4% की ओर जाएगी क्योंकि पिछले साल जुलाई, अगस्त और सितंबर में यह 7.8%, 6.4% और 5% थी। इसे देखते हुए अक्टूबर से पहले RBI के पॉलिसी रेट घटाने का चांस नहीं है।'

AI Image


NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात

### दाम में बढ़ोतरी चिंता की बात

**सब्जियों और** दालों सहित खाने-पीने की चीजों के ऊंचे दाम चिंता का विषय हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न हिस्सों में मॉनसूनी बारिश पर काफी कुछ निर्भर करेगा। सरकार की ओपन मार्केट सेल स्कीम और निर्यात पर प्रतिबंधों से भी फूड प्राइसेज पर काबू पाने में मदद मिल सकती है।

### अप्रैल में IIP ग्रोथ 3 महीनों के निचले स्तर पर

■ **विस, नई दिल्ली :** अप्रैल में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन की ग्रोथ 3 महीनों के निचले स्तर पर चली गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन IIP के आधार पर मापी जाने वाली औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अप्रैल में 5% रही। केयरएज की चीफ इकनॉमिस्ट रजनी सिन्हा ने कहा, 'सपोर्टिव बेस के चलते कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 9.8% ग्रोथ रही, वहीं नॉन-ड्यूरेबल्स में 2.4% की सुस्ती दिखी। आने वाले दिनों में इंडस्ट्रियल एक्टिविटी के लिए कंजम्पशन की हालत में अच्छा सुधार होना जरूरी है।'

### खाना पकाने का तेल हुआ 15% महंगा

■ **एनबीटी न्यूजडेस्क :** एक महीने में खाना पकाने का तेल 15% महंगा हो गया है। इकॉनमिक टाइम्स के मुताबिक बढ़ोतरी की वजह अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन तेल की सप्लाई घटना और घरेलू सरसों तेल का महंगा होना बताया जाता है। हर साल करीब 30 लाख टन सोयाबीन तेल और 25 से 30 लाख टन सूरजमुखी का आयात करना होता है।

### प्याज़ की कीमत में भी भारी उछाल

■ **एनबीटी न्यूजडेस्क :** दिल्ली के बाजारों में एक सप्ताह के दौरान ही प्याज 50 फीसदी महंगा हो गया है। इकॉनमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दो जून को प्याज की कीमत 25 से 30 रुपये किलो थी। नौ जून को कीमत 35 से 40 रुपये किलो हो गई थी। 11 जून को बढ़िया प्याज की कीमत 50 रुपये किलो पहुंच गई।

# पॉलिसी के बदले अब देनी ही होगी लोन की सुविधा: IRDAI

Policy Loan

■ **विस, मुंबई:** इंश्योरेंस रेगुलेटर IRDAI ने सभी लाइफ इंश्योरेंस सेविंग प्रोडक्ट्स में पॉलिसी लोन की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है। इससे बीमा लेने वालों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के संबंध में बुधवार को 'मास्टर' सर्कुलर जारी करते हुए Irdai ने कहा कि 'फ्री-लुक' अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। 'फ्री-लुक' अवधि में पॉलिसी के नियमों और शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय दिया जाता है। नया 'मास्टर' सर्कुलर जनरल इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए रेगुलेटर द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। Irdai ने कहा कि यह सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'मास्टर' सर्कुलर के अनुसार पेंशन प्रोडक्ट्स के तहत आंशिक निकासी की सुविधा की अनुमति दी गई है। पॉलिसी को बंद करने के मामले में पॉलिसीहोल्डर्स और जारी रखने वाले पॉलिसीहोल्डर्स दोनों के लिए Primary Amount सुनिश्चित की जाना चाहिए।

सर्कुलर में कहा गया, यदि इंश्योरर बीमा लोकपाल के निर्णय के विरुद्ध अपील नहीं करता है और उसे 30 दिन के भीतर क्रियान्वित नहीं करता है, तो शिकायतकर्ता को प्रतिदिन 5,000 रुपये का जुर्माना देना होगा।

AI Image


**'पॉलिसी रद्द कर सकते हैं, रिफंड ले सकते हैं'** IRDAI ने कहा है कि रिटेल पॉलिसीहोल्डर पॉलिसी अवधि के दौरान किसी भी समय बीमा पॉलिसी रद्द कर सकते हैं। बाकी पॉलिसी अवधि के लिए रिफंड हासिल कर सकते हैं। IRDAI का कहना है कि इसके लिए पॉलिसी लेने वालों को इसका कारण बताने की आवश्यकता नहीं है। वहीं, इंश्योरर धोखाधड़ी साबित होने के आधार पर पॉलिसी रद्द कर सकता है। ऐसे मामले में कम से कम 7 दिनों का नोटिस देकर ही पॉलिसी रद्द किया जा सकता है। यदि ग्राहक पॉलिसी रद्द करता है, तो उसे आनुपातिक प्रीमियम वापस भी मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि पॉलिसी की एक साल की अवधि हो। इसमें ग्राहक द्वारा कोई क्लेम नहीं किया गया हो।

**'डॉक्युमेंट में कमी, फिर भी क्लेम रद्द नहीं होगा'** IRDAI ने बीमा कवर लेने वालों को बड़ी राहत दी है। अब जनरल इंश्योरेंस कंपनियां डॉक्यूमेंट्स की कमी पर क्लेम रद्द नहीं कर सकती हैं। मंगलवार को IRDAI ने कहा कि क्लेम की निपटान के समय केवल उन्ही दस्तावेजों को मांगना चाहिए, जो सेटलमेंट से संबंधित हों। मोटर इंश्योरेंस में ग्राहकों को 'पे ऐज यू ड्राइव'/ 'पे ऐज यू गो' के अतिरिक्त विकल्प दिए जाने चाहिए। बचाव के निपटान के लिए ग्राहक पर कोई बोझ नहीं होना चाहिए। वहीं, घर मालिकों को फायर पॉलिसी में बाढ़, चक्रवात, भूस्खलन, आतंकवाद जैसे कई अन्य कवर भी चुनने या इससे संबंधित जोखिम पॉलिसी से ऑप्ट-आउट करने का विकल्प होना चाहिए।

# AI के दम से पिक्सल को मिलती है कितनी ताकत

गैजेट रिव्यू
एनबीटी टेक टीम



**Pixel 8a**
कीमत : 52,999

**गूगल के** पिक्सल फोन की खूबी रही है कि यह स्पेक्स यानी स्पेसिफिकेशन से ज्यादा एक्सपीरियंस पर खेलता है। पिक्सल 8 सीरीज में फ्लैगशिप से थोड़ा कम दाम में पिक्सल 8ए की एंट्री हुई है। अपने रिव्यू में हमने पाया कि यह फोन एआई की मदद से फोन इस्तेमाल करना काफी मजेदार बनाता है। दाम 52,999 रुपये से शुरु होता है।

पिक्सल 8ए की खासियत इसका साइज, कॉम्पैक्ट। बड़े साइज के फोन के दौर में 6.1 इंच स्क्रीन वाला यह फोन इस्तेमाल करना अच्छा लगा, हाथ में आराम से फिट हो जाता है और डेली काम करने के लिए यह साइज फिट है। वजन भी ज्यादा नहीं, 188 ग्राम है। 7ए की तरह ग्लॉसी बैक नहीं है, बल्कि इसमें मैट फिनिश वाली बॉडी मिलती है, एल्युमिनियम के राउंड एज वाले फ्रेम के साथ जो बहुत प्रीमियम लुक देती है। कैमरा फ्रेम भी सुंदर बनाया गया है। कुछ लोगों को प्लास्टिक अखरता है लेकिन फोन के लुक्स लाजवाब हैं। गूगल ने इसमें फुल एचडी प्लस ओलेड डिस्प्ले लिया है, 120 हर्त्ज रिफ्रेश रेट के साथ। डेली इस्तेमाल में स्क्रीन की चमक बढ़िया है।

8ए की खूबी इस फोन में गूगल ने जिस तरह AI को इंटीग्रेट किया है वह है, पिक्सल 8 के प्रीमियम फोंस की तरह। जेमिनी (Gemini) असिस्टेंट की तरह काम करता है। फोटो में मैजिकल इरेजर और विडियो ऑटो एडिटर से एआई से बाहरी शोर मिटाने की सुविधा (Audio Magic Eraser), स्क्रीन में किसी भी तस्वीर पर हाथ से गोला बनाकर उसे सर्च करने के फीचर (Circle to Search), फोटो से ब्लर हटाना, ये सब आपको इसमें सीधे मिलते हैं। गूगल ऑडियो रिकॉर्डर आवाज का टेक्स्ट खुद तैयार करता है और पूरी रिकॉर्डिंग में आप कुछ भी सर्च कर सकते हैं। ये सभी फीचर 8ए के एक्सपीरियंस को अलग बनाते हैं। साथ ही एआई को आप जितना इस्तेमाल करते हैं, उसके नए नए फायदे सामने आते हैं। गूगल ने 7 साल के ओस अपडेट की गारंटी दी है यानी एआई में भी कंपनी जो नए नए फीचर लाएगी, उम्मीद की जाती है कि पिक्सल फोन सबसे पहले अपने यूजर्स को दे रहे होंगे। एंड्रॉयड 14 के साथ लैस है और जल्द ही इसे 15 का अपडेट भी मिलेगा। फोन का यूजर इंटरफेस बहुत क्लीन है और कुछ भी फालतू नहीं है। फोन चलाने में आपको मजा आएगा।

इसमें शक्तिशाली Tensor G2 चिप दी गई है, पिक्सल 8 और 8 प्रो की तरह। पूरे दिन फोन पर कितना ही काम कीजिए, स्पीड पर कोई फर्क नहीं पड़ता और यह बहुत स्मूद और फास्ट काम करता है। इस वजह से यह भरोसेमंद बनता है। फोन की सुरक्षा के लिए साथ में गूगल ने टाइटम एम2 को-प्रोसेसर भी दिया है। हां, इतना जरूर है कि मई-जून में जब दिल्ली की गर्मी 45 डिग्री के ऊपर चली गई तो आउटडोर में इस्तेमाल करते हुए फोन में हमें कई बार हीटिंग का सामना करना पड़ा। 8 जीबी रैम के साथ 128 और 256 जीबी स्टोरेज के ऑप्शन हैं।

डुअल कैमरा सेटअप है, मुख्य लेंस 64 मेगापिक्सल का है, एफ/1.89 अपरचर के साथ और अल्ट्रा वाइड लेंस 13 मेगापिक्सल एफ /2.2 अपरचर के साथ। तस्वीरों के रिजल्ट ब्राइट और क्रिस्पी है, साथ ही कम रोशनी की तस्वीरें अच्छी हैं। गूगल हार्डवेयर के साथ जिस तरह सॉफ्टवेयर को जोड़ता है, उसका असर फोटोग्राफी पर भी आता है। एक तस्वीर के कई शॉट्स में से सबसे अच्छी फोटो चुनना (Best Take), नाइट इफेक्ट, एस्ट्रो फोटोग्राफी, लॉन्ग एक्सपोजर जैसे फीचर काम के हैं। सेल्फी कैमरा 13 मेगापिक्सल का है।

इस फोन में 4492 mAh की बैटरी दी गई है जिसकी परफॉर्मेंस 10-12 घंटे आराम से चल जाती है। बैटरी मजबूत है लेकिन चार्जिंग में यह फोन थोड़ा वक्त लेता है। वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करता है। धूल और पानी से बचाव के लिए आईपी 67 रेटिंग का प्रोटेक्शन है।

# आर्थिक सुधारों की राह पर चलती रहेगी सरकार: FM

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वित्त और कंपनी मामलों के कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। यह इस ओहदे पर उनके लगातार दूसरे कार्यकाल की शुरुआत है। वित्त वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश करने की तैयारी में जुटीं सीतारमण ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 2014 में जो आर्थिक सुधारों की जिस राह पर देश बढ़ा था, NDA 3.0 सरकार में भी वही दिशा बनाए रखी जाएगी।


निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कैबिनेट मंत्री का कार्यभार संभाला

### खिलौना उद्योग को PLI स्कीम का सहारा!

■ **विस, नई दिल्ली :** सरकार खिलौना उद्योग को भी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) स्कीम के तहत वित्तीय सहायता दे सकती है। वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में इस सेक्टर के लिए इस स्कीम के तहत एक टोकेन प्रोविजन किया गया था। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड (DPIIT) के सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि पिछली सरकार के दौरान कॉमर्स मिनिस्ट्री ने देश में खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए इसे PLI के दायरे में लाने की सिफारिश की थी और नई सरकार में उस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार हो रहा है।

# विदेश में जॉब करने के लिए...

**विदेश में पढ़ना या जॉब करना हमेशा से ही एक्साइटमेंट से भरपूर, लेकिन कुछ चुनौतीपूर्ण भी रहा है। अगर जॉब से पढ़ाई की तुलना करें तो विदेश में पढ़ना मुश्किल नहीं है, वहीं घूमना-फिरना तो और भी आसान है। लेकिन वहां जॉब करके पैसा कमाना चुनौतीपूर्ण है। खासकर यह तब ज्यादा मुश्किल हो जाता है जब पास में अच्छी पढ़ाई या बेहतर डिग्री न हो या फिर जितना अनुभव चाहिए, वह न हो। इन सभी बातों के साथ यह कैसे पता करें कि विदेश में कहां और कैसी जॉब मिल सकती है?**



**भारत दुनिया** का सबसे युवा देश है। यहां हर साल हजारों की संख्या में बेहतरीन प्रफेशनल्स तैयार होते हैं। इन प्रफेशनल्स की मांग देश और विदेशों में भी काफी है। कई को विदेशी कंपनियां मोटी सैलरी पर बुलाती हैं। इनमें वे युवा होते हैं जिनकी उपयोगिता उन देशों में बहुत ज्यादा है। ऐसे लोगों के बिना उनके यहां का काम नहीं चल सकता, जैसे- इंजीनियरिंग करके जाने वाले स्टूडेंट, डॉक्टर और मैनेजमेंट स्टूडेंट्स आदि। विदेशी कंपनियां उन्हें लुभाने वाले पैकेज देकर बुलाती हैं। वहीं ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है जो खुद को तैयार ही इस हिसाब से करते हैं कि वे विदेश में काम कर सकें और पैसा कमा सकें। वैसे तो ज्यादातर लोग खुद को योग्य बनाकर कानूनी तरीके से ही आगे बढ़ते हैं, लेकिन ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है जो बिना किसी तैयारी के, गलत तरीके से बेहतर ज़िंदगी की चाह में विदेश पहुंच जाते हैं और कई बार मुश्किल में फंस जाते हैं।

## ये ऑप्शंस हैं उपलब्ध

**1. ग्रैजुएशन/पीजी की पढ़ाई के लिए जाना:** ज्यादातर देशों में ग्रैजुएशन या पीजी की पढ़ाई के बाद प्रैक्टिकल के लिए 1 से 2 साल तक वहीं जॉब का मौका मिल जाता है। STEM (Science, Technology, Engineering, Mathematics) कोर्सेज़ के बाद यूएस में अमूमन 2 साल का वक्त मिलता है। अगर इस दौरान परफॉर्मेंस अच्छी हो तो वीज़ा की अवधि बढ़ भी जाती है। कुछ लोग तो जरूरी डॉक्यूमेंटेशन के बाद वहां के परमानेंट रेज़िडेंट भी बन जाते हैं।

**2. कंपनी या यूनिवर्सिटी में अप्लाई करके:** अगर अपने देश के ही किसी अच्छे इंजीनियरिंग/मेडिकल/मैनेजमेंट कॉलेज से पढ़ाई की हो, हायर एजुकेशन की हो या फिर उस फील्ड का अच्छा-खासा अनुभव हो और जॉब के लिए विदेश जाना चाहते हों तो उन देशों की कंपनियों में या फिर वहां की यूनिवर्सिटीज़ आदि में अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक अच्छी ऐप्लिकेशन तैयार करके भेजनी होती है। फिर अपने प्रफेशन के बारे में विस्तार से लिखना होता है। इसके बाद 1 से 4 राउंड का ऑनलाइन इंटरव्यू होता है। फिर जब सिलेक्शन हो जाता है तब जॉइनिंग लेटर भेजा जाता है, जिसमें सैलरी पैकेज से लेकर दूसरी सुवधिओं जैसी तमाम चीजें लिखी होती हैं। इस लेटर का इस्तेमाल इमिग्रेशन के समय भी होता है।

**3. शॉर्ट टर्म कोर्स के लिए:** जिनके पास हायर एजुकेशन या अच्छे संस्थान की डिग्री नहीं होती, उनके लिए ऐसे देश सबसे मुफीद होते हैं जहां पर प्लंबर, कारपेंटर, पेंटर आदि का शॉर्ट टर्म कोर्स होता है। यह कोर्स 2 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का हो सकता है। वैसे खर्च के बारे में पूरी जानकारी संस्थान की वेबसाइट से मिलेगी। वहां जाकर कोर्स पूरा कर लेते हैं तो मुमकिन है कि वहीं पर ऐसे काम मिल जाएं।

**ध्यान रखें:** जब भी किसी दूसरे देश में जॉब के लिए जाएं तो पहले उस कंपनी के बारे में पूरी जानकारी ले लें। अगर कोई माध्यम बन रहा है तो किसी गलत तरीके को न अपनाएं। जैसे यहां से फेक एक्सपीरियंस या पढ़ाई के बारे में गलत कागजात तैयार करवा कर जाना। अगर ऐसा करेंगे तो यह मुमकिन है कि विदेश में आपके साथ भी नाइंसाफी ही हो। वहां पर जितनी सैलरी देने की बात होगी, उतनी नहीं मिलेगी। साथ ही, वे पासपोर्ट आदि भी रख लेंगे।

## JOBS अलर्ट

**● नॉन टीचिंग जॉब**
**पोस्ट:** Non Teaching Recruitment
**संस्थान:** IIT Jodhpur
**पदों की संख्या:** 122
**आखिरी तारीख:** 15 जून
**वेबसाइट:** www.erponline.iitj.ac.in

**● आर्मी**
**पोस्ट:** Technical Entry Scheme
**संस्थान:** Indian Army
**पदों की संख्या:** 90
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** joinindianarmy.nic.in

**● रेलवे**
**पोस्ट:** Trade Apprentices



**संस्थान:** ICF, Chennai
**पदों की संख्या:** 1010
**आखिरी तारीख:** 21 जून
**वेबसाइट:** pb.icf.gov.in/act/index.php

**● पुलिस**
**पोस्ट:** Constable, HC, ASI, SI
**संस्थान:** BSF (Group-B&C)
**पदों की संख्या:** 144
**आखिरी तारीख:** 17 जून
**वेबसाइट:** www.rectt.bsf.gov.in

**● नवोदय विद्यालय**
**पोस्ट:** काउंसलर
**संस्थान:** नवोदय विद्यालय समिति
**आखिरी तारीख:** 15 जून
**वेबसाइट:** www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/PATNA/en/home/index.html

**● एयर फोर्स**
**पोस्ट:** AFCAT
**संस्थान:** Indian Air Force
**पदों की संख्या:** 277
**आखिरी तारीख:** 28 जून
afcat.cdac.in

**● AIIMS**
**पोस्ट:** Junior Resident
**संस्थान:** AIIMS, Delhi
**पदों की संख्या:** 220
**आखिरी तारीख:** 15 जून
**वेबसाइट:** aiimsexams.ac.in

**● यूपीएससी**
**पोस्ट:** डिप्टी सुपरिटेंडेंट व अन्य
**संस्थान:** UPSC
**पदों की संख्या:** 322
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** upsconline.nic.in

**● हेल्थ इंस्पेक्टर**
**पोस्ट:** जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर
**संस्थान:** KPSC
**पदों की संख्या:** 9
**आखिरी तारीख:** 19 जून
**चेबसाइट:** www.keralapsc.gov.in

# 12वीं के बाद यहां पाएं करियर की सुरक्षा का वादा

**कुदरती आपदा** और दूसरे तरह के खतरे को देखते हुए पूरे विश्व में सुरक्षा, संरक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा के साथ ही प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने के लिए इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की क्षमता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस सुरक्षा व्यवस्था को नए तरीकों से बनाए रखने के लिए एक्सपर्ट्स द्वारा जी-तोड़ मेहनत की जाती है। जिन्हें सामान्य रूप से सेफ्टी मैनेजर, फायर प्रोटेक्शन इंजीनियर, रिस्क मैनेजमेंट कंसल्टेंट जैसे एक्सपर्ट द्वारा अंजाम दिया जाता है। इन सभी पदों पर कार्य करने के लिए एक खास तरह के कोर्स की दरकार होती है, जिसे इंडस्ट्रियल



सेफ्टी मैनेजमेंट कहा जाता है।

**कब कर सकेंगे कोर्स:** सुरक्षा के लिहाज से तैयार किए गए इस सिलेबस में एडमिशन के लिए इच्छुक स्टूडेंट्स को कम से कम 12वीं होना जरूरी है जबकि ग्रैजुएट और इंजीनियरिंग बैकग्राउंड वाले स्टूडेंट्स को वरीयता दी जाती है। ऐसे छात्र भी हैं जो पहले से ही फायर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत होते हैं, वे भी इसमें आवेदन कर सकते हैं।

**मौके हैं बहुत:** आजकल आईटी इंडस्ट्री, माइनिंग, ऑयल इंडस्ट्री, कंस्ट्रक्शन आदि में जॉब्स की ज्यादा संभावनाएं बन रही हैं। भारत और विदेश, दोनों जगहों पर मौके मिल सकते हैं।

**कमाई कितनी:** आजकल सेफ्टी मैनेजर या सेफ्टी इंजीनियर को शुरुआत में ही 25 से 30 हजार रूपए प्रति महीने मिल जाते हैं।

**कुछ अहम संस्थान**
■ इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली www.ignou.ac.in
■ सेंटर फॉर फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग, नई दिल्ली www.cfsmt.org
■ नैशनल एकेडेमी ऑफ फायर एंड सेफटी इंजीरियरिंग, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश www.nafsghaziabad.com

नोटः यहां संस्थानों के नाम सिर्फ संकेत के लिए हैं। इनके अलावा भी कई अहम संस्थान मौजूद हैं।

---

**इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन®**
(भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)
**INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION**
(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)
IBPS प्रज्ञाविभावनम्
असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत — In assessment, India trusts us
वेबसाइट देखने हेतु स्कैन करें
Scan to visit Website

**CRP RRBs XIII**
**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) में अधिकारी (स्केल-I, II एवं III) तथा ऑफिस सहायक (मल्टीपर्पज) की भर्ती हेतु साझा भर्ती प्रक्रिया**

**वेबसाइट: www.ibps.in प्रश्नों/शिकायतों के लिए कृपया http://cgrs.ibps.in पर लॉग इन करें।**

आरआरबी (CRP RRBs XIII) के लिए अगली साझा भर्ती प्रक्रिया ग्रुप 'ए' अधिकारी (स्केल-I, II एवं III) और ग्रुप 'बी' ऑफिस सहायक (मल्टीपर्पज) की भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (IBPS) के द्वारा संभवतः नीचे दिए गए अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगा। इसी प्रक्रिया के अधीन ग्रुप 'ए' अधिकारी (स्केल-I, II एवं III) की भर्ती के लिए साक्षात्कार नाबार्ड एवं आईबीपीएस के सहयोग से नोडल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा उचित प्राधिकरण के साथ परामर्श करके संभवतः नवंबर, 2024 में आयोजित किया जायेगा।

CRP RRBs XIII के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्धारित तिथि पर न्यूनतम पात्रता मानदंड पूर्ण करते हों, जैसा कि अधिकृत वेबसाइट पर आईबीपीएस द्वारा जारी और दी गई विस्तृत अधिसूचना में बताया गया है।

| आयोजन | संभावित तिथियाँ |
|---|---|
| आवेदन के संपादन/संशोधन सहित ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क का भुगतान | 07.06.2024 से 27.06.2024 |
| परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण (PET) का आयोजन ● | 22.07.2024 से 27.07.2024 |
| ऑनलाइन परीक्षा - प्रारंभिक | अगस्त, 2024 |
| ऑनलाइन परीक्षा - प्रारंभिक का परिणाम | अगस्त/ सितंबर, 2024 |
| ऑनलाइन परीक्षा- मुख्य/सिंगल | सितंबर/ अक्टूबर, 2024 |

● पीईटी ऑनलाइन स्वरूप में या भौतिक स्वरूप में आयोजित की जा सकती है।
उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिए आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट www.ibps.in का नियमित अवलोकन करें।
ऑनलाइन पंजीकरण करने से पहले, उम्मीदवारों को विस्तृत अधिसूचना पढ़ने तथा इसमें वर्णित अनुदेशों का पालन करने की सलाह दी जाती है।
**मुंबई**
**दिनांक : 07.06.2024** — **निदेशक**

---

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम
**Union Bank of India** A Government of India Undertaking
VYOM Mobile Banking Super App




भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में से एक, उद्योग में सर्वोत्तम पारिश्रमिक के साथ संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवश्यक योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

| क्र. सं | पद | रिक्ति |
|---|---|---|
| लेनदेन बैंकिंग विभाग | | |
| 1 | डेप्युटी प्रॉडक्ट सोल्युशन हेड | 1 |
| 2 | डेप्युटी प्रॉडक्ट सेल्स हेड | 1 |
| 3 | चीफ़ प्रॉडक्ट सोल्युशन मैनेजर | 1 |

**ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण दिनांक 07-06-2024 से 27-06-2024 तक**
विस्तृत अधिसूचना और ऑनलाइन आवेदन के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in/english/recruitment.aspx** पर जाएं.

(टोल फ्री नं.) 1800 208 2244 / 1800 425 1515 / 1800 425 3555 | 9666606060 | www.unionbankofindia.co.in
unionbankofindia | UnionBankTweets | unionbankinsta | UnionBankofIndiaUtube | unionbankofIndia | unionbankinsta

---

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**पेशेवर यात्रा के लिए आपका प्रवेश द्वार**

# भर्ती सूचना

www.bankofbaroda.in

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा में पेशेवरों की भर्ती हेतु सूचना**

भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बैंक के विभिन्न वर्टिकल / विभागों में विभिन्न पदों के लिए नियमित/ संविदात्मक आधार पर पेशेवरों की तलाश कर रहा है। एक आकर्षक कार्यदायित्व हेतु भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक से जुड़ें और इसकी विकास यात्रा का हिस्सा बनें।

| क्र सं. | विभाग / वर्टिकल | पद | रिक्त पद | पद की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्त | वरिष्ठ प्रबंधक - व्यवसाय वित्त | 4 | नियमित |
| 2 | | मुख्य प्रबंधक - आंतरिक नियंत्रण | 3 | |
| 3 | कॉर्पोरेट एवं इंस्टीटूशनल क्रेडिट (सी एंड आईसी) | एमएमजी/एस - II में ऋण विश्लेषक | 10 | नियमित |
| 4 | | एमएमजी/एस - III में ऋण विश्लेषक | 70 | |
| 5 | | एमएमजीएस - II में फॉरेक्स अधिग्रहण एवं रिलेशनशिप मैनेजर | 11 | |
| 6 | | एमएमजीएस - III में फॉरेक्स अधिग्रहण और रिलेशनशिप मैनेजर | 4 | |
| 7 | | रिलेशनशिप मैनेजर एमएमजीएस - III | 44 | |
| 8 | | रिलेशनशिप मैनेजर एसएमजीएस - IV | 22 | |
| 9 | डिजिटल विभाग | सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ | 1 | संविदा |
| 10 | | डिजिटल ऋण जोखिम विशेषज्ञ | 2 | |
| 11 | | क्रॉस सेल, बीएनपीएल के लिए विशेष विश्लेषक | 3 | |
| 12 | | जोनल लीड मैनेजर-मर्चेंट बिजनेस एक्वायरिंग | 4 | |
| 13 | | डेटा इंजीनियर (डिजिटल समूह) | 1 | |
| 14 | | एमएल ऑप्स विशेषज्ञ | 1 | |
| 15 | | आरपीए - रीकॉन प्रक्रिया स्वचालन में विशेषज्ञ | 1 | |
| 16 | | व्यवसाय प्रबंधक (मोबाइल बैंकिंग) | 1 | |
| 17 | | व्यवसाय प्रबंधक (फास्टैग) | 1 | |
| 18 | | व्यवसाय प्रबंधक (बीबीपीएस) | 1 | |
| 19 | | लीड - यूपीआई | 1 | |
| 20 | | लीड - डिजिटल बैंक | 1 | |
| 21 | | डिजिटल पार्टनरशिप लीड - कॉर्पोरेट्स | 1 | |
| 22 | | बिजनेस लीड - इमर्जिंग स्टार्टअप | 1 | |
| 23 | | एनालिटिक्स - वैयक्तिक ऋण | 1 | |
| 24 | | एनालिटिक्स - ऑटो ऋण | 1 | |
| 25 | | एनालिटिक्स - स्वर्ण ऋण | 1 | |
| 26 | | एनालिटिक्स - गृह ऋण | 1 | |
| 27 | | क्रिएटिव डिज़ाइनर | 1 | |
| 28 | | लीड - डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी रोकथाम | 1 | |
| 29 | | लीड - कियोस्क परिचालन | 1 | |
| 30 | | विशेषज्ञ UI/UX - ग्राहक यात्रा | 1 | |
| 31 | | यूपीआई मर्चेंट उत्पाद प्रबंधक | 4 | |
| 32 | | यूआई/ यूएक्स विशेषज्ञ - डिजिटल जर्नी | 1 | |
| 33 | आईटी | डेप्युटी वाइस प्रेसीडेंट - डेटा वैज्ञानिक | 2 | संविदा |
| 34 | | असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट - डेटा वैज्ञानिक | 5 | |
| 35 | | डेप्युटी वाइस प्रेसीडेंट - डेटा इंजीनियर | 2 | |
| 36 | | असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट - डेटा इंजीनियर | 4 | |
| 37 | | एप्लिकेशन आर्किटेक्ट | 1 | |
| 38 | | एंटरप्राइज़ आर्किटेक्ट | 1 | |
| 39 | आईटी | इंफ्रास्ट्रक्चर आर्किटेक्ट | 2 | संविदा |
| 40 | | इंटीग्रेशन विशेषज्ञ | 2 | |
| 41 | | टेक्नॉलॉजी आर्किटेक्ट | 2 | |
| 42 | | क्वालिटी एश्योरेंस इंजीनियर | 1 | |
| 43 | | सीनियर डेवलपर - फुल स्टैक जावा | 8 | |
| 44 | | डेवलपर - फुल स्टैक जावा | 3 | |
| 45 | | डेवलपर - फुल स्टैक .NET और जावा | 5 | |
| 46 | | सीनियर डेवलपर - मोबाइल एप्लिकेशन डेवलपमेंट | 2 | |
| 47 | | डेवलपर - मोबाइल एप्लिकेशन डेवलपमेंट | 5 | |
| 48 | | सीनियर UI/UX डिज़ाइनर | 1 | |
| 49 | | यूआई/ यूएक्स डिजाइनर | 1 | |
| 50 | एमएसएमई | जोनल सेल्स मैनेजर - एमएसएमई बिजनेस | 1 | संविदा |
| 51 | | जोनल सेल्स मैनेजर - एमएसएमई - सीवी/ सीएमई | 1 | |
| 52 | | जोनल सेल्स मैनेजर - एमएसएमई - एलएपी/ गैर प्रतिभूत व्यवसाय | 1 | |
| 53 | | असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट एमएसएमई - सेल्स | 17 | |
| 54 | | असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट एमएसएमई - सेल्स सीवी/ सीएमई ऋण | 3 | |
| 55 | | वरिष्ठ प्रबंधक एमएसएमई - सेल्स | 7 | |
| 56 | | वरिष्ठ प्रबंधक एमएसएमई - सेल्स सीवी/ सीएमई ऋण | 4 | |
| 57 | | वरिष्ठ प्रबंधक एमएसएमई - सेल्स एलएपी/ गैर प्रतिभूत व्यवसाय ऋण | 1 | |
| 58 | | वरिष्ठ प्रबंधक एमएसएमई - सेल्स फॉरेक्स (निर्यात/ आयात व्यापार) | 10 | |
| 59 | | मैनेजर एमएसएमई - सेल्स | 11 | |
| 60 | वैल्थ मैनेजमेंट सेवाएं | रेडियंस प्राइवेट सेल्स हेड | 1 | संविदा |
| 61 | | ग्रुप हेड | 4 | |
| 62 | | टेरिटरी हेड | 8 | |
| 63 | | सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर | 234 | |
| 64 | | ई-वेल्थ रिलेशनशिप मैनेजर | 26 | |
| 65 | | प्राइवेट बैंकर - रेडियंस प्राइवेट | 12 | |
| 66 | | ग्रुप सेल्स हेड (वर्चुअल सेल्स हेड) | 1 | |
| 67 | | वैल्थ स्ट्रेटेजिस्ट (निवेश एवं बीमा) | 9 | |
| 68 | | उत्पाद प्रमुख - प्राइवेट बैंकिंग | 1 | |
| 69 | | पोर्टफोलियो रिसर्च विश्लेषक | 1 | |
| 70 | कैश मैनेजमेंट सेवाएं | एवीपी - अधिग्रहण एवं रिलेशनशिप मैनेजर | 19 | संविदा |
| 71 | रक्षा बैंकिंग | रक्षा बैंकिंग सलाहकार | 7 | संविदा |
| कुल | | | 627 | |

कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार परिवर्तित की जा सकती है।
पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव), अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in -> कॅरियर पेज -> वर्तमान अवसर -> नियमित आधार पर प्रोफेशनल की भर्ती विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2024/04 और संविदा के आधार पर प्रोफेशनल की भर्ती विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2024/05
उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ें तथा आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरणों की जांच करना सुनिश्चित करें। किसी भी अन्य सूचना / शुद्धिपत्र / संशोधन को केवल बैंक की वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।
**ऑनलाइन आवेदन करने और शुल्क के भुगतान की तिथि: 12.06.2024 से 02.07.2024 (23:59 बजे) तक**
**स्थान : मुंबई**
**दिनांक : 12.06.2024**
**मुख्य महाप्रबंधक**
**(मानव संसाधन प्रबंधन एवं विपणन)**
29/24-25

---

G20 भारत 2023 INDIA | LiFE Lifestyle for Environment | Delivering Happiness

**हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
**संयुक्त कंपनी सचिव**
आवेदन शुरू होने की तिथि
**12 जून 2024**
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि
**12 जुलाई 2024**



विस्तृत विज्ञापन के लिए
**https://hindustanpetroleum.com**
पर हमारे करियर पेज पर जाएँ।

---

रक्षा इलेक्ट्रॉनिकी से कहीं अधिक



भारत इलेक्ट्रॉनिक्स BHARAT ELECTRONICS
QUALITY, TECHNOLOGY, INNOVATION
**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
(CIN: L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न तथा प्रमुख पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को मध्य प्रदेश (भोपाल, इंदौर) में अपने परियोजना स्थलों के लिए निम्नलिखित पदों के लिए गतिशील तथा परिणामोन्मुख कार्मिको की आवश्यकता है।

| क्र. स. | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (नियत अवधि के आधार पर) | 1 |
| 2 | फील्ड ऑपरेशन अभियंता | 4 |

इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन हमारे वेबसाईट www.bel-india.in पर देख सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27/06/2024 है।
'हर एक काम देश के नाम'

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 13 जून 2024

## दो बार दाखिला सही

**यूनिवर्सिटियों को** साल में दो बार एडमिशन की इजाजत देने का UGC का फैसला सतर्कता के साथ, सही दिशा में उठाया गया कदम है। हालांकि आगे बढ़ने से पहले कई सवालों से दो-चार होना पड़ेगा।

**धीरे-धीरे बदलाव |** अपवादों को छोड़ दिया जाए, तो देश के सारे यूनिवर्सिटियों में एडमिशन साल में एक बार जुलाई-अगस्त में होता है। इस सिस्टम के स्कूल-कॉलेजों के सत्र से तालमेल बना हुआ है। फिर, यूनिवर्सिटियों के UG कोर्सों में एडमिशन CUET के जरिए हो रहा है। ऐसे में इस प्रक्रिया को बदलना हो तो कई स्तरों पर बदलाव की जरूरत होगी। जाहिर है, यह बदलाव धीरे-धीरे ही हो सकता है।

AI Image



छात्रों का साल बर्बाद नहीं होगा

**एकरूपता |** दुनिया की टॉप की यूनिवर्सिटियों में साल में दो बार एडमिशन का चलन काफी पहले से है। भारत में भी यह शुरू हो जाए तो न केवल एडमिशन साइकल में एकरूपता आएगी बल्कि अलग-अलग सत्रों के अलग पाठ्यक्रम रखने की गुंजाइश भी बनेगी।

**बढ़ेगा एनरोलमेंट |** नई व्यवस्था का एक और फायदा यह माना जा रहा है कि इससे ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो (GER) यानी उच्च शिक्षा के लायक उम्र समूह वाली कुल आबादी में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स का अनुपात बढ़ेगा। जब एक साल में दो बार एडमिशन का मौका मिलेगा तो जो स्टूडेंट्स स्वास्थ्य कारणों से या बोर्ड परीक्षा परिणामों में देरी के चलते या अन्य निजी कारणों से एडमिशन लेने से चूक गए हों, उन्हें एक साल इंतजार नहीं करना होगा।

**पहले का अनुभव |** UGC डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए साल में दो बार एडमिशन का जो सीमित प्रयोग पहले कर चुका है, उसके अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं। इसका फायदा यह हुआ कि करीब 5 लाख अतिरिक्त स्टूडेंट्स का साल बर्बाद होने से बच गया।

**व्यावहारिक दिक्कतें |** वैसे, जमीनी हकीकत यह है कि देश के ज्यादातर विश्वविद्यालय इस नई व्यवस्था को अपनाने की स्थिति में नहीं हैं। स्कूलों-कॉलेजों के मौजूदा शैक्षिक सत्र के मद्देनजर दूसरी बार एडमिशन का आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या भी संभवतः काफी कम होगी। अगर स्टूडेंट्स आ भी जाएं तो इन्फ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी जैसी चुनौतियों से निपटना उनके लिए आसान नहीं होगा।

**वैकल्पिक स्वरूप |** संभवतः इन्हीं पहलुओं के मद्देनजर UGC ने इस व्यवस्था को वैकल्पिक ही रखा है। अपनी तरफ से इजाजत दे दी गई है, लेकिन यह यूनिवर्सिटियों पर छोड़ दिया गया है कि इस नए सिस्टम को कब, कैसे और कितना अपनाना है। जाहिर है, UGC ने अभी बदलाव की दिशा का संकेत भर किया है। पर इसमें दो राय नहीं कि ग्लोबल एजुकेशन सिस्टम से एकरूपता कायम करना भारतीय शिक्षा जगत के लिए एक अच्छा लक्ष्य है।

### साड्डी दिल्ली

## हैदराबाद हाउस कथा

विवेक शुक्ला

**हैदराबाद हाउस** में खड़े नीम के पेड़ों ने बीते नौ दशकों में बहुत कुछ बनते-बदलते देखा है। ये दरख्त तब लगे थे जब एडवर्ड लुटियंस के डिजाइन पर हैदराबाद हाउस बन रहा था। आजकल जब सूरज देवता आग उगल रहे हैं, इन पेड़ों से बहने वाली मीठी बयार सुकून देती है। करीब आठ एकड़ में फैले हैदराबाद हाउस को 1928 में हैदराबाद के निजाम उस्मान अली खान ने बनवाया था। 1911 में जब दिल्ली देश की नई राजधानी बनी तो कई रियासतों ने ब्रिटिश सरकार से उन्हें नई राजधानी में अपना कोई 'हाउस' बनाने के लिए जमीन देने की गुजारिश की। तब यहां हैदराबाद, जोधपुर, त्रावणकोर, कोटा, जैसलमेर, बड़ौदा, बीकानेर, ग्वालियर, पटियाला, मंडी जैसी रियासतों को लैंड मिली। इनमें 26 कमरों वाला हैदराबाद हाउस सबसे भव्य माना जाता है। जब हैदराबाद हाउस बना था, तब आंध्र प्रदेश या तेलंगाना का नामो-निशान भी नहीं था। आगे चलकर हैदराबाद आंध्रप्रदेश की राजधानी बना। लेकिन, बीती 2 जून से यह सिर्फ तेलंगाना की राजधानी रह गया है। इस बीच, हैदराबाद हाउस में अब भी कुछ इस तरह के परिवार रहते हैं जिनके बुजुर्ग इधर तब नौकरी करने आए थे जब यह निजाम के नियंत्रण में था। फुटबॉल कमेंटेटर गौस मोहम्मद के पिता 1940 के दशक में हैदराबाद हाउस में नौकरी करने देवबंद से आए थे। वह तब इधर ही रहते थे जब सरदार पटेल ने अपने 1, औरंगजेब रोड (अब एपीजे अब्दुल कलाम रोड) स्थित आवास से हैदराबाद में 'ऑपरेशन पोलो' प्लान किया था। देश आजाद होने के बाद हैदराबाद हाउस को सरकार ने टेकओवर कर लिया था। इधर ही राजीव गांधी और सोनिया गांधी की शादी का रिसेप्शन भी हुआ था, 25 फरवरी 1968 को। प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव के दौर में हैदराबाद हाउस विदेश मंत्रालय को सौंप दिया गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में ही अमेरिका के दो राष्ट्रपतियों- बराक ओबामा और डॉनल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात और राजकीय भोज की व्यवस्था की। अब सरकार साउथ ब्लॉक के पास एक नया भवन बनाने जा रही है। इसका नाम होगा 'इंडिया हाउस'। आइंदा शिखर वार्ताएं उसमें ही होंगी। देखना है कि इंडिया हाउस बनने के बाद हैदराबाद हाउस का किस रूप में इस्तेमाल होगा। यह जानना जरूरी है कि हैदराबाद हाउस का ही हिस्सा था आंध्र प्रदेश भवन। अब यह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बंट गया है। पुराने आंध्र प्रदेश भवन का 58% आंध्र प्रदेश सरकार के पास है और बाकी 42% तेलंगाना के हिस्से में है। आंध्र प्रदेश भवन का निर्माण 1975 में पूरा हो गया था। इसका डिजाइन जे.एम. बेंजामिन ने तैयार किया था।

Subrata Dhar



### एकदा

## नहीं चाहिए इनाम

**ब्रिटिश राज** के दौरान लखनऊ एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्र था। वहां नवाबों की महफिलें तो जमती ही थीं, मुशायरे भी उन दिनों खासे आम थे। इस माहौल में मीर तकी मीर जैसे महान शायर का होना एक अद्वितीय आकर्षण था। मीर साहब अपनी शायरी के लिए तो हर जगह सम्मान पाते ही थे, एक दरवेश परिवार से होने के कारण उनकी खास इज्जत थी। लेकिन इसी समय अंग्रेज भी दस्तक दे रहे थे, कई जगह उनका कब्जा हो चुका था। अब ब्रिटिश गवर्नर जनरल और अन्य उच्च अधिकारी जब भी लखनऊ आते, तो नवाबों की तरह मीर तकी मीर की महफिल का आयोजन करते। उन्हें लगता था कि हुक्मरान होने के नाते उनके लिए मीर साहब का कलाम सुनना जरूरी है। इसलिए, मीर को नियमित रूप से दावतनामे भेजे जाते थे। लेकिन मीर फिरंगियों की दावतों से कतराते। एक बार किसी ने पूछ लिया कि इनाम और रुतबा तो हर कोई हासिल करना चाहता है, फिर आप इससे क्यों कतराते हैं? मीर बोले, 'मुझसे जो मिलता है, इसलिए मिलता है कि मैं फकीर यानी दरवेश के परिवार से हूं। दूसरी वजह मेरी शायरी है। इन गोरे साहबों पर मेरे सूफी होने का तो कोई असर नहीं होता और मेरा कलाम भी उनकी समझ में नहीं आता। फिर भी ये कलाम के लिए इनाम देते हैं। अब कोई बताए, ऐसी मुलाकात से जिल्लत के सिवा क्या हासिल?' मीर की यह कैफियत पाना तो सभी चाहते हैं, लेकिन पा वही सकता है जो मीर की तरह ऐसे हुक्मरानों को अपनी ठोकर पर रखे।

Shital Verma



संकलन : **जमील गुलरेज**

### 5 साल के कार्यकाल में सांसद के लिए इस निधि के तहत 25 करोड़ रुपये का प्रावधान है

# क्या सांसद निधि की अब भी ज़रूरत है



उमेश चतुर्वेदी

**मोदी की** अगुआई वाली NDA सरकार के पहले कार्यकाल में श्रम राज्यमंत्री रहे संतोष गंगवार के पास साल 2014 में एक सुबह कुछ लोग किसी कार्यक्रम के लिए वक्त मांगने पहुंचे। गंगवार के पास लोगों की भीड़ लगी थी। सबके बीच ही साधारण से कप में चाय पीते हुए उन्होंने कार्यक्रम के दिन के बारे में पूछा। वह दिन शनिवार का था। गंगवार ने हाथ खड़े कर दिए। उनका कहना था कि वह हर शुक्रवार की रात अपने निर्वाचन क्षेत्र बरेली के लिए निकल जाते हैं और बहुत जरूरी काम नहीं रहा तो सोमवार की सुबह ही दिल्ली लौटते हैं। सप्ताह का आखिरी दिन वह क्षेत्र के लोगों के साथ बिताते हैं। यही उनकी पूंजी है और इसी के दम पर वह 1989 से लगातार सांसद हैं।

**सांसदों से असंतोष |** सवाल है कि BJP में ऐसे कितने सांसद रहे, जो जनता के सुख-दुख का साथी बने रहने का दावा कर सकते हैं। जानकार इस बात पर एकमत हैं कि हालिया नतीजों में BJP के आशा के मुताबिक प्रदर्शन न करने की एक बड़ी वजह उसके ज्यादातर सांसदों के खिलाफ एंटीइनकंबेंसी भी रही है। आंकड़े भी इस तथ्य की गवाही देते हैं। पार्टी के पास बीती लोकसभा में 300 सांसद रह गए थे, जिनमें से उसने 168 सांसदों को फिर से मैदान में उतारा। उनमें से 66% यानी 111 सांसदों को जनता ने नकार दिया। पार्टी ने जिन 132 जगहों पर नए प्रत्याशी उतारे थे, उनमें से 95 को जीत मिली।

**लहर का सहारा |** हारे हुए सांसदों में से ज्यादातर के बारे में धारणा है कि वे मोदी लहर के सहारे ही एक बार फिर अपनी चुनावी नैया पार होने की उम्मीद लगाए हुए थे। हार को लेकर ये पूर्व सांसद कई बातें बना रहे हैं। लेकिन लोक की सेवा के लिए उनके पास तमाम अवसरों के अलावा सांसद निधि भी उपलब्ध थी। कुछ सांसदों ने इस निधि को ठीक से खर्च भी किया है, लेकिन ज्यादातर ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

**छोटी नहीं रकम |** यह रकम छोटी-मोटी नहीं है। वित्तीय वर्ष 2011-12 से हर सांसद को पांच करोड़ रुपये सालाना खर्च करने का अधिकार होता है। इस लिहाज से हर लोकसभा सांसद के हिस्से पांच साल में 25 करोड़ रुपये आते हैं। लोकसभा में 543 सदस्य होते हैं। यानी हर साल में सांसद निधि में 2,515 करोड़ रुपये मिलते हैं। लोकसभा के कार्यकाल में यह रकम 12 हजार 575 करोड़ रुपये होती है। अगर यह रकम हर सांसद के जरिए ठीक से खर्च हो जाए तो आम लोगों की तमाम छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान हो सकता है। बदले में सांसदों को लोक सहयोग की अनमोल निधि मिलेगी।

**सांसद निधि के नफा-नुकसान?**

- छोटी-मोटी समस्याओं के लिए सही
- प्रशासनिक लालफीताशाही से बचाव
- भ्रष्टाचार और लापवाही की शिकायतें

**राव ने की थी शुरुआत |** इस फंड की जमीनी हकीकत शायद कुछ और ही है। अगर सांसद इसी रकम को अपने क्षेत्र में संतुलित रूप से खर्च कर रहे होते तो BJP के मौजूदा सांसदों की हार के आंकड़ों पर चर्चा करने की जरूरत नहीं होती। लेकिन सांसदों की नाकामी पर चर्चा से पहले इस योजना के बारे में जान लेते हैं। इसकी शुरुआत नरसिंह राव शासनकाल में साल 1993-94 में हुई थी। तब इसके तहत हर सांसद को हर साल पांच लाख रुपये अलॉट किए जाते थे।

**बढ़ती रही रकम |** सालाना पांच लाख रुपये को सांसदों ने तब नाकाफी बताया था। अगले ही साल यानी वित्तीय वर्ष 1994-95 में इसे बढ़ाकर एक करोड़ रुपये सालाना कर दिया गया। उसके बाद वाजपेयी सरकार के दौरान साल 1998-99 में इसे दोगुना करके सालाना दो करोड़ रुपये कर दिया गया। मनमोहन सरकार ने वित्तीय वर्ष 2011-12 में इसे पांच करोड़ रुपये प्रति वर्ष कर दिया।

**रकम और बढ़ाने की मांग |** इस बीच, AIADMK सांसद थंबीदुरई की अध्यक्षता में बनी सांसदों की एक समिति इसे बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये सालाना करने की मांग कर चुकी है। वैसे कोविड महामारी के चलते 6 अप्रैल 2020 से 9 नवंबर 2021 तक इस फंड का आवंटन निलंबित रखा गया था। साल 2020-21 में इस योजना के लिए कोई धन आवंटित नहीं किया गया था। वित्त वर्ष 2021-22 की बाकी अवधि यानी 10 नवंबर 2021 से 31 मार्च 2022 के लिए प्रति सांसद महज दो करोड़ रुपये अलॉट हुए।

**भ्रष्टाचार की शिकायतें |** दिलचस्प है कि इस योजना में भ्रष्टाचार की शिकायतों के मद्देनजर लोकसभा अध्यक्ष रहते सोमनाथ चटर्जी ने 2008 में इसे बंद करने की बात कही थी। कांग्रेसी सांसद वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता वाला दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग भी इस योजना को बंद करने का सुझाव दे चुका है।

**क्या है औचित्य |** जिस योजना का जनता को कोई फायदा नहीं मिल रहा, उसे क्यों जारी रखा जाए? जो सांसद अपने बजाय किसी और के काम पर भरोसा करते हों, जो एक बार जीत कर क्षेत्र को भी हनक का इलाका समझते रहे हों, उन्हें यह फंड क्यों दिया जाना चाहिए? जनता की गाढ़ी कमाई की इस रकम का इस्तेमाल लोक के लिए किसी और जरिए से क्यों नहीं किया जाना चाहिए?

*(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं)*



AI Image

# कोटे पर BJP से SC खफा, ST क्यों नहीं



दीपांकर गुप्ता

**लोकसभा चुनावों** के नतीजे देखकर ऐसा लगता है कि बड़े पैमाने पर अनुसूचित जाति (SC) के वोटरों ने BJP के खिलाफ मतदान किया। उन्हें डर था कि अगर NDA फिर से सत्ता में आता है, तो आरक्षण खत्म कर देगा। SC का BJP से दूर जाने का सिलसिला चुनाव के पहले ही शुरू हो चुका था। हालांकि अनुसूचित जनजाति (ST) के मतदाताओं के मामले में ऐसा नहीं हुआ।

**BJP संग ST |** ST ने SC की तरह रिएक्ट क्यों नहीं किया? अगर BJP कोटा हटाती है तो इससे दोनों ही समुदाय बराबर प्रभावित होंगे। ST समाज के BJP के साथ बने रहने का नतीजा यह निकला कि जिन इलाकों में इस समुदाय की आबादी राष्ट्रीय अनुपात की तुलना में ज्यादा है, वहां NDA का प्रदर्शन अच्छा रहा। यूपी के नतीजे दिखाते हैं कि SC समुदाय ने बड़े पैमाने पर NDA से किनारा कर लिया। BJP की अगुआई वाले गठबंधन को उन 22 सीटों में से 17 पर हार झेलनी पड़ी, जहां SC कम्युनिटी की कुल आबादी 20% से ज्यादा है।

**NDA को वोट |** जिन 6 बड़े राज्यों में ST की आबादी राष्ट्रीय औसत से अधिक है, वहां NDA का प्रदर्शन यूपी के बिल्कुल उलट रहा। ये राज्य हैं मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, ओडिशा, झारखंड और त्रिपुरा। इन सभी जगह गठबंधन ने आराम से जीत दर्ज की। झारखंड में भी NDA ने क्लीन स्वीप किया होता, लेकिन वहां हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से उपजी सहानुभूति लहर ने I.N.D.I.A. ब्लॉक को फायदा पहुंचाया।

**कम भेदभाव |** इन बातों से यह नतीजा निकलता है कि भले ही SC और ST, दोनों को आरक्षण का लाभ मिलता हो, लेकिन उनकी दुनिया एक जैसी नहीं है। इसका पहला कारण यह समझ आता है कि ST के पास SC की तरह बाबा साहब आंबेडकर जैसा अपना कोई नैशनल हीरो नहीं है। एक जवाब यह भी है कि गरीब और ऐतिहासिक रूप से वंचित होने के बावजूद उनका सामाजिक पिछड़ापन ऐसे कामों की वजह से नहीं है जिसे अछूत समझा जाता है। ST के पिछड़ेपन की वजह रही भौगोलिक दूरी।

**समाज का सम्मान |** ST समाज के पेशे को बुरा नहीं समझा गया, कोई दाग नहीं रहा या रहा भी तो बहुत कम। आज भी 80%

AI Image



कॉमन रूम

समुदाय खेती-किसानी, बागवानी, मछली पालन वगैरह करता है। जनरल पॉपुलेशन के 53% आंकड़े से यह बहुत ज्यादा है। Anthropologist और गांधीवादी एनके बोस के मुताबिक, आधुनिक युग के पहले कुछ जनजातीय शासक थे, जिन्हें क्षत्रिय माना जाता था। उनमें से कुछ आज भी हैं।

**हिंदुत्व से नाता |** कुछ जनजातियों की जड़ें भक्ति आंदोलन के जरिये हिंदुत्व से जुड़ती हैं, मसलन - मुंडा, ताना भगत और त्रिपुरी। इनके पड़ोसी हिंदू इन्हें अपने से नीचा नहीं समझते। यह भी दावा किया जाता है कि ओडिशा के जगन्नाथ पंथ का शायद जनजातीय अतीत रहा है। All-Adivasi Cultural Committee ने 1973 में दावा किया था कि कई हिंदू देवता असल में संथाली हैं।

**SC की स्थिति |** ST की इन ऐतिहासिक विशेषताओं से जाहिर होता है कि आरक्षण के मुद्दे पर वे चुप क्यों रहे। अगर SC समाज को देखें, तो उनकी स्थिति ST की तुलना में बिल्कुल अलग रही। वे लोग हिंदू समाज के भीतर रहते थे और उन्हें ऐसे पेशे अपनाने पड़े जिन्हें गंदा कहा जाता है। SC के लिए समाज में आगे बढ़ने का रास्ता शिक्षा और नौकरी है। इससे पता चलता है कि उनके लिए आरक्षण इतना महत्वपूर्ण क्यों है।

**विकास में पीछे |** एक जैसे संघर्ष के बावजूद अगर ST और SC समाज एक आम नेतृत्व नहीं बना पाया है, तो उसके पीछे कारण यही मूल अंतर है। हालांकि यह विडंबना है कि भले ही ST समाज को SC की तरह कमतर नहीं आंका गया, लेकिन विकास के तमाम पैमानों पर वे बहुत पीछे हैं। अगर इस चुनाव में आरक्षण प्रभावी मुद्दा नहीं बनता, तो हम शायद ST और SC के अंतर को नजरअंदाज कर देते।

*(लेखक समाजशास्त्री हैं)*

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

hindi.speakingtree.in

## अध्यात्म सिखाता है हार में छिपी जीत को देखना

हफीज किदवई

**क्या हर** पराजय केवल पराजय भर है। क्या हर विजय महज विजय भर है। अध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो हार-जीत केवल परिणाम पर आकर नहीं रुकती। अध्यात्म में मार्ग प्रमुख होता है। इसी वजह से दुनिया भर में तमाम महापुरुषों की हार को जीत जैसा ही सम्मान मिलता है। परिणाम में उनके हिस्से भले ही पराजय आई हो, मगर उनके मार्ग की महत्ता ने उन्हें विजय जैसा सत्कार दिया है। विजय-पराजय उन्हीं लोगों के लिए है, जो परिणाम से आगे सोच नहीं सकते हैं। जिनको केवल परिणाम ही आकर्षित करता है, वे उस मार्ग के संघर्ष को नहीं समझ सकते, जो व्यक्ति चलते वक्त करता है।

सुकरात को जहर पिला कर मार दिया गया। यदि परिणाम देखेंगे तो लगेगा कि सुकरात हार गए। ईसा को फांसी दी गई। यदि परिणाम देखेंगे तो सामने यही है कि एक राजा ने ईसा को सूली पर चढ़ा दिया। कर्बला में हजरत हुसैन परिवार समेत शहीद हो गए, तो क्या यजीद जीत गया? महात्मा गांधी ने तो स्वतंत्रता प्राप्त करते ही शहादत को गले लगाया, तो क्या गांधी हार गए? दधीचि अपनी अस्थियां दान में देने के बाद भी विजयी ही तो कहलाए।

यह धरती ऐसे असंख्य उदाहरणों से भरी पड़ी है जिनमें जीतने वाले का गुणगान नहीं है, बल्कि परिस्थितियों में हारे हुए व्यक्ति को ही विजयी की तरह याद किया गया है। आखिर ऐसा होता क्यों है? क्यों हार को जीत की तरह बरता जाता है? यहीं से शुरू होता है अध्यात्म। अध्यात्म परिणाम पर नहीं, मार्ग पर अपना दृष्टिकोण बनाता है। जब देखा जाता है कि पराजित व्यक्ति ने पल भर भी मानवता नहीं त्यागी। छल-कपट का सहारा नहीं लिया। अन्याय, अहंकार और अत्याचार का सहारा नहीं लिया। उसके शक्ति प्राप्त करने के हर साधन को छीन लिया गया। उसके मित्र और परिजनों को उससे दूर कर दिया गया। उसके भरोसेमंद लोगों ने उसे धोखा दिया लेकिन वह डिगा नहीं। वह डटा रहा और आत्मबल से सभी परिस्थितियों को चुनौती देता रहा, तो उस व्यक्ति की हार को भी जीत ही कहा गया है।

यह उसके मार्ग की विजय है। उसकी प्रशस्ति उसके मार्ग के चुनाव के कारण है। यही मार्ग उसे हर किसी से अलग करता है। अपने मार्ग पर चलते हुए यदि पराजय भी हो जाए, तो उसे सम्मान मिलता है। यह शक्ति है मार्ग की, ना कि परिणाम की। इसी कारण हार की जीत को भारत में सदैव प्रोत्साहित किया गया है।

अध्यात्म हार की जीत को देखना सिखाता है तो जीत की हार को भी देखना सिखाता है। जीत और हार के इस अंतर को समझना सिखाता है। व्यक्ति का मार्ग, उस मार्ग के संघर्ष और संघर्ष के लिए किए त्याग और समर्पण की महत्ता को समझना सिखाता है। साधारण व्यक्ति केवल परिणाम से अपनी समझ विकसित करते हैं। जबकि आध्यात्मिक व्यक्ति परिणाम के स्थान पर पूरे मार्ग को देखता है और उससे अपनी समझ बनाता है। इसीलिए कहा जाता है, अध्यात्मिक चेतना विकसित कीजिए ताकि परिणाम देखने से पहले उस रास्ते को देख सकें, जो इंसान को गढ़ता है। आध्यात्मिक चेतना सतह के अंदर देखना सिखाती है। इसे विकसित कीजिए, ताकि कभी किसी भी विद्यार्थी या परीक्षार्थी का संपूर्ण अवलोकन कर सकें।

## हिमाचल का वह अंग्रेज़ तपस्वी

संतोष ओझा

**अमेरिका के** फिलाडेल्फिया में पिता का बड़ा कारोबार था, लेकिन सैमुएल इवांस स्टोक्स जूनियर की उसमें कोई रुचि न थी। साल 1904 में 22 साल की उम्र में वह भारत पहुंचे और शिमला के पास सुबाठू की कोढ़ियों की बस्ती में काम करने लगे। उस समय कोढ़ का कोई इलाज नहीं था। अंग्रेजों ने कानून बनाया था कि सारे कोढ़ी समाज से अलग रखे जाएं। सैमुएल तरनतारन और कोटगढ़ में ईसाई पादरियों की ओर से चलाई जा रही कोढ़ियों की बस्तियों में भी गए। जब कांगड़ा में भूकंप आया तो वहां लोगों की सेवा में जुट गए। भारतीय साधुओं का तपस्वी जीवन उन्हें भाया। वेश-भूषा हिंदू साधु की, फर्क बस इतना कि हाथ में ईसाइयों की मनकों वाली माला रोजरी और गर्दन पर लटका क्रॉस।



**भारत से लगाव |** स्टोक्स ईसाई संन्यासी थे, लेकिन भारत से उनका जुड़ाव ऐसा था कि उन्होंने तय कर लिया कि यहां रहकर काम करना है तो भारतीय गृहस्थ की तरह रहना ठीक होगा। उन्होंने 1912 में ईसाई पादरियों की संस्था से किनारा कर एक ईसाई लड़की एग्नेस से विवाह किया। लड़की के पिता राजपूत परिवार से थे और ईसाई धर्म अपना लिया था।

**सेब की खेती |** स्टोक्स उन्हीं दिनों कोटगढ़ के पास एक जमीन खरीदना चाहते थे। उस जमीन की अंग्रेज मालकिन ने 30 हजार रुपये में 200 एकड़ का सौदा मंजूर किया। रुपयों का इंतजाम फिलाडेल्फिया में रह रहीं उनकी मां ने किया। स्टोक्स वहां फलों की खेती करना चाहते थे, खासतौर से सेब की। तब इलाके में सेब की खेती छोटे पैमाने पर होती थी। फल काफी खट्टे हुआ करते थे और बाजार में उनकी पूछ न थी। 1916 में जब स्टोक्स अमेरिका गए, तो वहां से सेब, नाशपाती और प्लम के पौधे ले आए। अपने घर के आसपास उन्होंने ये पौधे लगाए। इसके पहले भी जब वह अमेरिका गए थे तो कोटगढ़ की मिट्टी के सैंपल ले गए थे। काफी रिसर्च के बाद उन्होंने 5-6 तरह के सेब तैयार किए। इनमें रेड डेलीशियस और गोल्डन डेलीशियस काफी लोकप्रिय हुए।

**किसानों को सलाह |** सेब की उपज बढ़ने से स्टोक्स को थोड़ा मुनाफा होने लगा। वह इस नतीजे पर पहुंचे कि कोटगढ़ के किसानों की गरीबी दूर करने का एक अच्छा उपाय है सेब की खेती। शुरू में किसानों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। वे आलू और मक्के की खेती से ही संतुष्ट थे। वैसे भी सेब के पौधे लगाने के बाद पहली उपज आने में 4-5 साल लगते थे। तब स्टोक्स ने उन्हें सलाह दी कि वे अपने खेतों में आलू और मक्के के साथ सेब की खेती करें। यह योजना कामयाब हुई।

**समस्या सुलझी |** एक बड़ी समस्या थी खराब सड़कों की। रोड खराब होने के कारण उपज समय पर मंडियों तक कैसे पहुंचाई जाती। स्टोक्स ने पंजाब के गवर्नर से अनुरोध किया और सड़क बन गई। इसके बाद तो बाकी जगहों के किसान भी सेब की खेती करने लगे।

**स्टोक्स बने सत्यानंद |** जीवन के बाद के वर्षों में स्टोक्स हिंदू धर्म के अधिक करीब होते गए। 1932 में उन्होंने हिंदू धर्म अपना लिया। वह अपने भारतीय परिवेश में पूरी तरह घुलमिल जाना चाहते थे और नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे अमेरिकी और भारतीय पहचान के बीच झूलते रहें। उन्हें नया नाम मिला- सत्यानंद स्टोक्स। उनकी पत्नी का नाम प्रियादेवी। मई 1946 में एक सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।

### टाइम मशीन

## स्पेस में कमाल

प्रणव प्रियदर्शी

**तीस वर्ष** की हैं सरानिया पेरियास्वामी और 27 साल की उमा माहेश्वरी के.। दोनों में अंतर बहुत सारे हैं, लेकिन समानता यह है कि दोनों ने दुनिया के पहले 3D इंजन युक्त रॉकेट को अंतरिक्ष पहुंचाने के मिशन में अहम भूमिका निभाई। इस तरह ये दोनों उन गिनी-चुनी महिलाओं के क्लब में शामिल हो गईं जो स्पेस सेक्टर में अपने अमूल्य योगदान से ध्यान खींच रही हैं। कुछ समय पहले तक यह सेक्टर महिलाओं के लिए अनजाना ही था। लेकिन हाल के वर्षों में निगार काजी (सूर्य मिशन आदित्य L 1 की प्रॉजेक्ट डायरेक्टर), कल्पना के. (चंद्रयान 3 की डेप्युटी डायरेक्टर), एम. वनिता (चंद्रयान 2 की प्रॉजेक्ट डायरेक्टर) और रितु श्रीवास्तव (चंद्रयान 2 की मिशन डायरेक्टर) जैसी महिलाओं ने साबित किया कि स्पेस सेक्टर उनकी पहुंच से दूर नहीं है। इसी तथ्य को नए सिरे से रेखांकित किया है सरानिया पेरियास्वामी और उमा माहेश्वरी ने। अग्निबाण सॉरटेड (Agnibaan SorTeD) की वीइकल डायरेक्टर सरानिया और अग्निकुल कॉस्मोस की मिशन-01 की प्रॉजेक्ट डायरेक्टर उमा माहेश्वरी शुरू से आखिर तक इस पूरे प्रॉजेक्ट में शिद्दत से शामिल रहीं। खासकर, सरानिया के लिए यह उपलब्धि इस मायने में भी विशिष्ट कही जाएगी कि उनका बैकग्राउंड एयरोस्पेस का नहीं है। उन्होंने ओशन टेक्नॉलजी में पोस्ट ग्रेजुएट किया और अग्निकुल में अपनी यात्रा सिस्टम इंजीनियर के तौर पर शुरू की। सिस्टम इंजीनियर की जिम्मेदारी लॉन्च वीइकल की देखरेख से जुड़ी थी। स्पेस सेक्टर में लड़कियों के कम अनुपात को लेकर उनका यह बयान गौर करने लायक है कि यह कॉलेज स्तर पर STEM (साइंस, टेक्नॉलजी, इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स) में लड़कियों के कम अनुपात से ही तय हो जाता है। ओशन टेक्नॉलजी की उनकी क्लास में भी 33 लड़कों के बीच महज 3 लड़कियां थीं। बहरहाल उन जैसों की कामयाबी बताती है कि भविष्य में यह अनुपात तेजी से बदलने वाला है।

AI Image



### आधी दुनिया

## रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

**■ पारदर्शिता जरूरी**

**12 जून** का संपादकीय 'संदेह न रहे' पढ़ा। NEET का रिजल्ट घोषित होते ही पेपर लीक और नंबर देने में गड़बड़ी से जुड़े आरोप सामने आ गए। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट ने केंद्र सरकार और नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) से जवाब दाखिल करने को कहा है। सवाल इस बात का है कि 67 कैंडिडेट्स ऐसे हैं जिन्हें 720 में 720 नंबर मिले। इन परीक्षाओं में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल होते हैं। इस साल लगभग 24 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए। अगर इसमें पारदर्शिता नहीं रहेगी तो स्टूडेंट्स का मनोबल गिरेगा और माता-पिता भी निराश होंगे। इन आरोपों की जांच कर सारे संदेह दूर किए जाने चाहिए।

**मीना धानिया,** ईमेल से

**■ सियासत में संतुलन**

**12 जून** के लेख 'हिंदुत्व की राजनीति कितनी काम आई' में पढ़ने को मिला कि हिंदी बेल्ट में BJP को हिंदू वोट उम्मीद के मुताबिक नहीं मिले। इस वजह से उसकी सीटें कम हुईं। लोकतांत्रिक देश की सियासत में संतुलन जरूरी है। इस बार के लोकसभा चुनाव परिणामों का यही संदेश है। भारत एक पंथनिरपेक्ष देश है। ऐसे राष्ट्र में शासन करने के लिए सभी धर्म, संप्रदाय और जातियों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यह संतुलन देश-समाज के हित में तो है ही, चुनावी हितों के लिए भी आवश्यक है। अगर आप सिर्फ एक धर्म की बात करेंगे तो दूसरे मजहब के लोग अपने-आप एकजुट हो जाएंगे। इसलिए संतुलन होना जरूरी है।

**चंद्र प्रकाश शर्मा,** रानी बाग

**■ महाराष्ट्र में होगा खेला**

**यह पत्र** 11 जून के संपादकीय 'क्या बदलेंगे समीकरण' से संबंधित है। गठबंधन की सरकार चलाना टेढ़ी खीर है। इसमें सभी दलों को खुश रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज भले ही NCP और शिवसेना अपनी नाराजगी का खुलकर इजहार न करें लेकिन यह तय है कि आने वाले महीनों में चीजें काफी बदलेंगी। महाराष्ट्र में कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और उनमें काफी खेल होने की आशंका है।

**बाल गोविंद,** नोएडा

**nbtedit@timesgroup.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

### अंतिम पत्र

**वेटिंग लिस्ट** और सफाई के लिए रेलवे को करना होगा काम- खबर - मतलब इतने दिनों तक रेलवे में काम ही नहीं हुआ!

**प्रीति अग्रवाल**

आर.एन.आई. नं. 510/57© सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित तथा **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद** और प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर M-11, ट्रांसपोर्ट हब, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप, मानेसर, हरियाणा से मुद्रित। फोन : 23302000 फैक्सः 23492047, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क : 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य : सोमवार से शनिवार : नेपाली 5 रु. ; रविवार : नेपाली 6 रु.
संपादक (दिल्ली मार्केट) : आशीष पांडे (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी)

# 8 बातें एडमिशन से पहले करें पता



**1. एक्रीडिटेशन**
किसी भी संस्थान के एक्रीडिटेशन की जांच जरूर करें। सच तो यह है कि जॉब मार्केट में उसी डिग्री को मान्यता दी जाती है जो किसी मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी या कॉलेज से हासिल की गई हो।

**2. ग्रैजुएशन रेट**
किसी भी यूनिवर्सिटी से ग्रैजुएट होने वाले छात्रों की संख्या का सही अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इससे दाखिला संबंधी संभावना की जानकारी आपको मिल सकेगी।

**3. रिटेंशन रेट**
अगर किसी यूनिवर्सिटी की ऊंची रिटेंशन रेट है तो इसका सीधा-सा मतलब है कि वहां के बच्चे पढ़ाई से संतुष्ट हैं। यही वजह है कि नए क्लास में जाने पर यूनिवर्सिटी या कॉलेज नहीं बदल रहे हैं। यह एक पॉजिटिव साइन है।

**4. करियर पर ध्यान**
यह इस बात को बताता है कि यूनिवर्सिटी में बच्चों के करियर को लेकर कितनी संजीदगी है। अगर काउंसलिंग की सुविधाएं, इंटरव्यू की तैयारी, रेज्यूमे रिव्यू और जॉब हंटिंग जैसी बातों पर भरपूर ध्यान दिया जाता है यानी माहौल बेहतर है।

**5. प्लेसमेंट**
यह काफी अहम है। किसी यूनिवर्सिटी या कॉलेज का प्लेसमेंट रेकॉर्ड कैसा है, यहां वहां के पूर्व छात्रों या यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के जरिए पता कर सकते हैं।

**6. सोशल मीडिया**
यूनिवर्सिटी या कॉलेज की वेबसाइट के अलावा सोशल मीडिया मौजूदगी पर भी ध्यान देना जरूरी है। यहां से आपको पता चलेगा कि कितने छात्र खुश हैं और कितने नाखुश। इसमें पूर्व छात्रों के टेस्टिमोनियल और फोरम बेहद मददगार होते हैं।

**7. फैकल्टी:** एडमिशन से पहले यह जरूर पता करें कि जिस सब्जेक्ट में आप एडमिशन ले रहे हैं, उसकी फैकल्टी कैसी है। अगर पढ़ाने वाले ढंग के नहीं मिले तो एडमिशन लेने का कोई मतलब नहीं है।

**8. एजुकेशन लोन**
किसी कॉलेज में एडमिशन लेने से पहले एजुकेशन लोन के बारे में पूछताछ करें। अमूमन एजुकेशन लोन सिर्फ उन्हीं कॉलेजों को दिया जाता है जो मान्यता प्राप्त होते हैं।


## आईआईएम मुंबई
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2024/29 दिनांक: 06 जून 2024

## निदेशक पद हेतु विज्ञापन

भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई द्वारा निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। निदेशक को आईआईएम मुंबई को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान बनाने की दृष्टि से एक महत्वाकांक्षी लीडर होना चाहिए। उनके पास त्वरित परिणाम देने और व्यापक सहयोग प्रदर्शित करने का इतिहास होना चाहिए। उन्हें उत्साही और ऊर्जावान होना चाहिए, उनके पास स्पष्ट दृष्टि और उसे क्रियान्वित करने के लिए विनम्रता होनी चाहिए।

संस्थान को एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान या बिजनेस स्कूल से उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् की जरूरत है। शैक्षणिक क्षेत्र में उपलब्धियों का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड, जिसमें वैश्विक गुणवत्ता के व्यापक रूप से प्रकाशित शोध, मजबूत उद्योग-संबंध और सिद्ध प्रशासनिक नेतृत्व अनुभव शामिल हैं। किसी उद्योग से जुड़े उम्मीदवारों को प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षण और अनुसंधान का उचित अनुभव होना चाहिए।

चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति का संविदागत कार्यकाल 5 वर्ष अथवा 70 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। उम्मीदवार की आयु 06 जून 2024 तक 65 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

आवेदन की विस्तृत अधिसूचना और प्रारूप संस्थान की वेबसाइट **www.iimmumbai.ac.in/careers** पर उपलब्ध है।

**आवेदन प्रारूप (स्कैन किया हुआ और स्पीड पोस्ट द्वारा) के अनुसार पूर्ण सूचना सहित आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तारीख 10 जुलाई, 2024 है।**

## नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
एन एफ एल / NFL / नवरत्न कंपनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
ए-11, सेक्टर-24, नोएडा-201301,
दूरभाष: 0120-2412294, 2412445, फैक्स: 0120-2412397

विज्ञापन संख्या: 03 (NFL)/2024 दिनांक: 12.06.2024

**एनएफएल में प्रबंधन प्रशिक्षुओं की नियुक्ति-2024**

एनएफएल में निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए ऊर्जावान, युवा और योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | कुल रिक्त पद | श्रेणीवार रिक्तियां | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनु. जाति | अनु.ज. जाति | अ.पि.व (एनसीएल) | ईडब्ल्युएस | पीडब्ल्यूबीडी | भू.पू. सैनिक |
| 1 | प्रबंधन प्रशिक्षु (रासायनिक) | 56 | 24 | 07 | 05 | 15 | 05 | 03 | - |
| 2 | प्रबंधन प्रशिक्षु (यांत्रिक) | 18 | 08 | 02 | 01 | 06 | 01 | 01 | - |
| 3 | प्रबंधन प्रशिक्षु (विद्युत) | 21 | 11 | 02 | 02 | 04 | 02 | 01 | - |
| 4 | प्रबंधन प्रशिक्षु (उपकरण) | 17 | 09 | 02 | - | 05 | 01 | - | - |
| 5 | प्रबंधन प्रशिक्षु (रासायनिक प्रयोगशाला) | 12 | 06 | 02 | 01 | 02 | 01 | 01 | - |
| 6 | प्रबंधन प्रशिक्षु (सिविल) | 03 | 02 | - | - | 01 | - | - | - |
| 7 | प्रबंधन प्रशिक्षु (अग्नि एवं सुरक्षा) | 05 | 03 | 01 | - | 01 | - | - | - |
| 8 | प्रबंधन प्रशिक्षु (सूचना प्रौद्योगिकी) | 05 | 02 | 01 | - | 01 | 01 | - | - |
| 9 | प्रबंधन प्रशिक्षु (सामग्री) | 11 | 05 | 02 | 01 | 02 | 01 | 01 | - |
| 10 | प्रबंधन प्रशिक्षु (मानव संसाधन) | 16 | 07 | 03 | 02 | 03 | 01 | - | - |

विस्तृत विज्ञापन एनएफएल वेबसाइट: www.nationalfertilizers.com →करियर →एनएफएल में भर्ती →एनएफएल में प्रबंधन प्रशिक्षुओं की नियुक्ति-2024 पर दिनांक 12/06/2024 से उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल दिनांक 12/06/2024 से 02/07/2024 तक उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 02/07/2024 होगी। इस भर्ती के लिए कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अद्यतन केवल एनएफएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन-कार्मिक), एनएफएल**

@NFL_Kisan | @nationalfertilizers | National Fertilizers Limited

## नेशनल इंडस्ट्रियल कोरीडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
NICDC — National Industrial Corridor Development Corporation — India Reimagined
पंजीकृत कार्यालय : एनआईसीडीसी, टावर-1, 8वाँ तल, जीवन भारती बिल्डिंग, कनॉट प्लेस नई दिल्ली-110001 फोन नं : 011-23317884-8

एनआईसीडीसी लिमिटेड निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:
1. महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)
2. प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल)
3. प्रबंधक (ट्रांसपोर्ट प्लानर)
4. प्रबंधक (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी))
5. वरिष्ठ कार्यकारी (वित्त एवं लेखा) एवं
6. वरिष्ठ कार्यकारी (सिविल)

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पात्रता की जांच करें और प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर एनआईसीडीसी की वेबसाइट यानी **www.nicdc.in (Careers> Current Opening> Apply Online)** पर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार/विचार नहीं किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने महाप्रबंधक-वित्त एवं लेखा के पद के लिए पहले आवेदन किया था, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। **विज्ञापन सं.: 2024-25/02**

## NORTH EAST TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(A joint venture of POWERGRID, ONGC Tripura Power Company Ltd. And North Eastern States)

**RECRUITMENT**

North East Transmission Company Limited (NETC) is having 662.8 Kms of 400 KV D/C Transmission Line from Palatana (Tripura) to Bongaigaon (Assam) for evacuation of power from OTPC 726.6 MW Gas Based Combined Cycle power plant situated at Palatana (Tripura).

To meet the growing business requirements, NETC is looking for dynamic, result oriented and self-motivated professional in the F & A Deptt. Interested candidates may visit our website i.e., www.netcindia.in (career page) for the detailed advertisement. The last date for submitting online application is within 10 days from the date of advertisement.

Corporate Office: 2C,3rd Floor, D-21 Corporate Park, DMRC Building, Sector-21, Dwarka, Delhi-110075,Tel : 011-46688888

## DELHI PUBLIC SCHOOL FIROZABAD
(Under the Aegis of The DPS Society East of Kailash New Delhi)

**REQUIRES**

**ACADEMIC COORDINATOR : FOR PRIMARY, MIDDLE & SENIOR**
Section preferably Senior Faculty with public school background having experience of 10+ years.

**PGT :** Accounts, Economics, English, Chemistry, Physics, Biology.
**TGT :** English, Social Science , Maths, Science, Computer Science, Hindi
**PRT :** Maths, Computer Science, English, EVS, Hindi.

**APPLICANTS FOR THE POST PGT & TGT SHOULD POSSESS MINIMUM EXPERIENCE OF 3 YEARS AND QUALIFICATIONS AS PER CBSE NORMS.**

Please apply within **7 days** online at **www.dpsfirozabad.com** or send in your latest resume at **careers@dpsfirozabad.com** along with recent photograph

**Village Daulatpur, Bamba Road, Firozabad U.P.**

## एसबीयू में पूर्णकालिक रिटेनरशिप पर पेशेवर की आवश्यकता है : लॉजिस्टिक्स सर्विसेस

**न्यूनतम योग्यता:** एमबीए या समकक्ष
**न्यूनतम अनुभव :** निम्नलिखित होने चाहिए :
i) सेना/नौसेना या वायुसेना में 30 से अधिक वर्षों तक सेवा की हो , और
ii) सेना/नौसेना या वायुसेना में कम से कम 15 वर्षों तक लॉजिस्टिक्स एवं एससीएम फंक्शन में काम करने का अनुभव, और
iii) भारतीय वायुसेना में एयर कमोडोर या भारतीय नौसेना में कमोडोर या भारतीय सेना में ब्रिगेडियर के रूप में कार्य किया हो

**अधिकतम आयु 25.06.2024** पर 62 वर्ष
**रिटेनरशिप शुल्क** : कंपनी के नियमों के अनुसार रिक्ति : 01, दिल्ली
आवेदन **12.06.2024** से **14 दिनों** के भीतर कॉर्पोरेट मानव संसाधन विभाग, बामर लॉरी को **chrd.recruitment@balmerlawrie.com** पर ईमेल किया जाना चाहिए
विवरण के लिए कृपया **https://www.balmerlawrie.com/pages/currentopening** पर जाएं।

बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड (भारत सरकार का एक उद्यम)
Balmer Lawrie & Co.Ltd. (A Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालय : 21, एन एस रोड, कोलकाता-700 001
सीआईएन : L15492WB1924GOI004835
संपर्क हेतु हमारी वेबसाइट www.balmerlawrie.com में दर्ज विस्तृत विज्ञापन देखें।
157 वर्षों के विश्वास की विरासत वाला एक बहु-व्यवसाय समूह, विश्वसनीयता और पारदर्शिता।

## KRAM INFRACON

**URGENT REQUIREMENT**

Kram Infracon (P) Ltd is a fast expanding infrastructure construction Company, focused on construction of roads, highways, bridges, irrigation schemes, water supply projects, railways, international border fencing and other infrastructure projects in India. The Company invites applications from qualified Professionals for its ongoing projects in Punjab, West Bengal, Mizoram, Uttar Pradesh and other locations:

**PROJECT MANAGERS**
Civil Engineers with 20-25 years of prior working experience, with capabilities to handle complete project independently. Candidates with experience in highways / railways / border fencing projects would be given preference.

**SITE ENGINEERS**
Civil Engineers having minimum 5-10 years of experience in execution of highways / structures / railways works.

**PLANNING / BILLING ENGINEERS**
Civil Engineers having minimum 5-10 years of experience in project planning, billing or contract management.

**QUALITY CONTROL**
Civil Engineers having minimum 5-10 years of experience in QA/QC of infrastructure projects, including all related documentation for the same.

**STORES**
Graduate/Post-Graduate having minimum 10 years of experience in management of stores at construction project sites in a computerised environment.

**Remuneration for the deserving candidates shall be commensurate with the Industry standards.**

*Interested candidates may send their resume to info@kram.co.in on or before 19th June 2024.*

## NEEPCO


Advt.No.NEEPCO-01/2024 दिनांक: 08.06.2024

**समृद्धि के लिए बिजली**

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एक समान अवसर नियोक्ता) एक अनुसूची-ए 'मिनी रत्न' सीपीएसई और एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। निगम हाइड्रो, गैस आधारित और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की योजना बनाने, डिजाइन करने और उन्हें क्रियान्वित करने में लगा हुआ है और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में प्रवेश कर रहा है। निगम निम्नलिखित पदों के लिए संगठन में शामिल होने के लिए शानदार शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले होनहार, ऊर्जावान और उद्यमी पेशेवरों की तालाश कर रहा है।

| क्र. सं. | पद / ग्रेट | रिक्तियां | आयु सीमा की गणना 01.05.2024 के अनुसार की जाएगी |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यवाहक प्रशिक्षार्थी (इलेक्ट्रिकल / मैकानिकल) (ई-2) ग्रेड, पद कोड-एचआर/34 वेतनमान : ₹50,000-3%-1,60,000/- (आईडीए) | यूआर - 11, एससी - 04, एसटी - 01, कुल - 16 | यूआर /ईडब्ल्यूएस -30 वर्ष, एससी/एसटी -30 वर्ष |
| 2. | कार्यवाहक प्रशिक्षार्थी (वित्त) (ई-2) ग्रेड, पद कोड-एचआर/259 वेतनमान : ₹50,000-3%-1,60,000/- (आईडीए) | यूआर - 04, ईडब्ल्यूएस - 02, कुल - 06 | |
| 3. | कार्यवाहक प्रशिक्षार्थी (मानव संसाधन) (ई-2) ग्रेड, पद कोड-एचआर/159 वेतनमान : ₹50,000-3%-1,60,000/- (आईडीए) | यूआर - 01, ईडब्ल्यूएस - 01, कुल - 02 | |

**न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक अन्य लाभ के साथ लगभग ₹94,350.00 ( चौरानबे हजार तीन सौ पचास रूपए ) होगा।**

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, मुआवजा पैकेज, ऑनलाइन आवेदन के लिए निर्देश के लिए **www.neepco.co.in** → **Careers** यहाँ क्लिक करें।

**आवेदन के सिर्फ ऑनलाइन मोड की स्वीकार किया जाएगा। किसी भी भूलसुधार /संशोधन /अद्यतन हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे।**

उप महा प्रबंधक (एचआर), भर्ती
नीपको लि. शिलांग

## SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | समतुल्य/ तुलनीय श्रेणी | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| | **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/01** | | | |
| 1 | रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए)- वायु सेना | 1 | -लागू नहीं- | संविदा |
| 2 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) - बेंगलुरु | 1 | -लागू नहीं- | संविदा |
| 3 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) - चंडीगढ़ | 1 | -लागू नहीं- | संविदा |
| | **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/02** | | | |
| 4 | चार्टर्ड अकाउंटेंट (विशेषज्ञ) | 9 | एमएमजीएस-II | नियमित |
| | **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/03** | | | |
| 5 | अनुसंधान विश्लेषक - फ़ॉरेक्स | 1 | एमएमजीएस-III | संविदा |
| 6 | अनुसंधान विश्लेषक - इक्विटी | 2 | एमएमजीएस-III | संविदा |
| 7 | अनुसंधान विश्लेषक - प्राइवेट इक्विटी | 2 | एमएमजीएस-III | संविदा |
| | **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/04** | | | |
| 8 | जलवायु जोखिम विशेषज्ञ | 2 | एमएमजीएस-III | नियमित |
| 9 | मार्केट जोखिम विशेषज्ञ | 3 | एमएमजीएस-III | नियमित |
| | **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/05** | | | |
| 10 | व्यापार वित्त अधिकारी (एमएमजीएस-II) | 150 | एमएमजीएस-II | नियमित |
| | **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/06** | | | |
| 11 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा और विशेष परियोजनाएं) | 1 | टीईजीएस-VI | संविदा |
| 12 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सूचना सुरक्षा संचालन) | 1 | टीईजीएस-VI | संविदा |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query )** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 07.06.2024 से 27.06.2024 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 07.06.2024 **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## CPCL — सी पी सी एल
## चेन्नै पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम और आईओसीएल की समूह कंपनी)

**दिनांक 12.06.2024 का सीपीसीएल/एचआरडी:03:056 - वर्ष 2024 का विज्ञापन सं.3**

**यूजीसी एनईटी दिसंबर 2023 के माध्यम से मानव संसाधन और कॉर्पोरेट संप्रेषण पेशेवरों की भर्ती**

**दिनांक 11.10.2023 का सीपीसीएल/एचआरडी:03:056 - वर्ष 2023 का विज्ञापन सं.2 के आगे, सीपीसीएल यूजीसी एनईटी दिसंबर 2023 स्कोर के माध्यम से मानव संसाधन (मा सं) और कॉर्पोरेट संप्रेषण (कॉ सं) पेशेवरों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।**

| क्र.सं. | पद/विषय | यूजीसी एनईटी विषय कोड | रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | मानव संसाधन (मा सं) | 55 | 3 |
| 2 | कॉर्पोरेट संप्रेषण (कॉ सं) | 63 | 1 |

**चिकित्सा और सचिवालय विभाग में कार्यकारियों की भर्ती**

**सीपीसीएल निम्नलिखित पदों में कार्यकारियों की भर्ती कर रही है:**

| क्र.सं. | पद/विषय | रिक्ति |
|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 1 |
| 2 | अधिकारी (सचिवालय) | 1 |

**कृपया पात्रता मानदंड, योग्यता, प्रतिपूर्ति और हितलाभ, सामान्य निबंधन और शर्तें आदि के लिए, हमारे वेबसाइट www.cpcl.co.in को लॉगिन करें। उपर्युक्त विज्ञापन में कोई अनुशेष, शुद्धिपत्र यदि हो तो हमारे वेबसाइट में पोस्ट किया जाएगा।**

**महाप्रबंधक (कार्मिक)**

## पावरग्रिड POWERGRID
Advt No. CC/02/2024



**पावरग्रिड युवा एवं ऊर्जावान इंजीनियरों को अपनी टीम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है**

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न पीएसयू और विश्व की विशालतम पारेषण उपयोगिताओं में से एक **पावरग्रिड** तथा पावरग्रिड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी **सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (CTUIL), इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस** और **इलेक्ट्रॉनिक्स** विषयों के प्रतिभाशाली एवं युवा इंजीनियरिंग स्नातकों को अपने साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है।

**इंजीनियर प्रशिक्षु**

अगले चरणों में चयन के लिए पात्र होने के लिए आवेदकों के पास संबंधित विषय में **GATE 2024** परीक्षा में वैध स्कोर होना चाहिए।

पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया, रिक्तियों की संख्या आदि के विवरण के लिए कृपया **www.powergrid.in** के करियर अनुभाग पर जाएं।

**इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा और पावरग्रिड की वेबसाइट पर आवेदन जमा करना होगा।**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड में ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 12 जून 2024 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 4 जुलाई 2024 |

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
**पंजीकृत कार्यालय:** बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
**केन्द्रीय कार्यालय:** "सौदामिनी", प्लॉट सं.-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
**एक महारत्न पीएसयू**

PG/CC/Rectt-01/Advt-09/2024-25

## राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रशासनिक भवन, चेंबूर, मुंबई 400 074,
CIN : L24110MH1978GOI020185
नवरत्न कंपनी

**विज्ञापन सं. 01062024**

**ट्रॉम्बे/थल/ क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए पूरे भारत में भर्ती**

राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ लिमिटेड) उर्वरकों और औद्योगिक रसायनों के निर्माण एवं विपणन के व्यापार में लाभ अर्जित करने वाली अग्रणी कंपनी है, जिसका कुल प्रचालन से राजस्व लगभग रु. 21451.54 करोड है। कंपनी को अगस्त 2023 में प्रतिष्ठित "नवरत्न" का दर्जा दिया गया है। राष्ट्रीय स्तर के विपणन नेटवर्क के साथ इसकी निर्माण इकाइयां महाराष्ट्र (ट्रॉम्बे चेंबूर, मुंबई तथा थल, जिला-रायगड) में स्थित है। कंपनी उत्कृष्ट करियर विकास के अवसर प्रदान करती है। कंपनी निम्नलिखित पदों की भर्ती करना चाहती है:

| क्र. सं. | पद कोड | शाखा एवं पदों का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | MTCHEM/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (रसायन) | 51 |
| 02 | MTMECH/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (यांत्रिकी) | 30 |
| 03 | MTELE/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (विद्युत) | 27 |
| 04 | MTINST/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (उपकरण) | 18 |
| 05 | MTCIV/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (सिविल) | 4 |
| 06 | MTFIRE/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (अग्निशमन) | 2 |
| 07 | MTCCLAB/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (सीसी लॅब) | 1 |
| 08 | MTIE/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (औद्योगिक अभियांत्रिकी) | 3 |
| 09 | MTMKTG/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (विपणन) | 10 |
| 10 | MTHR/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (मानव संसाधन) | 5 |
| 11 | MTADMIN/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (प्रशासन) | 4 |
| 12 | MTCC/062024 | प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी (निगमित संचार) | 3 |

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.rcfltd.com पर 'रिक्रूटमेंट' अनुभाग देखें।

**मुख्य महा प्रबंधक (मा.सं.)निग.**

साथ बढ़ें समृद्धि की ओर

## JAIPRAKASH SEWA SANSTHAN
JAYPEE GROUP — NO DREAM TOO BIG
(NOT-FOR-PROFIT TRUST OF THE JAYPEE GROUP)
शिक्षा व सेवा — JAIPRAKASH SEWA SANSTHAN

**CALLING EDUCATIONISTS**

Jaiprakash Sewa Sansthan is a **'Not-for-Profit Trust'** of Jaypee Group has been established to provide quality education at all levels in a variety of disciplines for over three decades. At present, the Trust manages **24 Schools, 04 ITIs, 01 PG College, 04 Universities and a Business School.** In order to ensure Total Quality Management of its institutions, Head Office (Education) has been set up at its Headquarters to effectively and efficiently manage its Schools, ITIs and a College. Applications are invited to fill the following post :-

**Vice President, Education in Head Office**

**Qualification:** MSc/MA in any subject with MEd/MA (Ed)/BEd. **Experience:** 5 – 10 years in planning, management and administration of educational institutions. **Age:** Around 45 years. **Responsibility Domains:** Management of schools; Curriculum development; Educational measurements; Teachers Training; Inspections, Affiliations, implementation of NEP 2020, NCF 2022 and NCrF.

**Retired Education officers of the Armed Forces with experience in Sainik schools may also apply.**

*The educationist will play vital role in realizing vision of the management to impart quality education to over one lakh students in next 10 years. Remuneration and perks will not be a constraint for the deserving candidate. Interested candidates are requested to kindly e-mail their Curriculum Vitae with photograph to reach **Director (Education) on the e-mail ID isha.agarwal@jalindia.co.in within 10 working days.***

Join Us / Jaypee Edusphere
Visit : www.jaypeeedusphere.com
Call Toll Free Number : 1800 - 2020 - 323

JAYPEE EDUSPHERE | IGNITED MINDS INSPIRED SOULS

Scan the Code to know more

# t20 वर्ल्ड कप 2024



"यह वास्तव में थोड़ा अजीब है। मैंने जितने विश्व कप खेले हैं उनमें संभवतः यह पहला टी20 विश्व कप है जिसका प्रारूप इस तरह का है। इसमें पहले चरण में आप कितना भी अच्छा प्रदर्शन करें सुपर 8 में वह खास मायने नहीं रखेगा। –जोश हेज़लवुड, फास्ट बोलर, ऑस्ट्रेलिया

## 71

मैचों में हारिस रऊफ ने टी20 इंटरनैशनल में अपने 100 विकेट पूरे किए। किसी पेसर द्वारा यह सबसे तेज सौ विकेट हैं। इससे पहले यह रेकॉर्ड मार्क एडेयर और बिलाल खान के नाम दर्ज था जिन्होंने 72-72 टी20 इंटरनैशनल में ऐसा किया था

## फटाफट खबरें



अमेरिका में क्रिकेट को लेकर इस तरह के बन रहे मीम्स

### स्क्वॉश टीम जीती

■ **डेलियान:** भारत की मेंस और विमिंस टीमों ने एशियाई टीम स्क्वॉश चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। मेंस टीम ने कुवैत को 2-1 से हराया। विमिंस टीम ने मकाउ को 2-1 और मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। भारतीय मेंस टीम को हालांकि अपने दूसरे ग्रुप मैच में जापान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

### टिटमस ने तोड़ा रेकॉर्ड

■ **ब्रिसबेन:** ऑस्ट्रेलिया की एरियार्ने टिटमस ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के ओलिंपिक्स स्विमिंग ट्रायल के दौरान महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। टिटमस ने एक मिनट 52.23 सेकंड का समय लेकर पिछले साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप में मोली ओकालाघन के एक मिनट 52.85 सेकंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया।

### नहीं रहे चथुन्नी

■ **कोच्चि:** पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टीके चथुन्नी का बुधवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रोफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### रोनाल्डो ने दिलाई जीत

■ **लिस्बन:** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे।

अर्शदीप के चार विकेट से सिमटी मेजबान टीम, कम स्कोर वाले मैच में फिर सूर्य-शिवम ने बल्लेबाजी में लगाई नैया पार

# एच1बी पर भारी पड़ा आधार, भारत की सुपर-8 में एंट्री

■ NBT स्पोर्ट्स, नई दिल्ली

**क्रिकेट की** एक दिलचस्प जंग को जीतकर टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 स्टेज में एंट्री कर ली है। भारत ने बुधवार को न्यूयॉर्क के नासाऊ इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान अमेरिका को सात विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट के अगले स्टेज में जगह बनाई। दरअसल, यह मैच इंडिया बनाम 'मिनी इंडिया' की जंग की तरह था जिसमें भारतीयों ने अमेरिकी टीम की तरफ से खेल रहे भारतीय मूल के कई प्लेयर्स से टक्कर ली। अमेरिकी प्लेइंग इलेवन में नीतीश कुमार, हरमीत सिंह, जसदीप सिंह और सौरभ नेत्रवलकर जैसे प्रवासी भारतीय क्रिकेटर्स शामिल थे। यानी यह कहना मुनासिब होगा कि भारतीय नागरिकता वाला 'आधार' अमेरिकी वीजा 'एच1बी' पर भारी पड़ा। गौरतलब है कि एच1बी वीजा अमेरिका में विदेशी प्रवासियों को अस्थायी तौर पर काम करने की अनुमति देता है।

इंडिया @ टी20 वर्ल्ड कप

अपने स्लो और लो-स्कोरिंग विकेट के लिए मशहूर हो चुके इस स्टेडियम पर अमेरिका ने आठ विकेट पर 110 रन बनाए तो यह दिखने में भले ही छोटा स्कोर लग रहा था, लेकिन असल में यह चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। खासकर, भारत ने जब शुरुआत में ही दोनों दिग्गज ओपनर विराट कोहली (0) और कप्तान रोहित शर्मा (3) के विकेट गंवा दिए तो लगने लगा कि पाकिस्तान की तर्ज पर वह भी उलटफेर का शिकार ना हो जाए। दोनों के विकेट बाएं हाथ के मीडियम पेसर सौरभ नेत्रवलकर ने लिए। इसके अलावा ऋषभ पंत (18) भी सस्ते में आउट हो गए। हालांकि सूर्यकुमार यादव की नाबाद फिफ्टी (49 बॉल पर 50* रन, 2 फोर, 2 सिक्स) और शिवम दुबे (35 बॉल पर 31* रन, 1 फोर, 1 सिक्स) के साथ उनकी 67 रनों की अविजित साझेदारी ने खतरे को टालते हुए भारत की नैया पार लगा दी।

**अर्शदीप का जोरदार 'चौका':** इसके पहले बाएं हाथ के भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने मेजबान अमेरिका के बल्लेबाज सहमे नजर आए। 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे अर्शदीप ने मैच के पहले ओवर में दो विकेट लेने समेत कुल चार विपक्षी बल्लेबाजों को चलता कर दबदबा बनाया। उन्होंने इसके एवज में सिर्फ नौ रन खर्च किए। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भारतीय बोलर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके अलावा हार्दिक पंड्या ने दो विकेट और अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। अमेरिका की तरफ से 23 बॉल पर सर्वाधिक 27 रन नीतीश कुमार ने बनाए जबकि ओपनर स्टीवन टेलर ने 24 रन का योगदान दिया।

**पहले ओवर में ही डबल अटैक:** अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही। भारत की तरफ से गेंदबाजी का आगाज करते हुए अर्शदीप ने मेजबान टीम को पहले ही ओवर में करारा झटका दिया। अर्शदीप ने पारी की पहली ही गेंद पर ओपनर शायन जहांगीर (0) को विकेट के आगे एलबीडब्ल्यू का शिकार बनाकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर अर्शदीप ने नए बल्लेबाज एंड्रीज गौस (2) को भी हार्दिक पंड्या के हाथों कैच आउट कराकर दूसरी सफलता भी दिला दी।




**4 विकेट** झटके अर्शदीप सिंह ने अपने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर जो टी20 इंटरनैशनल में उनका सर्वश्रेष्ठ बोलिंग प्रदर्शन है। वह इस फॉर्मेट में अब तक 69 विकेट ले चुके हैं

**7वें प्लेयर** बने हार्दिक पंड्या टी20 वर्ल्ड कप में 20 प्लस विकेट और 200 प्लस रन बनाने वाले। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय हैं

**3 तीसरा** मौका है जब रविंद्र जाडेजा ने किसी टी20 इंटरनैशनल मैच में एक भी ओवर नहीं डाला। इससे पहले 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और 2022 में श्रीलंका के खिलाफ ऐसा हुआ था

**1 पहली** बार इस साल के टी20 वर्ल्ड कप में यूएसए के बल्लेबाज आरोन जोंस आउट हुए। जोंस ने तीन मैचों में 141 के औसत से 141 रन बनाए हैं

### स्कोरकार्ड

**यूएसए:** शायन जहांगीर एलबीडब्ल्यू बो अर्शदीप 0, स्टीवन टेलर बो पटेल 24, एंड्रीज गौस कॉ पंड्या बो अर्शदीप 2, आरोन जोंस कॉ सिराज बो पंड्या 11, नीतीश कुमार कॉ सिराज बो अर्शदीप 27, कोरी एंडरसन कॉ पंत बो पंड्या 15, हरमीत सिंह कॉ पंत बो अर्शदीप 10, शैडली वैन शल्कविक नॉट आउट 11, जसदीप सिंह रन आउट 2 **एक्स्ट्राज:** 8 **टोटल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन **विकेट:** 1-0, 2-3, 3-25, 4-56, 5-81, 6-96, 7-98, 8-110 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, मोहम्मद सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमरा 4-0-25-0, हार्दिक पंड्या 4-1-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-25-1

**भारत:** रोहित शर्मा कॉ हरमीत बो नेत्रवलकर 3, विराट कोहली कॉ गौस बो नेत्रवल्कर 0, ऋषभ पंत बो अली खान 18, सूर्यकुमार यादव नॉट आउट 50, शिवम दुबे नॉट आउट 31 **एक्स्ट्राज:** 9 **टोटल:** 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन **विकेट:** 1-6, 2-15, 3-44 **बोलिंग:** सौरभ नेत्रवलकर 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप सिंह 4-0-24-0, शैडली वैन शल्कविक 4-0-25-0, कोरी एंडरसन 3-0-17-0

# सिर्फ 34 गेंद में जीत दर्ज की ऑस्ट्रेलिया ने

■ **एजेंसियां, नॉर्थ साउंड (एंटीगा):** नामीबिया के खिलाफ एक नजदीकी जीत से भी ऑस्ट्रेलिया सुपर-8 में आसानी से जगह बना सकता था, लेकिन उसने इस मुकाबले के बहाने अपने कुछ निजी रेकॉर्ड को और बेहतर करते हुए अगले चरण में जगह बनाई। यह एकतरफा मुकाबला सिर्फ 136 गेंद का रहा। लेग स्पिनर एडम जांपा (4/12) की शानदार गेंदबाजी की मदद से उसने नामीबिया को 17 ओवर में 72 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने केवल 34 गेंद पर एक विकेट पर 74 रन बनाकर फटाफट जीत हासिल की। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा फास्टेस्ट चेज रहा। फास्टेस्ट चेज का रेकॉर्ड श्रीलंका के नाम है जिसने 2014 में नीदरलैंड्स के खिलाफ 30 गेंद में जीत हासिल कर ली थी। ओपनर ट्रेविस हेड 34 और कप्तान मिचेल मार्श 18 रन बनाकर नॉट आउट रहे। डेविड वॉर्नर ने आठ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार तीसरी जीत रही जिससे उसने एक मैच शेष रहते हुए ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया Vs नामीबिया

**ऑसी के खिलाफ लोएस्ट:** नामीबिया के पास ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। नामीबिया ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना न्यूनतम स्कोर बनाया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल में किसी टीम का यह लोएस्ट टोटल रहा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2008 में और पाकिस्तान को 2012 में 74 रन पर समेटा था।

**जांपा की सेंचुरी हुई पूरी:** ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बोलिंग का फैसला किया और पावरप्ले में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट निकाले। पावरप्ले में यह पहली बार था जब ऑस्ट्रेलिया ने किसी टी20 इंटरनैशनल में 20 से कम रन दिए थे। जांपा ने बीच के ओवरों में अपना कमाल दिखाया तथा चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट लिए। जांपा अपने इस प्रदर्शन के साथ ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए।




एडम जांपा

**100 विकेट** हो गए टी20 इंटरनैशनल में जांपा के नाम। इस मुकाम पर पहुंचने वाले वह पहले ऑस्ट्रेलियाई बोलर हैं

**34 गेंद** में हासिल की गई जीत ऑस्ट्रेलिया की टी20 इंटरनैशनल में सबसे तेज जीत है। इससे पहले उसने बांग्लादेश पर 38 गेंद में जीत दर्ज की थी

### ब्रीफ स्कोर

**नामीबिया:** 72/10 (गेरहार्ड इरास्मस 36, एडम जांपा 4/12, मार्कस स्टोइनिस 2/9)
**ऑस्ट्रेलिया:** 74/1 (ट्रेविस हेड 34*, डेविड वॉर्नर 20, डेविड वीज 1/15)

# नागल क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे

■ **एजेंसियां, पेरुजिया (इटली):** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पेरुजिया चैलेंजर के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय ने बुधवार को गैर वरीय स्थानीय खिलाड़ी एलेसेंड्रो जियानेसी को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले शानदार वापसी करते हुए 0-6, 7-5, 7-6 से हराया। उन्होंने पिछले सप्ताह जर्मनी में हेइलब्रॉन चैलेंजर जीतकर पैरिस ओलिंपिक्स में सिंगल्स वर्ग का टिकट पक्का किया था। नागल के सामने अंतिम आठ में पोलैंड के मैक्स कास्निकोवस्की और क्रोएशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त बोर्ना कोरिच के बीच होने वाले विजेता की चुनौती होगी।



FILE

सुमित नागल

### श्रीलंका-नेपाल मैच बारिश में धुला

लॉडरहिल: श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप-डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे साउथ अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई। इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर हैं।

# जॉनसन को पिच से नहीं शिकायत

■ **एजेंसियां, न्यूयॉर्क:** नासाउ काउंटी मैदान की पिच की कड़ी आलोचना की जा रही है, लेकिन कनाडा के ओपनर आरोन जॉनसन को इससे कोई शिकायत नहीं है। उनका मानना है कि इससे छोटी टीमों के लिए भी मुकाबला बराबरी का बन जाता है। जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को 44 गेंद पर 52 रन बनाए। जॉनसन ने मैच के बाद कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि यह सर्वश्रेष्ठ पिच है। यह मुश्किल पिच है लेकिन जब टी20 क्रिकेट की शुरुआत हुई थी तो 120 से लेकर 130 रन का स्कोर अच्छा माना जाता था। मेरा मानना है कि इस तरह की पिच भी होनी चाहिए। इससे मुकाबला बराबरी का हो जाता है और हमारे पास भी मौका होता है।'



FILE

आरोन जॉनसन

# आज न्यूजीलैंड को चाहिए हर हाल में जीत

■ **एजेंसियां, टरूबा:** न्यूजीलैंड को अगर टी20 वर्ल्ड कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वह ग्रुप-सी में सबसे निचले स्थान पर है। न्यूजीलैंड का वर्ल्ड कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वह पिछले तीन वनडे वर्ल्ड कप और तीन टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है, लेकिन इस बार उसके लिए चुनौती आसान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। ऐसे में केन विलियमसन की अगुआई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा।

न्यूजीलैंड Vs वेस्टइंडीज

New-Zealand



### संभावित प्लेइंग XI

**वेस्टइंडीज:** ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोस्टन चेस, रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी

**न्यूजीलैंड:** फिन एलेन, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), केन विलियमसन (कप्तान), डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, जेम्स नीशम, माइकल ब्रैसवेल, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्युसन, ट्रेंट बोल्ट

LIVE **टेलिकास्ट** सुबह 6 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी हॉटस्टार पर

**बांग्लादेश Vs नीदरलैंड्स** | टेलिकास्ट: रात 8:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स तथा डिज्नी हॉटस्टार पर

### बारिश बन सकती है इंग्लैंड के लिए विलेन

■ **नॉर्थ साउंड:** अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर-8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप-बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है। जोस बटलर की अगुआई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है।

LIVE **टेलिकास्ट:** रात 12:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी हॉटस्टार पर

# पेन चाहते हैं ऑस्ट्रेलियाई टीम करे 'हेरफेर'

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन चाहते हैं कि मिचेल मार्श और उनकी टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में 'हेरफेर' करे जिससे कि इंग्लैंड को टी20 वर्ल्ड कप से बाहर किया जा सके। इंग्लैंड एक मैच रद्द होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार के बाद मुश्किल स्थिति में है और उसकी सुपर-8 में जगह बनाने की राह आसान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर-8 में जगह बना चुका है। पेन ने 'एसईएन रेडियो' से कहा, 'बिल्कुल उन्हें ऐसा (रिजल्ट में हेरफेर) करना चाहिए और मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों में लोगों से इस बारे में बात की है। मैं पूरी तरह गंभीर हूं।' पेन ने कहा, 'यह सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि यह इंग्लैंड है। आप इन टूर्नामेंट्स में वर्ल्ड कप जीतने के इरादे से उतरते हैं। निश्चित रूप से बाद के दौर में कौन खतरा पैदा कर सकता है? वह इंग्लैंड है।'

**हेजलवुड ने बताया इंग्लैंड से खतरा:** हेजलवुड ने नार्थ साउंड में नामीबिया पर जीत के बाद कहा, 'हां, मुझे ऐसा लगता है। इस टूर्नामेंट में आप संभावित रूप से किसी चरण में फिर से इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते हैं। हमें टी20 क्रिकेट में उनके खिलाफ काफी संघर्ष करना पड़ा है इसलिए अगर हम उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर सकते हैं तो यह हमारे हित में होगा।'



टिम पेन

NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात

### अगर स्कॉटलैंड जीत गया तो!

**टिम पेन** के बयान के बाद सभी का ध्यान आगे की गणना पर है। खेल में कई बार ऐसे मौके आते हैं जब किन्हीं दो अन्य टीमों के मैच परिणाम पर किसी तीसरी टीम का भविष्य टिका होता है और कई बार परिणाम संभावनाओं के उलट बाहरी टीम के अनुकूल भी आए हैं। यदि यहां भी ऑस्ट्रेलियाई टीम स्कॉटलैंड से हार गई तो बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पर ऐसे में मैच जीतने का अतिरिक्त दबाव भी होगा। वैसे इंग्लैंड के लिए हालात अनुकूल नहीं हैं। उनका नेट रनरेट माइनस 1.80 है और वह स्कॉटलैंड (2.164) से पीछे हैं।

# भारत ने की विवादित गोल की जांच की मांग



कतर के हाशमी हुसैन मैदान से बाहर जा चुकी गेंद को अंदर ले कर आए और आयमेन ने गोल कर दिया

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बुधवार को कहा कि महासंघ ने दोहा में विश्व कप क्वॉलिफाइंग मैच में कतर को दिए गए विवादास्पद गोल की जांच की मांग की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस अन्याय का समाधान निकालने का आग्रह किया। एआईएफएफ प्रमुख ने कहा कि भारत ने गोल की विस्तृत जांच की मांग की है। मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान साउथ कोरिया के रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी, जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। चौबे ने एक बयान में कहा, 'जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, हालांकि कल रात भारत के खिलाफ किए गए दो गोल में से एक ने कुछ सवाल छोड़े हैं जिनका जवाब नहीं मिला है।' इस गोल ने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वॉलिफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया।

**कतर ने विवादास्पद गोल से दर्ज की थी 2-1 से जीत**

# पैरिस ओलिंपिक्स में साथ उतरेंगे नडाल-अलकाराज

■ **एजेंसियां, मेड्रिड:** राफेल नडाल और कार्लोस अलकाराज पैरिस ओलिंपिक्स में स्पेन के लिए डबल्स मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकाराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। अलकाराज का यह पहला ओलिंपिक्स होगा। उन्हें नडाल के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता है। अलकाराज ने स्पेन के लिए ओलिंपिक्स पदक जीतने को अपने करियर के शीर्ष लक्ष्यों में से एक निर्धारित किया है। उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह पैरिस ओलिंपिक्स में स्वर्ण पदक को प्राथमिकता देंगे।

**कार्लोस का यह पहला ओलिंपिक्स होगा वहीं राफेल का अंतिम**

# शार्दुल के पैर की हुई सर्जरी

■ **एजेंसियां, लंदन:** भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के पैर की बुधवार को सर्जरी हुई और संभावना है कि वह कम से कम तीन महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सर्जरी के बाद की तस्वीर साझा की जिसका शीर्षक था, 'ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ।' यह उनके पैर की दूसरी सर्जरी है। इससे पूर्व पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी। इस साल की शुरुआत में साउथ अफ्रीका दौरे के दौरान चोट फिर से उभर आई थी। हालांकि वह पिछले सत्र में रणजी ट्रोफी में शानदार वापसी करने में सफल रहे। शार्दुल बीसीसीआई के ग्रेड-सी कॉन्ट्रैक्ट प्लेयर हैं इसलिए उनके इलाज का खर्च बोर्ड ने उठाया।

Social Media



क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आपकी मनोदशा कुछ तनाव से ग्रस्त रहेगी। यदि आप किसी प्रेम प्यार के दायरे का खुलासा करते हैं, तो कहीं न कहीं से पारिवारिक वातावरण अधिक क्षुब्ध हो सकता है। यदि दाम्पत्य सहयोग से कोई बात छुपी रहेगी तो सांयकाल के बाद परिवार में भी कटुता व्याप्त हो सकती है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आप अपने सभी कामकाजी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहते हैं। संगी साथी आपको मदद देने के लिए तैयार तो हैं परन्तु उन पर पूरी तरह विश्वास कर लेना खतरे से खाली नहीं होगा। ऐसे में आपको थोड़ा समझदारी और संयम से काम लेना होगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
यदि आप अपने करियर में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं, तो अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। आज के दिन किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हमसफर से सलाह ले लें। निर्णय लेकर आगे बढ़ना है, तो फिर कुछ प्राप्त करने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज के दिन किसी नए प्रोजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित होगा। हो सकता है इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपोर्ट मिल जाए। अगर किसी की सहायता करेंगे तो आपको भी कुछ आर्थिक लाभ हो सकता है। किसी पुराने मित्र के साथ आपको कुछ समय बिताने का भी मौका मिलेगा। दिन आपका उत्तम रहने वाला है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
अगर सैर-सपाटे की योजना बन रही है, तो यात्रा आदि के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे। दोपहर के बाद भागदौड़ बढ़ जाएगी। उतावली के चक्कर में कोई भूल भी हो सकती है। ऐसे में आपको थोड़ा समझदारी से काम लें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
यदि आप किसी काम के लिए संकल्प लेंगे तो वह कार्य पूर्ण हो जाएगा। किसी का एडमिशन हो या फिर यात्रा आदि की व्यवस्था करना या फिर किसी जरूरी वस्तु की खरीद, आज के दिन इन सब कार्यों को एक-एक करके निपटाने से कुछ काम तो एकाएक ही बनते नज़र आएंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
तीर्थ यात्रा आदि का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों की खातिर के लिए कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन भी व्यवस्थित करने होंगे। घर के वरिष्ठ सदस्य से टकराव मोल लेना सही नहीं है। ऐसे में आपको हर बात को संयम के साथ समझने की जरूरत है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
अपने बिजनेस या जॉब प्रोस्पेक्टस को सुधारने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना आवश्यक होगा। आर्थिक क्षेत्र में अभी ज्यादा दबाव नहीं है। हल्की-फुल्की देनदारियां चुका देने के बावजूद सुरक्षित कोष में कमी नहीं आएगी। परिजनों की मांग पूरी करनी आवश्यक है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर-परिवार का वातावरण कुछ अवसादपूर्ण रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यही है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें। यदि आपके पास वाहन आदि नहीं भी हो तो सार्वजनिक वाहन का फायदा उठाया जा सकता है।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता खत्म होती जाएगी। आपके द्वारा किए गए उपाय या एक्सरसाइज योग आदि का अच्छा परिणाम मिलने लगेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा। वस्त्र आदि का लाभ हो सकता है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस के द्वारा पार्टी देने से और भी चहल-पहल बढ़ेगी। दिन आपका उत्तम रहने वाला है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आप कुछ मायूसी के मूड में रहेंगे। विपरीत हालातों से मन में व्यथा होगी। युवा वर्ग को दाम्पत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रहेगी। जीवन साथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे। आज के दिन बुजुर्गों का सहयोग कुछ हद तक माहौल को ठीक करने में सहायक होगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

शुक्र तथा चन्द्रमा आपके भाग्यांक के स्वामी, श्रेष्ठ प्रकाश पुंज सूर्य आपके बर्थडे नंबर का सहायक ग्रह है। ग्रह योग आपके व्यक्तित्व को आकर्षण प्रदान करता है। इस वर्ष के प्रारंभ में अर्थात जून महीने के शेष दिनों में आपके सभी प्रयास सहज ही सफलता लिए होंगे। यदि आप उच्चस्तर की राजकीय सेवा को प्रतियोगी के तौर पर प्राप्त करने में चेष्टाशील हैं तो निश्चित रूप से जुलाई से लेकर अगस्त मास के अंत तक आपको तैयार रहना होगा। सितंबर से लेकर अक्टूबर माह के आखिर तक कायक्षेत्र में कार्यभार बढ़ने से सुख आराम में कमी आएगी। नवंबर से लेकर दिसंबर माह के अंत तक आपको छोटी-मोटी लाभकारी यात्रा करनी पड़ सकती है। जनवरी और फरवरी 2025 माह के शेष दिनों तक जीवन चक्र सुख-शान्तिपूर्वक चलने लगेगा। महिलाओं के लिए यह वर्ष परिवार की समृद्धि के लिए या मनोवांछित व्यवसाय या आजीविका प्राप्त करने के लिए अच्छा है। मार्च से लेकर अप्रैल माह तक की बात करें तो पारिवारिक मंगलकार्यों में व्यस्त रहेंगे। मई के महीने में कार्यक्षेत्र का परिवर्तन या विस्तार संभव है। मई माह के मध्य में विद्यार्थीगण संतोषजनक सफलता प्राप्त करेंगे। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

## कल का पंचांग
(शुक्रवार, 14 जून 2024)

राष्ट्रीय मिति ज्येष्ठ 24, शक संवत 1946, ज्येष्ठ, शुक्ला, अष्टमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081। सौर आषाढ़ मास प्रविष्टे 01, जिल्हिजा 07, हिजरी 1445 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 14 जून सन 2024 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतु। राहुकाल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। अष्टमी तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 05 मिनट तक उपरांत नवमी तिथि का आरंभ। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र सूर्योदय से लेकर अगले दिन प्रातः 08 बजकर 14 मिनट तक उपरांत हस्त नक्षत्र का आरंभ। सिद्धि योग सायं 07 बजकर 07 मिनट तक उपरांत व्यतीपात योग का आरंभ। विष्टि करण पूर्वाह्न 10 बजकर 50 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चन्द्रमा पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट तक सिंह उपरांत कन्या राशि पर संचार करेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | | | 6 | 1 | | | 4 | |
| 2 | | | | 6 | | 4 | | |
| | 7 | 9 | 2 | | 3 | 8 | 6 | |
| | | 4 | | 8 | | | | 7 |
| | 1 | | | 3 | 9 | | | 6 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 8 | 1 | | | | | |

## TELEVISION




big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बंदबुध बुड़बक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मौहब्बत हैपी लकी
18:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चीख



कश्मीर में वार्षिक खीर भवानी मेले के लिए 5,000 से ज्यादा लोग कड़ी सुरक्षा के बीच नगरोटा से बुधवार को रवाना हुए। इनमें ज्यादातर कश्मीरी पंडित हैं। एक श्रद्धालु ने कहा, 'हम आतंकी हमलों से नहीं डरते। कब तक डरते रहेंगे।'

# NBT

टॉप कमांडर के मारे जाने के बाद हिज्बुल्लाह ने इस्राइल पर 160 से ज्यादा रॉकेट दागे। इनमें से कई को गिरा दिया गया। उत्तरी इस्राइल के कुछ इलाकों में आग भी लग गई। हिज्बुल्लाह ने कहा, हमले और बढ़ेंगे।





## फटाफट खबरें

### सरकार संग बातचीत को राज़ी हुए इमरान



■ **भाषा, इस्लामाबाद** : अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने बातचीत से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इमरान की पार्टी PTI को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए। संसद में बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाना चाहिए। इमरान अभी जेल में बंद हैं। PTI नेता गौहर अली खान ने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी।

### हैकिंग पर सिंगापुर में भारतीय को सज़ा

■ **भाषा, सिंगापुर** : सिंगापुर में अपने पूर्व एम्प्लॉयर का सर्वर सिस्टम हैक करने के आरोप में भारतीय मूल के एक नागरिक को 2 साल 6 महीने की सजा सुनाई गई। उस पर अपने एम्प्लॉयर के कंप्यूटर सिस्टम तक गैर-कानूनी पहुंच और 180 'वर्चुअल सर्वर' को डिलीट करने का आरोप है। कंदुला नागराजू (39) नौकरी से निकाले जाने के कारण परेशान था। बर्खास्त किए जाने के बाद उसे सिंगापुर में कोई दूसरी नौकरी नहीं मिली जिसके बाद वह भारत लौट आया।

### 53 साल पहले लापता विमान का मलबा मिला



■ **एपी, वर्मोन्ट** : अमेरिकी राज्य वर्मोन्ट में 53 साल पहले पांच लोगों को ले जा रहा एक विमान लापता हो गया था। अब इसका मलबा चैम्पलेन झील से बरामद किया गया है। यह कमर्शल विमान 27 जनवरी 1971 को उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद लापता हो गया था। इसमें एक कंपनी के तीन कर्मचारी और 2 क्रू मेंबर्स सवार थे। जूनिपर द्वीप के पास 60 मीटर पानी में मिले विमान के मलबे की सोनार तस्वीरें ली गईं।

### US: फूड कोर्ट में तीन लोगों को गोली मारी

■ **एपी, अटलांटा** : अमेरिका के अटलांटा शहर में एक फूड कोर्ट में मंगलवार को एक बंदूकधारी ने तीन लोगों को गोली मार दी। पुलिस के एक अधिकारी ने हमलावर को गोली मार दी, वह घायल है। शहर के मेयर आंद्रे डिकेंस ने कहा, 'अगर पुलिसकर्मी वहां नहीं होता तो हालात और भी बदतर हो सकते थे।' हमलावर की घायलों में से एक के साथ मामूली कहासुनी हुई थी।

### पाक में गधे बढ़कर 59 लाख हुए: रिपोर्ट

■ **भाषा, इस्लामाबाद** : पाकिस्तान में पशुधन पर पेश नए डेटा के मुताबिक, 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72% बढ़कर 59 लाख हो गई। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 जारी किया गया। ग्रामीण इलाकों में अर्थव्यवस्था इन जानवरों के साथ जुड़ी हुई है। ऊंटों की संख्या 12 लाख हो गई है। घोड़े-खच्चरों की संख्या में बदलाव नहीं हुआ।

# इमारत में 195 मज़दूर थे, ज़्यादातर मौतें दम घुटने से, मोदी ने मंत्री को कुवैत भेजा

■ **भाषा, दुबई**

**कुवैत में** श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में 49 लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि इनमें 42 भारतीय नागरिक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मामले पर बैठक की। मृतकों के परिजनों को PM राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जैसा कि पीएम मोदी ने निर्देश दिया है, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तुरंत कुवैत के लिए निकल रहे हैं।' उन्होंने बताया कि मंत्री इस आग त्रासदी में घायल हुए लोगों की मदद की निगरानी करने और मृतकों के शवों को जल्द वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करेंगे। कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्विका ने उन अस्पतालों का दौरा किया जहां घायल भारतीय भर्ती हैं। अरब टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस इमारत में 195 से ज्यादा मजदूर रहते हैं, जिनमें मुख्य रूप से केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारत के लोग शामिल हैं। इसे NBTC ग्रुप ने किराये पर लिया है। ज्यादातर मौतें धुएं की वजह से हुईं। जब आग लगी तो ज्यादातर लोग सो रहे थे। बड़ी संख्या में लोगों को इमारत से निकाला गया।

कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को इमारत के मालिक, चौकीदार और कंपनी के मालिक को जांच पूरी होने तक गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। घटनास्थल का दौरा करने के बाद मंत्री ने एक बयान में कहा, 'आज जो कुछ हुआ वह कंपनी और इमारत मालिकों के लालच का परिणाम है।' उन्होंने चेतावनी दी कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी प्रॉपर्टी को तुरंत खाली कर दिया जाएगा। हम श्रमिकों की भीड़भाड़ और उपेक्षा के मुद्दे को संबोधित करने के लिए काम करेंगे। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'हमारे राजदूत मौके पर गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हमारा दूतावास पूरी सहायता प्रदान करेगा।'



**49** से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं

**20** से 50 साल तक है मारे गए मजदूरों की संख्या। इनमें 42 भारतीय नागरिक बताए जा रहे हैं।

### कंपनी ने पूरी बिल्डिंग किराए पर ली थी

कन्स्ट्रक्शन ग्रुप NBTC ने 195 से ज्यादा श्रमिकों के रहने के लिए इमारत किराए पर ली थी। इनमें ज्यादातर भारतीय थे। तेल से समृद्ध कुवैत में बड़ी संख्या में विदेशी कर्मचारी हैं। इनमें से कई साउथ और साउथ ईस्ट एशिया से हैं। ये लोग ज्यादातर निर्माण या सेवा उद्योगों में काम करते हैं। जनरल फायर डिपार्टमेंट के एक सूत्र के मुताबिक, ग्राउंड फ्लोर पर आग लगने के बाद उठते धुएं से पीड़ितों का दम घुट गया। फरेंसिक टीमें घटनास्थल पर काम कर रही हैं। कुवैत नगर पालिका ने कई प्रमुख अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया।

### केरल और तमिलनाडु की सरकार हुई एक्टिव

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत में आग की घटना में केंद्र के दखल की मांग की। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में कथित तौर पर मारे गए 40 लोगों में से कुछ मलयाली भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केरल के कुछ लोगों की पहचान हो गई है। उधर, तमिलनाडु सरकार ने कहा कि पता लगाया जा रहा है कि आग लगने से मरने वालों में तमिल भी थे या नहीं। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने निर्देश दिया है कि अगर घायलों में तमिल भी शामिल हैं, तो जानकारी जुटाकर उन्हें जरूरी मेडिकल मदद दी जानी चाहिए।

### दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया

कुवैत में भारतीय दूतावास ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय श्रमिकों से जुड़ी दुखद आग दुर्घटना के संबंध में दूतावास ने एक इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे जानकारी के लिए इस हेल्पलाइन से जुड़ें +965-65505246। दूतावास हरसंभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है।'

> **जो कुछ हुआ वह कंपनी और इमारत मालिकों के लालच का परिणाम है। हम श्रमिकों की भीड़भाड़ और उपेक्षा के मुद्दे पर काम करेंगे।**
> *– शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह, कुवैत के गृह मंत्री*

### केरल के परिवार को डर, अनहोनी कहीं सच न हो

**पीटीआई, कोल्लम** : केरल के कोल्लम जिले का एक परिवार प्रार्थना कर रहा है कि उन्हें जो खबर मिली है काश वह सच न हो। परिवार का इकलौता कमाने वाला शमीर कुवैत में काम करता है। परिवार को शमीर के एक दोस्त से खबर मिली है कि आग लगने के हादसे में शमीर की मौत हो गई है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, 'अब तक, कंपनी या दूतावास से कोई आधिकारिक कम्युनिकेशन नहीं हुआ है। हमें आग में घायल हुए एक सहकर्मी के परिवार के जरिए घटना के बारे में पता चला।' घटना के मद्देनजर स्थानीय राजनीतिक नेता मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने नई दिल्ली और तिरुवनंतपुरम में अधिकारियों से संपर्क किया है और जानकारी मांगी है।

# यूक्रेन पर शांति वार्ता में हिस्सा लेगा भारत, कौन जाएगा, तय नहीं

Alpyu.Singh@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** यूक्रेन और रूस संघर्ष को लेकर स्विट्ज़रलैंड में 15-16 जून को हो रही शांति शिखर वार्ता में भारत हिस्सा लेगा। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत सम्मेलन में हिस्सा लेगा, लेकिन प्रतिनिधित्व के लिए बर्गेनस्टॉक के रिसॉर्ट शहर में कौन जाएगा, इस पर अभी कोई स्पष्टता नहीं है। चुनाव के नतीजे आने से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि भारत शांति वार्ता में हिस्सा लेगा। हालांकि, चीन ने सम्मेलन से यह कहकर दूरी बना ली है कि वह ऐसी किसी वार्ता का हिस्सा नहीं बनना चाहता जिसमें दोनों पक्ष शामिल ना हों। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कई बार भारत से इस सम्मेलन में हिस्सा लेने की अपील कर चुके हैं।

हालांकि, भारत ने अब तक पश्चिमी दबाव के बावजूद युद्धों को आज की दुनिया में अप्रासंगिक बताया है। यूक्रेन-रूस संघर्ष को लेकर एक राजनयिक संतुलन अब तक कायम रखा है। शांति वार्ता में शामिल होने को लेकर भारत पर एक अनकहा दबाव तो रहा है। इस बीच, रूस कई बार कह चुका है कि यूक्रेन की लड़ाई खत्म करने से जुड़ी चर्चा तभी सफल हो सकती है, जब उसके हितों का ख्याल रखा जाए।



रूस के हमलों में यूक्रेन में 8 की मौत।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### PM जाएंगे या नहीं, इस पर है संशय

**भारत की** ओर से यह साफ नहीं किया जा रहा है कि PM मोदी इस समिट में जाएंगे कि नहीं। अगर इस बैठक के लिए PM के अलावा किसी और को भेजा जाता है तो यह तय है कि इससे भारत दो मकसद साधना चाहता है। पहला, भारत यह संकेत देना चाहता है कि वह समिट में हिस्सा लेगा यानी जेलेंस्की की बात भी रख ली गई और उच्चतम नेतृत्व के ना जाने से रूस को लेकर उसकी विदेश नीति में भी कोई बदलाव नहीं आया है। ऐसे में विदेश नीति का संतुलन बरकरार रहेगा।



PARAS

# शपथ बाद मोदी की पहली विदेश यात्रा, G7 समिट में इटली जाएंगे

## इटली की PM मेलोनी संग द्विपक्षीय संबंधों पर होगी बातचीत

Alpyu.Singh@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को G7 समिट में हिस्सा लेने के लिए इटली रवाना होंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को कहा कि मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बुलावे पर समिट में शिरकत करने के लिए इटली के अपुलिया जा रहे हैं। यहां 14 जून को दुनिया की 7 विकसित अर्थव्यवस्थाएं अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए साथ बैठेंगी। 14 जून को प्रधानमंत्री आउटरीच सेशन में हिस्सा लेने के लिए बुलाए गए दूसरे देशों के साथ भाग लेंगे। इस सेशन में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, एनर्जी और अफ्रीका जैसे मुद्दे फोकस में रहेंगे। क्वात्रा ने कहा कि इटली ने इस बार अल्जीरिया, ब्राजील, अर्जेंटीना, इजिप्ट, केन्या, मॉरीटेनिया, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया, तुर्की, यूएई के अलावा UN जैसे कुछ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को भी बुलाया है। G7 में भारत लगातार भागीदारी से ग्लोबल चुनौतियों को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर करता रहा है। क्वात्रा ने बताया कि समिट में हिस्सा लेने से भारत को अपनी अध्यक्षता में हुए G20 सम्मेलन के परिणामों की समीक्षा करने का मौका मिलेगा। इस समिट में रूस-यूक्रेन संघर्ष और मिडिल ईस्ट में शांति समिट के अजेंडे के बड़े मुद्दे रहेंगे। रूस-यूक्रेन पर क्वात्रा ने कहा कि भारत हमेशा से ही मानता रहा है कि इस संघर्ष के समाधान को बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की एक घटना के बारे में उन्होंने कहा कि इटली के सामने मुद्दा उठाया है। उन्होंने कार्रवाई भी की है।

FILE



### द्विपक्षीय बैठकों का शेड्यूल भी तय होगा

G7 समिट से इतर इटली और भारत के पीएम के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी होगी। दूसरे देशों के नेताओं के साथ भी ऐसी बातचीत हो सकती है। द्विपक्षीय बातचीत पर अभी शेड्यूल तय नहीं हुआ है। PM मोदी और मेलोनी की पिछली मुलाकात दिसंबर 2023 में COP समिट के दौरान आबू धाबी में हुई थी। मेलोनी रायसीना डायलॉग में हिस्सा लेने के साथ ही G20 समिट में भी दिल्ली आई थीं। वह पिछले साल मार्च में अपने आधिकारिक दौरे पर भारत भी आई थीं। क्वात्रा ने कहा उनके भारत दौरे के वक्त ही दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक आयाम दिया गया था। इस पार्टनरशिप में डिफेंस, इंडो पैसिफिक और एनर्जी को फोकस बनाया गया था।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### G7 देशों के नेतृत्व में बदलाव पर नज़र

G7 समिट में कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों के भविष्य में पद पर कायम रहने को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन को नवंबर में चुनाव का सामना करना है। वहीं, ब्रिटेन के PM ऋषि सुनक को 4 जुलाई को वोटिंग का सामना करना है। ऐसा माना जा रहा है कि उनकी पार्टी सत्ता गंवा सकती है। हालांकि, सुनक कह रहे हैं कि पार्टी को जीत मिलेगी। फ्रांस में भी समय से पहले चुनावों का ऐलान हो गया है। ऐसे में जब कुछ अंतरराष्ट्रीय नेताओं के लिए ये आखिरी मीटिंग हो सकती है, तो PM मोदी और इन नेताओं की द्विपक्षीय बैठक पर नजरें बनी रहेंगी।

# टूरिस्ट वीज़ा पर गए थे, रूस की जंग में मारे गए

■ **भाषा, अमृतसर**

**पंजाब के** अमृतसर के रहने वाले तेजपाल सिंह की यूक्रेन की सरहद पर मौत हो गई। वह टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। तेजपाल के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जिसमें बेटी की उम्र 3 साल और बेटे की उम्र 6 साल है। तेजपाल की पत्नी परमिंदर कौर ने बताया, 'मेरे पति पिछले साल दिसंबर में नौकरी की तलाश में थाइलैंड गए थे। वहां कुछ दिन रहने के बाद वह और उनके दोस्त 12 जनवरी को रूस चले गए, जहां उन्हें सेना में भर्ती कर लिया गया। दो दिन पहले मेरे पति के एक मित्र ने फोन करके मुझे बताया कि यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में उनकी मृत्यु हो गई है।'

उन्होंने बताया कि टूरिस्ट वीजा पर रूस गए तेजपाल सिंह मार्च में मारे जा चुके थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी रहने के कारण उनकी मौत की जानकारी काफी बाद में सामने आई। सिंह का शव अभी तक नहीं मिला है। कौर ने कहा कि कोई नहीं जानता कि शव रूस में है या अभी भी यूक्रेन के कब्जे में है। उन्होंने कहा, 'हमने रूसी सेना और विदेश मंत्रालय को अंतिम संस्कार के लिए शव वापस लाने के लिए ईमेल भेजा।' विदेश मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास ने रक्षा मंत्रालय सहित रूसी अधिकारियों पर पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द वापस भेजने के लिए दबाव डाला है। भारत सरकार ने भी लोगों से रूस-यूक्रेन की यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए भारतीयों की संख्या 4 हो गई है।



अमृतसर से थे तेजपाल सिंह।

# नोबेल विजेता पर गबन के आरोप तय

■ **एपी, ढाका**

**बांग्लादेश में** एक अदालत ने 20 लाख डॉलर गबन मामले में नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किए। गरीब लोगों, खासकर महिलाओं की मदद करने के लिए छोटे लोन की शुरुआत करने के लिए युनूस को 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। 83 साल के यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल वह जमानत पर हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके साथियों को परेशान कर रहे हैं। अभियोजकों का आरोप है कि मोहम्मद यूनुस ने देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी ग्रामीणफोन के कार्यकर्ताओं के वेलफेयर फंड में घोटाला किया। यूनुस की गैर-लाभकारी कंपनी 'ग्रामीण टेलीकॉम' ग्रामीणफोन की 34.2% हिस्सेदार है। अगले महीने ट्रायल होगा।

AFP



मुहम्मद यूनुस पर ट्रायल अगले महीने।

केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम | Canara Bank A Government of India Undertaking | सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

**वसूली विभाग, अंचल कार्यालय**
**7वां तल, अंसल टॉवर, 38, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019**
**फोन: 011-26292604; 26419921**

**मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है क्या है" और जैसी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स सी1 इंडिया, श्री मिथलेश कुमार, श्री शिबू बाबू मोबाइल नं. 7080804466 / 9891628914 ईमेल: delhi@c1india.com, mithalesh.kumar@c1india.com, shibu.babu@c1india.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें।

आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत की ईएमडी राशि को डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी के पक्ष में या नीचे वर्णित खाता नं. में आरटीजीएस/एनईएफटी/फंड ट्रांस्फर के माध्यम से जमा कराई जानी चाहिए।

| क्र. सं. | शाखा का नाम | कर्जदार/गारंटर्स/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | खाता नं. और IFSC कोड | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्तियों का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पत्ति व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) करोल बाग शाखा | मैसर्स कॉस्मिक पावर प्रोजेक्ट्स एंड इंफ्रा प्रा. लि., प्रथम तल दुकान नं. 101 नाहरपुर रूपा, एनएच 48 गुरुग्राम, हरियाणा 12201<br>श्री रंजीत दुबे (गारंटर), 5/7 14 भूतल सेक्टर 5, आवास विकास कॉलोनी, वसुंधरा गाजियाबाद यूपी-201012<br>श्री आशीष निगानिया (गारंटर), पोस्ट बोहतास अहीर रेवारी, ग्राम बंगरवा बंगरवा बोहतास अहीर, रेवाडी, हरियाणा 123101<br>श्री अमित कुमार मिश्रा (गारंटर), एफ-12/3 अर्जुन मार्ग के विपरीत, डीएलएफ फेज 1 सिकंदरपुर, घोसी गुरुग्राम, हरियाणा 122002 | साम्यिक बंधक सम्पत्ति रिहायशी फ्री होल्ड जी+2 मंजिला इमारत, भूतल पर, प्लॉट नं. 5/74, जीएफ सेक्टर 5 वसुंधरा, गाजियाबाद, यू.पी. में स्थित, यह सम्पत्ति श्री रंजीत दुबे पुत्र श्री अवध नारायण दुबे के नाम पर है।<br>क्षेत्रफल- 93.05 वर्ग गज<br>सांकेतिक कब्जा | रु. 1,22,37,370.41 दिनांक 31.05.2024 तक और भविष्य का ब्याज एवं अन्य खर्चे इत्यादि सहित | a. 42,93,000/-<br>b. 4,29,300/-<br>c. 10,000/-<br>d. 11-06-2024 | A/C Name – SL OL RTGS NEFT PMT ENS ZERO, A/c No 209272434 IFSC कोड: CNRB0002365 | 29-06-2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे के बीच | 26.06.2024 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति के साथ प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच श्री परितोष कुमार (मुख्य प्रबंधक) – 8828328297 |
| 2 | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) करोल बाग शाखा | मैसर्स गुप्ता आयरन कंपनी (उधारकर्ता/पार्टनरशिप कंसर्न), 4962, हौज काजी, हौज काजी, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली – 110006<br>श्री राजीव गुप्ता (पार्टनर/गारंटर) पुत्र राधे श्याम गुप्ता, 227, पहली मंजिल, कल्याण विहार, डॉ. मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली – 110009<br>श्री वरुण गुप्ता, (पार्टनर/गारंटर), पुत्र राजीव गुप्ता, 227, पहली मंजिल, कल्याण विहार, मॉडल टाउन, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली – 110009<br>श्रीमती मोनिका (पार्टनर/गारंटर) पत्नी अजय कुमार गुप्ता, 130, पहली मंजिल, कल्याण विहार, डॉ. मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली – 110009 और 5/2754, गली चीरा खाना, नई सड़क, दिल्ली – 110006<br>श्री राधे श्याम गुप्ता (पार्टनर/गारंटर) पुत्र धरम चंद गुप्ता, मकान नं. – 130, पहली मंजिल, कल्याण विहार, डॉ. मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली – 110009 और: 2754, हरदयाल मार्ग, नई सड़क चीरा खाना, जी.पी.ओ. दिल्ली – 110006 एवं भूतल, फ्लैट नं. 106, पॉकेट- 04, सेक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली – 110086 | साम्यिक बंधक सम्पूर्ण भूतल पर, निर्मित फ्री होल्ड एक्सपेंडेबल फ्लैट नं. 106, पॉकेट-04 सेक्टर-21, क्षेत्रफल 28.0 वर्ग मी. रोहिणी रिहायशी स्कीम के लेआउट प्लान के अंतर्गत, रोहिणी दिल्ली में स्थित, भूमि के फ्रीहोल्ड अधिकारों के साथ, बिजली और पानी के कनेक्शन और फिक्स्चर और फिटिंग से सुसज्जित, मूल्यांकन के अनुसार चौहद्दी : पूरब में – प्रवेश, पश्चिम में – पार्क, उत्तर में – फ्लैट नं. 105, दक्षिण में – फ्लैट नं. 107<br>भौतिक कब्जा | रु. 69,92,855.86 दिनांक 31.05.2024 तक और भविष्य का ब्याज एवं अन्य खर्चे इत्यादि सहित | a. 16,20,000/-<br>b. 1,62,000/-<br>c. 10,000/-<br>d. 11-06-2024 | A/C Name – SL OL RTGS NEFT PMT ENS ZERO, A/c No 209272434 IFSC कोड: CNRB0002365 | 29-06-2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे के बीच | 26.06.2024 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति के साथ प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच श्री परितोष कुमार (मुख्य प्रबंधक) – 8828328297 |

इच्छुक बोलीदाता अन्य विवरण और संपत्तियों के निरीक्षण के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 11-06-2024, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## बेस हॉस्पिटल दिल्ली छावनी में रेजिमेंटल दुकानों का आबंटन

बेस हॉस्पिटल दिल्ली छावनी में 14 खाली रेजिमेंटल दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। 14 खाली रेजिमेंटल दुकानों में (कैफेटेरिया – 02, जनरल स्टोर - 02, मोबाइल/फोटोकॉपी, फूट वियर, चाय स्नैक्स, रोड कैरियर/कोरियर, सब्जी/फल, जूस, स्टेशनरी, बेकरी, गारमेन्ट्स/टॉयज, ड्राई क्लीनर) के लिए युद्ध विधवाओं/कार्य के दौरान दिवगंत रक्षा कर्मियों की विधवाएँ/विकलांग सैनिक/भूतपूर्व सैनिक और पत्नी/पूर्वसैनिक की विधवाएँ आवेदन कर सकते हैं। आवंटन महानिदेशालय LW&E/भूमि (पोलिसी एवं एएनसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। आवेदन पत्र बेस अस्पताल दिल्ली कैंट में 14 जून से 22 जून 2024 के बीच (रविवार और छुट्टी को छोड़कर) 1000 बजे से 1430 बजे तक प्रति आवेदन पत्र 2,000/- (दो हजार रुपये मात्र) के आवेदन शुल्क DD in favour of "**Regimental Fund Account, BHDC**" के भुगतान पर उपलब्ध होंगे। पूर्ण आवेदन पात्र जमा करने की अंतिम तिथि 01 जुलाई 2024 है।

## MSSIDC — MAHARASHTRA SMALL SCALE INDUSTRIES DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(A Government of Maharashtra Undertaking)
"Krupanidhi", 9 Walchand Hirachand Marg, Ballard Estate, Mumbai - 400001Tel : 022-22620624

### E-TENDER NOTICE

MSSIDC invites E-tenders to give the Marathi Maharashtra Emporium, 8/A,State Emporia Complex, Baba Kharaksing Marg, near Connaught Place, New Delhi with approx carpet area of 3600 Square Feet on 10 years long-term lease basis, subject to further renewal on mutual understandings. The tender document & schedule of tender activities are available on the Government of Maharashtra website https://mahatenders.gov.in from 12.6.2024 at 2.05 PM onwards till 03.07.2024 upto 3.00 PM. The last date for submission is 03.07.2024 upto 3.00 PM. Any amendments/corrigendum,if required, shall be published on the e-tender website only, and no intimation about the same will be given individually to the bidder. Any amendments/corrigendum, if required, shall be published on e-tender website only, and no intimation about the same will be given individually or Through Newspaper to the bidder. MSSIDC Ltd. reserves the right to accept/reject any or all tenders without assigning any reason. Date : 12.06.2024, Place : Mumbai **Authorized signatory**

## दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम लिमिटेड

Delhi Tourism
(दिल्ली सरकार का उपक्रम)
18- ए, डीडीए एससीओ कॉम्प्लेक्स, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली - 110024

### निम्नलिखित हेतु ई-निविदा आमंत्रण

1. कॉफी होम कनॉट प्लेस मे गर्म चाय, कॉफी, सूप, शीतल पेय एवं सॉफ्ट ड्रिंक्स वेंडिंग मशीनों की स्थापना। निविदा आइडी सं 2024_DTTDC_257567_1

विस्तृत नियम एवं शर्तों सहित निविदा दस्तावेज़ वेबसाइट **www.govtprocurement.delhi.govt.in** और DTTDC की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते है। संविदा **27 जून 2024** को **3:00** बजे अपराह्न तक ऑनलाइन जमा की जाएगी।

**उपप्रबन्धक (खानपान)**

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
### विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, बुलन्दशहर

अल्पकालीन ई-निविदा सं0-11/24-25/कार्यालय मुख्य अभियन्ता, बु.क्षे., बु.शहर एवं वि.वि.मं.द्वि.बु.शहर में प्रिंटर कार्टेज रिफिलिंग एवं विभिन्न प्रकार के पेपर उपलब्ध कराने का कार्य। ई-निविदा सं0-12/24-25/कार्यालय मुख्य अभियन्ता, बु.क्षे., बु.शहर एवं वि.वि.मं.द्वि.बु.शहर में लेजर प्रिंटर, स्कैनर, एन्टी वायरस सहित 01 वर्ष की अवधि हेतु रखरखाव का कार्य। निविदा सं0-11 एवं 12 की धरोहर राशि रु. 2,000.00 एवं निविदा शुल्क रु. 1,180/- (जीएसटी सहित)। ई-निविदा सं0-13/24-25/वि.वि.मं.द्वितीय, बु.शहर के अन्तर्गत 01 नं0 05 एमवीए क्षतिग्रस्त पावर परिवर्तक के स्थान पर नया पावर परिवर्तक स्थापित करने का कार्य। धरोहर राशि रु. 1,500.00 एवं निविदा शुल्क रु. 1,180/- (जीएसटी सहित)। ई-निविदा सं0-14/24-25/वि.वि.मं.द्वितीय, बु.शहर के अन्तर्गत 01 नं0 10 एमवीए क्षतिग्रस्त पावर परिवर्तक के स्थान पर नया पावर परिवर्तक स्थापित करने का कार्य। धरोहर राशि रु. 1,700.00 एवं निविदा शुल्क रु. 1,180/- (जीएसटी सहित)। निविदा जमा कराने की अन्तिम तिथि 28.06.2024 समय 11:00 बजे। प्रथम भाग उसी दिन सांय 15:00 बजे तक खोला जायेगा। टिप्पणी:- निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर पोर्टल **http://www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध करायी जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, बुलन्दशहर।**
**राष्ट्रहित में बिजली बचायें।** पत्रांक-1705/वि०वि०मं०द्वि०बु०शहर/विज्ञापन दिनाँक:-11.06.2024

## नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

एन एफ एल NFL A Navratna Company
(भारत सरकार का उपक्रम)
विजयपुर-473111, गुना (म.प्र.) Dist. Guna (MP)
(आइएसओ 9001,14001 & OHSAS 18001 इकाई)
Ph. No. 07544- 273050, 273691

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित सामग्री के लिए बोली पद्धति के तहत आनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा संख्या | वस्तुओं का विवरण | भाग 1 बोली खुलने का दिनांक |
|---|---|---|
| NFV/PUR/DST/230848/A GeM Bid No: GEM/2024/B/5000761 | 12 महीने की अवधि में क्रमबद्ध तरीके से 1800 एमटी सल्फ्यूरिक एसिड की आपूर्ति | 13.07.2024 |

निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाईट **http://www.nationalfertilizers.com/https://gem.gov.in** पर उपलब्ध है। सम्पर्कः **gauravgoel@nfl.co.in** कोई भी निविदा संशोधन/आशोधन केवल हमारी वेबसाईट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि हमारी वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करें। निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाईट से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। परन्तु बोली केवल GeM Portal पर ही दी जा सकती है। **उप-महाप्रबंधक (सामग्री)**

**"किसान जैविक उर्वरक- कम लागत अधिक फसल"**

## आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण

पुरानी विधानसभा भवन, जयपुर दूरभाष 0141-2600032
ई-मेल आई.डी.-adma.jaipur@gmail.com

**No-F-3 ( ) ADMA/ED ( W )/NIT ( 2024-25 )/D- 691** **Date:- 11.06.2024**

### NIT No-01/2024-25

उपरोक्त निविदा में वर्णित 02 कार्य ( राशि रू. 52.00 लाख) एवं ( राशि रू. 40.00 लाख) कुल लागत राशि रूपये 92.00 लाख हेतु द्विभागीय ई-निविदा, खुली बिड ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है जिनका विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है, जो देखी व पढ़ी जा सकती है।

**NIB NO. ADA2425A0001**
बिड यू.बी.एन. नम्बर :-
**1. ADA2425SLOB00001** **2. ADA2425SLOB00002**
राज.संवाद/सी/24/571 **कार्यकारी निदेशक (कार्य)**






## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### पीएसआई परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक**: TRD_NGP_टेंडर_24-25_06 दिनांक: 06.06.2024
**कार्य का नाम:** इतवारी-छिंदवाड़ा सेक्शन की पीएसआई परिसंपत्तियों का 24 महीने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,83,70,884.64,
**ईएमडी:** ₹ 2,91,900.00,
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि (ऑन-लाइन):** दिनांक **27.06.2024** के **15:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
**मंडल विद्युत अभियंता-क.वि., दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/10-34
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर


TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To advertise in Classifieds, please Call
Pankaj : 8130604727
For Change of name, Lost & Found ads
Scan QR Code




Finance Partners: TVS CREDIT, SHRIRAM Finance, L&T Financial Services, IDFC FIRST Bank, HDB Financial Services

<Ex-Showroom price Delhi of TVS Radeon BS VI ES MAG Variant. Prices are subject to change without prior notice. #Limited period offer. >Longest seat in its segment. +Reverse LCD cluster available only in Digi Drum & Digi Disc Editions. **Finance at the sole discretion of the financer. Downpayment calculated on On-road price of Delhi base variant. ^5 year warranty without any additional charges. T&C Apply For further details, please visit www.tvsmotor.com/tvs-radeon. Accessories shown on the bike may not be part of the standard fitment.

FOR ALL BULK/INSTITUTIONAL REQUIREMENTS PLEASE MAIL: corporate.customersupport@tvsmotor.com *EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी- 9821271880 खजूरी - 9821258420, सोनिया विहार- 9821260573 मंडोली एक्स.- 9821260735 शेरपुर चौक - 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क - 9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर- 8527320253 गीता कॉलोनी- 8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन- 9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 ओल्ड कोंडली - 7290091183/7290091184 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3 - 6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MCR TVS: सरस्वती विहार- 9821266109 मंगोलपुरी- 9821275868 रानीबाग- 9821274695 नरेला- 9821275636 किरारी- 9821274603 बवाना- 9821276084 कराला- 9821276104 Rajpoot TVS: आदर्श नगर- 9911119056 बुरारी- 9999536293 बख्तावरपुर- 9212546011 लिबासपुर- 9811012470 महेन्द्र एन्क्लेव- 9999856615 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार- 9821259748 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर- 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज- 9821261765 बदरपुर, जैतपुर- 9821263038 पुलप्रहलादपुर- 9821264982 शाहीन बाग- 9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर- 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर- 9821267931 छतरपुर- 9821268194 महिपालपुर- 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस - 011 41706608/9582890607 K K TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर - 9821271672 रोशनारा रोड- 9870326061 शहज़ादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग - 9821258099 MY TVS: दरियागंज - 6366448948 WEST DELHI: S K TVS: तिलक नगर - 9821269360 सुभाष नगर - 9821276304 नवादा - 9821276377 डाबरी मोड - 9821254451 आउटर रिंग रोड, विकासपुरी - 9821255645 Dynamic TVS: द्वारका- 9821271426 पालम- 9870327342 रामफल चौक- Sec-7 : 9870327413 उत्तम नगर:- 9870327453 K K TVS : नागलोई- 9821271618 नजफगढ- 9821257175 विकास नगर: रान्होला- 9821258480 टिकरी कलां - 9821259539 चंचल पार्क - 6366448946 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन- 9821259328 OM TVS, नीलम बाटा रोड, फरीदाबाद : 8928858523 Sohan TVS : फरीदाबाद - 8929592503 Uttam TVS : फरीदाबाद - 8929592504 Royal TVS : बल्लभगढ - 8929592575 Vardhman TVS : पलवल - 8929592514 Simran Auto : गुरुग्राम - 8928258523 Choudhary TVS : ओल्ड दिल्ली रोड- 8929592511 Barkat TVS : नूँह (मेवात)- 8929592505 BD TVS : बादशाह पुर - 8956257928*




T-CONNECT | Toyota Mobility Service Conversion | Fleet | Leasing | TOYOTA U TRUST Buy | Sell | Exchange - Used car | TOYOTA FINANCIAL SERVICES

*__DELHI:__ Crystal Toyota (Shahdara) Ph: 8447449459; Espirit Toyota (Mathura Road) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800-1035686; Galaxy Toyota (Moti Nagar) Ph: 011-41877777, 8448293658; Galaxy Toyota (Lajpat Nagar) Ph: 011-46577777, 9599788513; Galaxy Toyota (Shalimar Place) Ph: 011-40011111, 9599788514; Galaxy Toyota (Chattarpur) Ph: 011-66763666, 9870191014; Galaxy Toyota (Dwarka) Ph: 011-43477777, 7838193193; MGF Toyota (Raja Garden) Ph: 9711303021, 9810193712; Uttam Toyota (Patparganj) Ph: 9810907071; __Faridabad:__ Thirty Six Toyota (Main Mathura Road) Ph: 0129-4293636, 8800333636; __Gurugram:__ IJM Toyota (Boulevard II, Secto-47, Gurugram-Sohna Road) Ph: 9512295122, 9289670701; MGF Toyota (MGF Mega City Mall, M.G. Road) Ph: 9910067020, 9818899964, 7428534708; MGF Toyota (Global Foyer Mall, Golf Course Road, Sec-43) Ph: 0124-4596800, 9810922552, 9899907309; MGF Toyota (Sec-50) Ph: 0124-4415566, 8527565522, 9999798428; __Ghaziabad:__ Uttam Toyota (Meerut Road) Ph: 9810907071; __Gr. Noida:__ Espirit Toyota Ph: 7290095001, 9654999635, 1800-1035686; __Noida:__ Uttam Toyota (Sec-63) Ph: 9810907071; Espirit Toyota (Sec-8) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800-1035686; __Palwal:__ Thirty Six Toyota (Delhi-Mathura Road) Ph: 8199900186, 8199900187; __Rewari:__ Uttam Toyota (511, Near Sector-3, South City Bypass Road) Ph: 9810907071.*

dentsu/nbt del/06/24